WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025 शुक्ल पक्ष- नवमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 252 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सरगुजा की सरजमीं पर विष्णु का विकास मॉडल

जशपुर बनेगा स्पोर्टस हब और हायर एजुकेशन का नया सेंटर

हनीफ निजामी

जशपुर/नवप्रदेश। उड़ीसा और झारखंड की सीमाओं से जुड़े सरगुजा संभाग के जशपुर जिले को हमेशा से विकास की चकाचौंध से दूर किया जाता रहा है। लेकिन अब यह जिला विकास की नई इबारत लिख रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह जिले को विजन के साथ संवारने की दिशा में कई महत्वपूर्ण ऐलान किये हैं। सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही यहां शिक्षा की अलख जगाने की दिशा में सरकार ने कई योजनाएं शुरू की गई हैं। साय के मार्गदर्शन में जशपुर जिला निखर रहा है, संवर रहा है।

खास बात ये है कि अब जशपुर को राज्य के नए स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। साय सरकार ने यहां करोड़ों की लागत से नए स्टेडियम, तीरंदाजी सेंटर, फुटबाल ग्राउंड, इंडोर हाल निर्माण की मंजूरी दे दी है। इन योजनाओं के तहत निर्माण कार्य भी शुरू हो गए हैं। कुनकुरी में 63 करोड़ 84 लाख की लागत से इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण करने प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी के लिये 20 करोड़ 53 लाख रुपए मंजूर किये गये हैं।

इसी तरह बास्केट बाल कोर्ट निर्माण के लिये 3 करोड़ 50 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। आधुनिक इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम के लिये 2 करोड़ 83 ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

इलाके में आएगी खेल क्रांति, उच्च शिक्षा का केंद्र भी बनेगा

जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में ऑधुनिक ऑडिटोरियम

इसके अलावा कुनकुरी में ऑडिटोरियम भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। राज्य सरकार ने ऑडिटोरियम निर्माण के लिये करीब 6 करोड़ 67 लाख 63 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे पहले पत्थलगांव में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए और नगर पालिका जशपुर के वार्ड क्रमांक 16 में ऑडिटोरियम निर्माण के लिये 6 करोड़ 76 लाख 55 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। ऑडिटोरियम निर्माण होने से जनमानस को सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए व्यवस्थित मंच मिलेगा। नाटक, संगोष्ठी, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और सरकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा।

मेडिकल, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी और उद्यानिकी कॉलेज से आएगी शिक्षा क्रांति

विकास के लिहाज से अब तक उपेक्षित रहे जशपुर जिले में सीएम साय बनने के बाद सौगातों की झड़ी लगाते हुए कुनकुरी में मेडिकल कालेज खोलने का ऐलान किया। सीएम साय ने मुख्यमंत्री बनने के बाद कुनकुरी में 75 करोड़ की लागत से 220 बिस्तर की क्षमता वाले अत्याधुनिक अस्पताल निर्माण की स्वीकृति दी थी। इस कार्य के लिये 31 करोड़ रुपए जारी हो चुके हैं। अस्पताल भवन निर्माण के लिए कुनकुरी ब्लाक के चराईडांड़ में जमीन का चयन किया गया है। इसके अलावा कई आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। जशपुर में नर्सिंग कॉलेज खोलने की घोषणा हो चुकी है। इसके अलावा फिजियोथेरेपी एवं उद्यानिकी कॉलेज, 200 बिस्तरों का अत्याधुनिक अस्पताल और हर्राडांड (कुनकुरी) में प्रदेश का पांचवां पावर प्लांट स्थापित करने की योजना को मंजूर किया गया है। इसके अलावा 24 नए छात्रावास भवनों के निर्माण के लिए 41 करोड़ 59 लाख रुपए की मंजूरी भी दी गई है। अधिकांश कार्य प्रारंभ हो चुके हैं।

आज बेबाक

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन का चुनावी घोषणा पत्र जारी करते हुए तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि वे अपने प्रण को प्राण देकर भी पूरा करेंगे। घोषणा पत्र में हर परिवार से एक सदस्य को नौकरी, संविदा कर्मियों और जीविका दीदीयों को स्थाई करने सहित ढ़ेरों घोषणाएं की गई है। बस आसमान से चांद-तारे तोड़ कर लाने की ही कसर बाकी छोड़ी गई है। इसके लिए बिहार सरकार के वार्षिक बजट से ढ़ाई गुना बजट कहां से आएगा यह ऊपर वाला ही जाने। सच तो यह है कि न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी।

राज्य अलंकरण समारोह : पं. शुक्ल, महाराजा अग्रसेन और यतियतन लाल सम्मान, नामों की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य अलंकरण सम्मान समारोह में प्रदान किए जाने वाले पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान, महाराजा अग्रसेन सम्मान और यतियतन लाल सम्मान की घोषणा कर दी गई है। पुरस्कार प्रदान करने के लिए गठित जूरी ने सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में योगदान के लिए रियल ग्रुप के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान, सामाजिक समरसता के लिए राजेन्द्र अग्रवाल राजू, महाराजा अग्रसेन सम्मान और अहिंसा एवं गौरक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए कात्रेनगर, सोंठी, चाम्पा, जिला- जांजगीर-चाम्पा स्थित भारतीय कुष्ठ निवारक संघ का यतियतन लाल सम्मान के लिए चयन किया है।

मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में बोले पीएम मोदी

भारत के समुद्री क्षेत्र पर पूरी दुनिया को विश्वास

मुंबई(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (29 अक्तूबर) को मुंबई में इंडिया मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के इस कालखंड में भारत का समुद्री क्षेत्र बड़ी तेजी और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि देश के बंदरगाह अब विकासशील देशों में सबसे कुशल बंदरगाहों में गिने जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि साल 2025 भारत के मरीनटाइम सेक्टर के लिए बहुत अहम साल रहा है।

विकसित देशों के बंदरगाहों से भी बेहतर प्रदर्शनः मोदी

इंडिया मरीनटाइम वीक 2025 कार्यक्रम में उपलब्धियों को गिनाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही विझिंजम बंदरगाह पहला गहरे पानी का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र है, जिसका परिचालन शुरू हो गया है। वर्ष 2024-25 में भारत के प्रमुख बंदरगाहों में अधिकतम कार्गो हैंडलिंग की जा रही है, जो एक नया रिकॉर्ड बनाएगी। पहली बार किसी भारतीय बंदरगाह कांडला बंदरगाह में मेगावाट पैमाने पर हरित हाइड्रोजन सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि जेएनपीटी जो कि

भारत-मुंबई कंटेनर टर्मिनल है, उसकी हैंडलिंग क्षमता दोगुनी हो गई है और यह भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह बन गया है। इसकी क्षमता के विस्तार को बड़े एफडीआई निवेश ने इसे संभव बनाया है और मैं इसके लिए सिंगापुर के पेशेवरों को धन्यवाद देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत के बंदरगाह विकासशील देशों में सबसे कुशल बंदरगाहों में गिने जाते हैं। कई मायनों में वे विकसित देशों के बंदरगाहों से भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि साल 2024-25 में भारत के मेजर पोर्ट्स ने अब तक का सबसे अधिक कार्गो हैंडल करके भी नया रिकॉर्ड बनाया है। एक और बड़ा ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत को अगली औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करना चाहिए : सुमन बेरी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बुधवार को कहा कि अगली औद्योगिक क्रांति ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर और एडवांस मटेरियल जैसे उद्योगों से परिभाषित होगी और इस औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व भारत द्वारा किया जाना चाहिए। इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (आईएसआईडी) द्वारा आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में बेरी ने कहा कि औद्योगिक उत्थान को लेकर भारत को चीन का उदाहरण लेना चाहिए और अपने लिए एक अलग और खास मार्ग तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की औद्योगिक नीति के अगले चरण में समावेशन और अनुकूलनशीलता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत होगी। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

51 नक्सलियों ने डाले हथियार

■ सीएम साय ने कहा- पुनर्वास की रोशनी से मिट रहा भय का अंधकार

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र से बड़ी खबर आई है। राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 और 'नियद नेल्ला नार योजना के तहत नक्सली हिंसा की राह छोड़कर अब शांति और विकास की ओर लौटने का सिलसिला जारी है। बुधवार को बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के समक्ष कुल 51 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिन पर 66 लाख का इनाम घोषित था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर बस्तर में नक्सलवाद के घटते प्रभाव पर एक प्रेरणादायक संदेश साझा किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पोस्ट पर लिखा- राज्य सरकार की 'आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 और 'नियद नेल्ला नार योजना ने बस्तर अंचल में एक नई क्रांति की शुरुआत की है। इन नीतियों के परिणामस्वरूप माओवाद की हिंसक विचारधारा में लिप्त युवाओं में विश्वास जागा है और वे मुख्यधारा में लौटकर विकास ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

4708 शिक्षकों की भर्ती का आदेश जारी, सीएम साय ने की थी घोषणा

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। लंबे इंतजार के बाद राज्य सरकार ने शिक्षकों की नई भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने 4,708 शिक्षकों की भर्ती के लिए औपचारिक आदेश जारी कर दिया है। कुल 5,000 पदों में से यह भर्ती पहले चरण के अंतर्गत की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, वित्त विभाग से अनुमति मिलने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। विभाग के अवर सचिव ने इस संबंध में संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र जारी किया है।

सीजीपीएससी घोटाले के चार आरोपियों को सुको से जमानत

■ टामन सोनवानी के बेटे, भतीजे और गोयल के बेटे-बहू को मिली जमानत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग घोटाला केस में सुप्रीम कोर्ट ने 4 आरोपियों को जमानत दे दी है। रायपुर जेल में बंद पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के बेटे नितेश सोनवानी, भतीजे साहिल सोनवानी, कारोबारी श्रवण गोयल के बेटे शशांक गोयल और बहू भूमिका कटियार को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है।

चोरों आरोपी पिछले कुछ महीनों से न्यायिक हिरासत में थे। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए जमानत मंजूर की है। इन पर सीजीपीएससी परीक्षा घोटाले के चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगाए गए हैं। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो कर रही है।

30 सितंबर को सीबीआई ने पेश किया था 2000 पन्नों का पहला पूरक चालान : सीजीपीएससी घोटाला मामले में सीबीआई ने 30 सितंबर को स्पेशल कोर्ट में 2000 पन्नों का पहला पूरक चालान पेश किया था। इस चालान में घोटाले से जुड़े कई अहम खुलासे ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रपति ने राफेल लड़ाकू विमान में भरी उड़ान

अंबाला (वार्ता)। तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को यहां वायु सेना के अंबाला स्टेशन से अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल में उडान भरी। राष्ट्रपति मुर्मु इससे पहले सुखोई-30 लड़ाकू विमान में भी उडान भर चुकी हैं । राष्ट्रपति ने सात अप्रैल 2023 को वायु सेना के तेजपुर स्टेशन से सुखोई विमान में उडान भरी थी। इस तरह दो अलग-अलग लड़ाकू विमानों में उडान भरने वाली वह पहली महिला राष्ट्रपति हैं। लड़ाकू विमान में उडान भरने वाली राष्ट्रपति मुर्मु देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल और पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम भी सुखोई लड़ाकू विमान में उडान भर चुके हैं। इसे नारी सशक्तिकरण के बड़े प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रपति ने उडान भरने से पहले वहां मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर वायु सेना प्रमुख ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

कर्पूरी ठाकुर के संकल्पों को एनडीए सरकार पूरा करेगी : अमित शाह

समस्तीपुर (आईएएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के नेता अमित शाह बुधवार को एक बार फिर बिहार पहुंचे। उन्होंने समस्तीपुर के रोसड़ा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विधायक और मंत्री बनाने के लिए चुनाव नहीं है, बल्कि जंगलराज से मुक्ति के लिए चुनाव है। उन्होंने दावा करते ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

12 नवंबर तक जेल में रहेंगे चैतन्य बघेल

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की न्यायिक रिमांड को कोर्ट ने 12 नवंबर तक बढ़ा दिया है। आज रिमांड अवधि समाप्त होने पर चैतन्य को विशेष कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उन्हें दोबारा न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

चैतन्य को जन्मदिन के दिन किया था गिरफ्तारः ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन पर 18 जुलाई को भिलाई निवास से धन शोधन निवारण अधिनियम , 2002 के तहत गिरफ्तार किया था। शराब ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

आसाराम को बड़ी राहत

जोधपुर (वार्ता)। जोधपुर हाईकोर्ट से बड़ा अपडेट सामने आया है। आसाराम बापू को जोधपुर हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनके उपचार के लिए दायर की गई नियमित जमानत याचिका को मंजूर करते हुए उन्हें जमानत प्रदान कर दी है। यह राहत स्वास्थ्य कारणों के आधार पर दी गई है। मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता वाली डिवीजन ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

डीएमएफ घोटाला... ईओडब्ल्यू और एसीबी का 4 जिलों में छापा

रायपुर, दुर्ग, धमतरी और राजनादगांव में 12 ठिकानों पर दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर सहित 4 जिलों में ईओडब्ल्यू और एसीबी की छापे की कार्रवाई चल रही है। रेड की ये कार्रवाई रायपुर, दुर्ग, धमतरी और राजनांदगांव जिले में जारी है।

सूत्रों के मुताबिक रायपुर में रेड की कार्रवाई खनन कारोबारी के यहां चल रही है। रायपुर में पचपेड़ी नाका स्थित वॉल फोर्ट एंक्लेव जांच टीम से जुड़े अफसर दस्तावेजों को खंगालने के लिए पहुंचे हैं। धमतरी के साथ ही राजनांदगांव में भी ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम रेड के लिए पहुंची है। रायपुर में चल रही कार्रवाई में 10 गाड़ियों में जांच टीम के अधिकारी पहुंचे हैं।

ईओडब्ल्यू और एसीबी का 4 जिलों में ताबड़तोड़ छापा : रायपुर में रेड की कार्रवाई भारत माता चौक स्थित अग्रवाल ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

माइनिंग और डीएमएफ घोटाले से जुड़े मामलों में एक्शन

डीएमएफ घोटाला मामले में खनन कारोबारी के यहां से क्या कुछ दस्तावेज या फिर नगद बरामद हुए हैं इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है। दरअसल, एंटी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा ने मिलकर प्रदेश में कुल 12 स्थानों पर एक साथ ताबड़तोड़ छापे मारे हैं। रायपुर में पांच, दुर्ग में दो, राजनांदगांव में चार और कुरुद में एक जगह पर छापे मारे गए हैं। ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

दुर्ग में भी रेड

सूत्रों की मानें तो जिला खनिज फाउंडेशन घोटाले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने बुधवार को बड़ी छापेमार कार्रवाई की है टीम ने दुर्ग में माइनिंग से जुड़े कारोबारी के ठिकाने पर दबिश दी है। दुर्ग जिले में, विशेष रूप से मेघ गंगा ग्रुप के संचालक मनीष पारख के ठिकानों पर छापा मारा गया है।

राजनांदगांव में तीन जगहों पर छापा

ईडी ने राजनांदगांव में बड़े माइनिंग और सरकारी सप्लायर के घरों पर छापा मारा है। नाहटा, भंसाली और अग्रवाल के ठिकानों पर जांच चल रही है।

आंध्र प्रदेश: चक्रवात से 2.14 लाख एकड़ फसल बर्बाद

अमरावती (आईएएनएस)। सरकार के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, बुधवार तड़के आंध्र प्रदेश तट को पार करने वाले भीषण चक्रवात मोन्था से 18 लाख लोग प्रभावित हुए, 2.14 लाख एकड़ क्षेत्र में फसलें और सड़क एवं भवन विभाग की 2,294 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं। चक्रवात के कारण दो लोगों की जान चली गई, जबकि 42 मवेशी मारे गए। प्रभावित जिलों के 1,209 राहत शिविरों में कुल 1 लाख 16 हजार लोगों को आश्रय दिया गया।

अधिकारियों के अनुसार, चक्रवात ने राज्य के कुल 249 मंडलों, 1,434 गांवों और 48 नगरपालिकाओं के 18 लाख लोगों पर नकारात्मक असर डाला है।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को बताया कि 304 मंडलों के 1,825 गांवों की 2.14 लाख एकड़ फसल बर्बाद हो गई। 1.45 लाख एकड़ से अधिक भूमि पर धान, कपास, मक्का और बाजरा की फसलें जलमग्न हो गईं। भारी बारिश से कुल 78,796 किसान प्रभावित हुए। सड़क एवं भवन विभाग की 2,294 किलोमीटर लंबी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं।

लालू और नीतीश समस्याओं की जड़ : प्रशांत किशोर

लोगों से आग्रह किया

पटना/ए.। पूर्व चुनाव रणनीतिकार और जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार के मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को राज्य की समस्याओं की जड़ बताया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे इन नेताओं की पार्टियों को वोट न दें ताकि बिहार में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में प्रगति हो और सकारात्मक बदलाव आ सके।

मधेपुरा सीट पर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का दबदबा रहा है। पिछले तीन चुनावों से यह सीट आरजेडी के पास है। इस सीट से तीन बार विधायक चुने गए चंद्र शेखर एक विवादास्पद नेता रहे हैं। उन्होंने 2015 से 2017 तक आपदा प्रबंधन मंत्री और 2022 से 2024 तक गन्ना उद्योग मंत्री के रूप में कार्य किया है। साल 2023 में हिंदी दिवस के कार्यक्रम में राम चरित मानस पर उनकी टिप्पणियों ने राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी थी। उस समय आरजेडी के सहयोगी दल जेडीयू ने उनकी टिप्पणियों से दूरी बना ली थी, जबकि उनकी पार्टी ने इसे अपनी विचारधारा का प्रतिबिंब बताया था।

मधेपुरा में इस बार चंद्र शेखर यादव एक बार फिर आरजेडी के टिकट पर महागठबंधन के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरी ओर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने जेडीयू की ओर से कविता कुमारी साहा को मैदान में उतारा है। कविता कुमारी साहा अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) समुदाय से आती हैं और उन्होंने समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है।

जनता से अपील है राजद और जदयू को न दें वोट

प्रशांत किशोर ने बुधवार को मधेपुरा में कहा कि बिहार की सारी समस्याओं की जड़ पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। उन्होंने बिहार के लोगों से अपील की कि वे लालू यादव की राष्ट्रीय जनता दल और नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड को वोट न दें। प्रशांत किशोर ने कहा कि यदि लोग फिर से लालू या नीतीश को वोट देते हैं, तो उन्हें फिर से जानवरों की तरह ट्रेनों में यात्रा करनी पड़ेगी। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या वे बिहार में बनी फैक्ट्रियों में काम करना चाहते हैं या दूसरी जगहों पर।

रोजगार के साथ मिलेगा बेहतर भविष्य

प्रशांत किशोर ने जोर देकर कहा कि बिहार में जन सुराज की सरकार आनी चाहिए ताकि राज्य की स्थिति सुधर सके। इससे लोगों को रोजी-रोटी के लिए अपना राज्य छोड़कर दूसरी जगहों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अगर बिहार में हालात नहीं सुधरे, तो बिहार से बाहर काम कर रहे लोगों को चेन्नई, गुजरात, दिल्ली, मुंबई जैसी जगहों पर ही फैक्ट्रियों में काम करते रहना पड़ेगा। उन्होंने छठ पूजा पर बिहार में अपने घर आए लोगों से अपील की कि वे चुनाव खत्म होने तक बिहार में ही रहें और यहीं काम करें, अगर जन सुराज की सरकार बनती है तो उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में वोट सिर्फ शिक्षा, रोजगार और बदलाव के लिए ही डालना चाहिए।

मधेपुरा सीट पर कड़ा मुकाबला

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग में दस दिन से भी कम समय बचा है। मधेपुरा विधानसभा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण चुनावी मैदान है। यह क्षेत्र मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जो कभी लालू प्रसाद यादव और शरद यादव जैसे दिग्गज नेताओं का गढ़ रहा है। इस सीट का विधानसभा चुनाव में विशेष महत्व है।

तेजस्वी ने चुनावी अफसरों को धमकाया

बेईमानी का 'ब' भी दिमाग में मत लाना : तेजस्वी यादव

आगे तेजस्वी यादव कहते हैं कि 'जो वोट चोरी कराएगा उसे सजा मिलनी चाहिए या नहीं। इस बार जनता तैयार है न सजा देने के लिए! छोड़ा नहीं जाएगा। अभी भी मेरी सलाह है भ्रष्ट अधिकारियों, अमित शाह के चेलों-चमचों, बेईमानी की "ब" भी दिमाग में मत लाना... मत लाना।'

पटना/ए.। तेजस्वी यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में चुनाव कार्य में लगे अफसरों को धमकाते नजर आ रहे हैं। खुले मंच से तेजस्वी वोट चोरी करने वाले अफसरों, उनका नाम अमित शाह के साथ जोड़ कर धमकी दे रहे हैं। वीडियो हाल का ही है। इस वीडियो में मैरून रंग की RJD की लोगो लगी टीशर्ट में तेजस्वी नजर आ रहे हैं। वो खुले मंच पर भीड़ के बीच हैं। उनका संबोधन शुरू होता है। तेजस्वी यादव माइक लेकर स्टेज पर आते हैं और वहीं पर घूम-घूम कर कहते हैं कि 'जो अधिकारी अमित शाह से मिल कर के गड़बड़ करेगा, सरकार आने के बाद इतनी कड़ी सजा मिलेगी, कि कभी सोच नहीं सकते कि क्या सजा मिलेगी उनको। उसमें अगर कोई बेईमान, कोई भ्रष्ट अधिकारी चुनाव में बेईमानी करेगा तो उसे सजा मिलनी चाहिए या नहीं। जो लोकतंत्र पर कलंक बनेगा, उसे सजा मिलनी चाहिए या नहीं।'

तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं जो कहता हूं, करता हूं और लोग मेरे वादों पर भरोसा कर सकते हैं।

मेरी उम्र कच्ची जुबान पक्की

इसके अलावा सारण में तेजस्वी यादव ने एक चुनावी सभा में कहा कि 'मेरी उम्र कच्ची है, लेकिन जुबान पक्की है। मैं जो कहता हूं वो पूरा करता हूं, इस बात की गवाह बिहार की जनता है।' तेजस्वी यादव ने कहा कि मैंने 17 महीने में युवाओं को नौकरी देना का काम किया है। महागठबंधन की सरकार बनने के बाद भी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दो चरण में वोटिंग होगी। 14 तारीख को परिणाम आएगा। महागठबंधन की सरकार बनते ही 20 दिनों में एक कानून बनाया जाएगा कि बिना सरकारी नौकरी वाले परिवारों को मैं नौकरी दिलाने का काम करूंगा।

बिहार ने लालू का शासनकाल देखा है, तेजस्वी भी उनके कदम पर चलेंगे

बापे पूत पराते घोड़ा, कुछ नहीं तो थोड़ा-थोड़ा

पटना(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान अब जोर पकड़ चुका है। सत्ता और विपक्ष एक-दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। इस बीच, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि उनके पिताजी और माताजी के शासनकाल को बिहार की जनता देख चुकी है। तेजस्वी भी उन्हीं के कदम पर चलेंगे, यह बिहार की जनता जानती है। पटना में मीडिया से बातचीत में उन्होंने मगही की एक कहावत ÷बापे पूत पराते घोड़ा, कुछ नहीं तो थोड़ा-थोड़ा÷ की चर्चा करते हुए कहा कि उनके (तेजस्वी यादव) माता-पिता के जंगलराज और आतंकराज को बिहार देख चुका है। उस समय विकास का नामोनिशान नहीं था। हर तरीके से बिहार कांप रहा था। उन्होंने आगे कहा, ÷नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकार ने बिहार को सुधारा है। अब वे कलंक को धोने के लिए ढपोरशंखी बातें कर रहे हैं। दिखावटी घोषणा पत्र निकाल रहे हैं। बिहार की जनता का दिमाग इतना कच्चा नहीं है कि वे जंगलराज को भूल गए हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव के पिता जिस कदम पर चले थे, उसी कदम पर वे भी चलेंगे, यह बिहार की जनता जानती है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि महागठबंधन का घोषणा पत्र कागजी खानापूर्ति है। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उस सच्चाई तक जाने में इन्हें बहुत समय लगेगा। अभी कुछ नहीं हो सकता है। 'जननायक' को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर हैं। जो खुद को जननायक कह रहे हैं, वे कर्पूरी ठाकुर का अपमान कर रहे हैं। आम लोग जननायक की उपाधि देते हैं। खुद के कहने से यह नहीं होता है। उन्होंने कहा कि ये लोग कर्पूरी ठाकुर का ही नहीं, अति पिछड़ा समाज का अपमान कर रहे हैं।

मुजफ्फरपुर में राहुल गांधी ने लोगों को दी सियासी तंज

मोदी जी आप स्टेज पर आइए और डांस कीजिए

मुजफ्फरपुर/ए.। 'अगर आप कहोगे नरेंद्र मोदी जी आप ऐसा ड्रामा करो। वोट के लिए वो कर देंगे। जो भी करवाना है, करवा लो। आप उनसे कहो कि देखो भइया हम आपको वोट देंगे। आप स्टेज पर आकर नाच लो, वो नाच लेंगे। नाच लेंगे और आप कोशिश करके देखो। मोदी जी आप स्टेज पर आइए और डांस कीजिए। आपको वोट देंगे। देखिए वो नाच लेंगे। जो भी करवाना है, करवा लो।' उपरोक्त बयान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हैं। राहुल गांधी ने बुधवार को मुजफ्फरपुर के सकरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महागठबंधन का संकल्प बिहार को मौजूदा बदहाली से निकालकर आगे बढ़ाना है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री केवल वोट की राजनीति करते हैं, विकास की नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास नहीं, केवल वोट की राजनीति करते हैं। अवसर मिले तो मंच पर नाच भी सकते हैं, क्योंकि उन्हें जनता की समस्याओं से नहीं, सत्ता से मतलब है। इस बयान के साथ राहुल गांधी ने यह संकेत देने की कोशिश की कि प्रधानमंत्री का ध्यान गंभीर मुद्दों से भटककर केवल प्रचार और दिखावे पर केंद्रित है। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद बिहार की हालत बदतर है, खासकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में। राहुल गांधी ने दिल्ली की यमुना नदीं पर तंज कसते हुए कहा कि कोई यमुना नहीं है. वहां एक तालाब है। नरेंद्र मोदी अपने स्विमिंग पूल में नहाने गए थे। उनका यमुना से कोई लेना-देना नहीं है। उनका छठ पूजा से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें बस आपका वोट चाहिए। वे आपके वोट चुराने में लगे हैं। क्योंकि वे इस चुनावी बीमारी को खत्म करना चाहते हैं। मैं आपको बता रहा हूं, उन्होंने महाराष्ट्र में चुनाव चुराया, उन्होंने हरियाणा में चुनाव चुराया, और वे बिहार में भी पूरी कोशिश करेंगे। राहुल गांधी ने सवाल किया कि पिछले 20 वर्षों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सत्ता में हैं, "वे खुद को अति पिछड़ी जाति का नेता बताते हैं, लेकिन बिहार की हालत आज भी बेहद खराब है। यहाँ के मेहनतकश लोग दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और गुजरात को बना सकते हैं, यहाँ तक कि दुबई के विकास में भी उनका योगदान है, तो फिर वे अपना बिहार क्यों नहीं बना सकते?"

बिहार का लाल बचाएगा बिहार तेजस्वी

सभा को संबोधित करते हुए महागठबंधन के मुख्यमंत्री प्रत्याशी तेजस्वी यादव ने भी आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि अब बिहार को रिमोट से चलाने की कोशिश पूरी नहीं होने वाली। तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर दया जताते हुए कहा कि उन्हें दुख होता है क्योंकि निर्णय लेने वाले आदमी को अब मुखौटा बनाकर छोड़ दिया गया है। उन्होंने जनता से कहा कि वे इस वास्तविकता से बाकी (परिचित) हैं, इसलिए उनका समर्थन महागठबंधन को मिलेगा।

नीतीश के चेहरे का इस्तेमाल हो रहा है, रिमोट कंट्रोल भाजपा के हाथ में

उधर, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान का आग़ाज़ करते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे का इस्तेमाल हो रहा है, जबकि रिमोट कंट्रोल भाजपा के हाथ में है। उन्होंने बुधवार को मुजफ्फरपुर जिले के सकरा में अपनी पहली चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं। इस सभा में महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और इस गठबंधन के घटक दलों के कुछ नेता शामिल हुए। राहुल गांधी ने कहा, ''बिहार में 20 साल से नीतीश जी सरकार चला रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए उन्होंने क्या किया? क्या आप ऐसा प्रदेश चाहते हैं जहां आपको कुछ भी नहीं मिले और अदाणी जी को एक-दो रुपये में जमीन दे दी जाए?

भाजपा को हराना है तो सपा-कांग्रेस छोड़ बसपा से जुड़ें

- मायावती ने भाईचारा कमेटियों संग बैठक में की अपील

लखनऊ। बसपा वर्ष 2027 के विधान सभा चुनावों के लिए अपनी ताकत बढ़ाने को मुस्लिमों के बीच पकड़ बनाने की कोशिश तेज करेगी। समाज में यह संदेश दिया जाएगा कि भाजपा को केवल बसपा ही हरा सकती है।

मंगलवार को पार्टी के मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि मुस्लिम समाज को एकजुटता के साथ, सपा व कांग्रेस आदि पार्टियों के के बजाय सीधे बसपा को ही समर्थन जरूरी है, जिससे भाजपा की घातक राजनीति को चुनाव में हराया जा सके। क्योंकि पुराने चुनावों का अनुभव है कि मुस्लिम समाज के एकतरफा समर्थन व वोट देने के बावजूद सपा, भाजपा को हराने में नाकाम रही थी। उन्होंने भाईचारा कमेटियों के कोऑर्डिनेटर को समाज के बीच जाकर यह संदेश पहुंचाने और पार्टी की नीतियों का प्रचार करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को राज्य मुख्यालय में हुई बैठक में बसपा सुप्रीमो ने कहा कि प्रदेश के सभी 18 मंडलों में दो-सदस्यीय मुस्लिम भाईचारा संगठन का गठन किया गया है। ये दोनों मंडल स्तरीय कोआर्डिनेटर अपने मंडल में प्रत्येक विधानसभा वार मुस्लिम समाज के बीच छोटी-छोटी बैठकें करें और उन्हें बसपा में जोड़ने का कार्य करें। कैडर आधारित इन बैठकों में लोगों को बसपा के मिशन के बारे में बताने के साथ उनको पार्टी का सदस्य जरूर बनाया जाए। उनको चार बार की सरकार में किए कार्यों, उपलब्धियों की जानकारी दी जाए। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि बसपा ने पार्टी और सरकार के रूप में हमेशा मुस्लिम समाज के हितों के साथ हर स्तर पर भागीदारी और सुरक्षा सुनिश्चित की है। जातिवाद व सांप्रदायिकता को काफी हद तक खत्म किया। जबकि दूसरी पार्टियों के लोग मुस्लिम समाज को केवल वोट के स्वार्थ के लिये इस्तेमाल करते हैं और सरकार बनने पर भुला देते हैं।

बिहार को नई दिशा देने के लिए अब युवाओं को आगे आना होगा : सहनी

पटना। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने मंगलवार को प्रदेश के कई इलाकों में ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां कीं और महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में वोट देने की अपील की। मुजफ्फरपुर के सकरा में आयोजित सभा में सहनी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ मंच साझा किया। उन्होंने कहा ÷यह बदलाव का सही समय है। बिहार को नई दिशा देने के लिए अब युवाओं को आगे आना होगा। मुकेश सहनी ने नीतीश कुमार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा – बीते 20 सालों से चल रही खटारा सरकार को बिहार की भलाई के लिए बदलना जरूरी है। मुख्यमंत्री अब कुर्सी की लालच में बिहार को भूल गए हैं। राज्य के युवा आज भी शिक्षा और रोजगार के लिए बाहर जाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद इस दर्द को महसूस किया है और अब उनका लक्ष्य बिहार के युवाओं को इस मझधार से बाहर निकालना है।

जो पशुओं का चारा खा जाए, वह मनुष्य का हक भी डकार जाता है

भोजपुर(आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बिहार के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी राकेश रंजन ओझा के पक्ष में रैली की। मुख्यमंत्री योगी ने स्थानीय भाषा में संवाद की शुरुआत की और मतदाताओं से कमल खिलाने की अपील की। यहां उन्होंने विपक्षी दलों (राजद, कांग्रेस) को खूब धोया। सीएम ने कहा कि इंद्रदेव के आशीर्वाद से यह तय हो गया है कि फिर से एनडीए सरकार बिहार में बनेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस व राजद को निशाने पर रखा। बोले कि इन लोगों ने विकास कार्यों को पूरा नहीं किया, क्योंकि जो पशुओं का चारा खा जाए, वह मनुष्य का हक भी डकार जाता है। आज मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के भाव के साथ हर नौजवान, गरीब, किसान, माता-बहन को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। मोदी जी के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से उबरकर स्वावलंबन के पथ पर आगे बढ़े हैं। अब बिहार से पलायन नहीं होता, बल्कि यहां से निकले इंजीनियर बिहार को प्रगति पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं।

यहां के नौजवानों में ईश्वर प्रदत्त बुद्धि

सीएम योगी ने बिहार की युवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा, "यहां के नौजवानों में ईश्वर प्रदत्त बुद्धि है। थोड़ा सा प्लेटफॉर्म मिले तो बिहार का नौजवान दुनिया को अपनी बुद्धि से आकर्षित रखने का सामर्थ्य रखता है। देश में जहां भी बिहार के युवाओं ने कार्य किया, अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।"

बिहार की जनता को जंगलराज से छुटकारा दिलाना है

मोतिहारी(आईएएनएस)। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को जदयू और राजद पर जमकर निशाना साधा। ओवैसी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि अब वक्त बदलाव का है। उन्होंने कहा कि बिहार में 15 साल राजद की सरकार रही, पहला जंगलराज था। अब 20 साल नीतीश की सरकार है और यह दूसरा जंगलराज चल रहा है। दोनों जंगलराज से बिहार को छुटकारा दिलाना है। अगर जनता ने जंगलराज खत्म करने का इरादा कर लिया, तो बिहार तरक्की की ऊंचाई तक पहुंच जाएगा। तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने कहा कि तेजस्वी के साथ आने वाले लोग मुझे निशाना बना रहे हैं। राजद के मुस्लिम नेताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि तीन प्रतिशत वाले उपमुख्यमंत्री का चेहरा बन रहे हैं तो राजद के दरबार में क्या कर रहे हो? उन्होंने कहा कि वे तेजस्वी यादव के दरबार में कव्वाली की बजाय दूसरा कोई काम नहीं कर सकते।

'बिहार चुनाव में 32 फीसदी उम्मीदवार दागी',राजद टॉप पर तो जदयू सबसे पीछे

लगभग सभी पार्टियों का एक सा हाल 40 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति

पटना/ए.। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में साफ छवि और लॉ एंड ऑर्डर वाली सरकार देने वाली हर पार्टियों के लिए एक नई रिपोर्ट आई है। ये रिपोर्ट इनके दावों पर ही सवाल उठा रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार बिहार में 32 फीसदी उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। ऐसे लोगों को टिकट देने में राजद सबसे ऊपर है। पढ़िए ये रिपोर्ट

बिहार चुनाव में हर तीसरा कैंडिडेट दागी

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए कुल एक हजार तीन सौ चौदह (1,314) उम्मीदवार मैदान में हैं। ADR और बिहार इलेक्शन वॉच ने इन सभी के एफिडेविट निकाले और उनकी पड़ताल की। इन्हें पता चला कि इसमें से 423 कैंडिडेट ने अपने ऊपर दर्ज हुए क्रिमिनल केस का ब्यौरा दिया है।

जबकि उम्मीदवारों के हलफनामे के अनुसार ही 1,314 में से 354 कैंडिडेट्स पर तो गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से 33 ने हत्या, 86 उम्मीदवारों ने हत्या की कोशिश, 42 ने महिला अपराध और 2 ने खुद पर दुष्कर्म के आरोपों की जानकारी दी है।

इस रिपोर्ट में ये जानकारी भी दी गई है। 1303 में से 519 उम्मीदवार करोड़पति हैं। आंकड़ों के हिसाब से ऐसे कैंडिडेट की तादाद 40 परसेंट है। 519 उम्मीदवार 5वीं से 12वीं तक ही पढ़े हैं। 651 कैंडिडेट्स ग्रेजुएशन या इससे ऊपर की पढ़ाई कर चुके हैं।

बिहार में 32 फीसदी उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस

बिहार चुनाव 2025 से पहले, ADR यानी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और बिहार इलेक्शन वॉच ने एक बड़ी रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट के अनुसार बिहार में चुनाव लड़ रहे हर तीसरे कैंडिडेट पर क्रिमिनल केस हैं। ये रिपोर्ट उम्मीदवारों के चुनाव आयोग में दिए एफिडेविट के आधार पर बनाई गई है। इसमें कई ऐसी बातें सामने आई हैं, जिसे जान कर आप भी चौंक जाएंगे।

पार्टी के अनुसार आंकड़े

CPI ML के 14 में 13 (93%)
CPI के 3 में 3 (100%)
राजद के 70 में से 53 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस (76%)
बीजेपी के 48 में से 31 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले (65%)
कांग्रेस के 23 में से 15 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस वाले (65 फीसदी)
कांग्रेस के 23 में 15 उम्मीदवार दागी (65%)
लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 में 7 (54%)
जनसुराज पार्टी के 114 में 50 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस (44%)
जदयू के 57 में 22 उम्मीदवारों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज (39%)
बिहार से बाहर जनाधार वाली पार्टियां भी पीछे नहीं
बीएसपी के 89 में 18 (20%)
आम आदमी पार्टी के 44 में 12 उम्मीदवार दागी (27%)

■ न्यूज गैलरी

पंजाब नैशनल बैंक कार्यालय में जागरूकता सप्ताह का आयोजन

रायपुर/ नवप्रदेश। पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय भोपाल द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर, श्री धीरेंद्र कुमार झा, मंडल प्रमुख, मंडल कार्यालय भोपाल की अध्यक्षता में किया गया।श्री धीरेंद्र कुमार झा, मंडल प्रमुख ने सभी स्टाफसदस्यों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। रक्तदान शिविर में लगभग 75 स्टाफसदस्यों ने रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम ने विशेष सहयोग प्रदान किया। पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय भोपाल द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यों का आयोजन करने में सदैव अग्रसर रहता है। कार्यक्रम के अंत में उप मंडल प्रमुख, मनीष सिंहद्वारा इस सफल आयोजन के लिए रेड क्रॉससोसायटी की पूरी टीम एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

संत ज्ञानेश्वर विद्यालय की शिक्षिकाओं की प्रस्तुतियां होंगी आकर्षण का केंद्र

रायपुर/ नवप्रदेश। देवउठनी एकादशी- तुलसी विवाह की व्यस्तताओं के कारण असमंजस में फंसी महिला सभासदों के विशेष आग्रह पर महाराष्ट्र मंडल का छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह अब मंगलवार, चार नवंबर को होगा। मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल के अनुसार बड़ी संख्या में महिलाएं मंडल के राज्योत्सव समारोह में शामिल होने के लिए इच्छुक होने के बावजूद नहीं आ रहीं थीं। आपसी सलाह- मशविरे में बाद तय की गई नई तारीख चार नंबर है। मंडल के लॉन एरिया के खुले रंगमंच पर मंगलवार को शाम छह बजे पूरी तरह छत्तीसगढ़ी में होने वाला यह आयोजन उसी उत्साह व जोश के साथ होगा।गीता दलाल के मुताबिक इस बार छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं वर्षगांठ होने कारण इस बार का यह रजत जयंती समारोह अधिक भव्य और मनोरंजक होगा। महाराष्ट्र मंडल के विभिन्न प्रकल्पों, समितियों और महिला केंद्रों में इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। गीता ने बताया कि संत ज्ञानेश्वर विद्यालय (एसडीवी) की शिक्षिकाओं की दो नृत्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप में मिला अंतिम अवसर

रायपुर/ नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल में 12 से 14 दिसंबर को होने वाले 9वें नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ियों के लिए यह अंतिम अवसर है। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की ओर से एक नवंबर, शनिवार और दो नवंबर रविवार को संत ज्ञानेश्वर स्कूल में ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद नेशनल स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। प्रदेश के इच्छुक युवा खिलाड़ियों के लिए स्पर्धा में भाग लेने के यह अंतिम अवसर है। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि अभी हुए एक सप्ताह के ट्रेनिंग कैंप में 14 लड़के और पांच लड़कियां शामिल हुई थीं। दो नवंबर के बाद चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चयनित खिलाड़ियों को स्पर्धा में रवानगी के पहले तक हर शनिवार और रविवार को ट्रेनिंग दी जाएगी। खिलाड़ियों को एसोसिएशन के सचिव और कोच ओपी कटारिया, संत ज्ञानेश्वर स्कूल की खेल शिक्षिका ज्योति साहू ट्रेनिंग दे रहीं हैं।

राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने किया राशन दुकानों का निरीक्षण

■ **पूरक पोषण आहार एवं मध्यान्ह भोजन प्रदाय योजना से संबंधित अधिकारियों की ली बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। 29 अक्टूबर 2025 को श्री संदीप शर्मा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग द्वारा आयोग के दल सहित रेड क्रॉस सोसाइटी भवन कलेक्टर परिसर में पीडीएस मध्यान भोजन योजना और पूरक पोषण आहार योजना तथा ट्राइबल विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावासों हेतु खाद्यान पर आधारित योजनाओं की समीक्षा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ की गई । समीक्षा बैठक में जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में प्रत्येक माह निर्धारित समय पर राशन सामग्री के भंडारण एव वितरण के निर्देश दिए गए । सभी दुकानों में विभागीय कॉल सेंटर नंबर खाद्यान्न के सैंपल प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए गए । शासकीय विद्यालयों में विभाग द्वारा निर्धारित पात्रता अनुसार माध्यन भोजन प्रदाय करने एव शिकायत / सुझाव हेतु विभागीय कॉल सेंटर नंबर प्रदर्शित करने की निर्देश दिए गए ।

बैठक के पूर्व आयोग के दल द्वारा जिले में संचालित चार उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमे एक दुकान ठा प्यारे लाल वार्ड आईडी नम्बर 441001332 बंद पाई गई, आसपास के लोगो ने बताया कि दुकान खुलती ही नही, एक अन्य दुकान जिसका आईडी 441001143 वार्ड 39 माँ कंकालिन महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित में भी 228 क्विंटल चाँवल कम मिला निरीक्षण में उचीत मूल्य दुकान सेरीखेड़ी, में संचालित दुकान जिसका आईडी 442001044 में चावल के स्टॉक में 950 क्विंटल की कमी पाये जाने पर एवं जोरा की दुकान आइडी 442001026 में 250 हितग्राहियों से पॉस मशीन में अंगूठा लगा कर राशन कार्ड रख लिया गया था दुकान में लगभाग 80 क्विंटल स्टॉक कमी पाई गई दुकान संचालको के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए । उचित मूल्य दुकान सेरीखेड़ी में माह ऑक्टूबर का खाद्यान लगभग 150 हितग्राहियो को किया जाना शेष पाया गया, जिन्हें तत्काल खाद्य प्रदाय के निर्देश अध्यक्ष राज्य खाद्य आयोग द्वारा दिया गया। आगनबाड़ी जोरा में निरीक्षण के दौरान कुल दर्ज 23 बच्चों में से कोई भी उपस्थित नहीं पाया गया।

बाबा ने समाज में एकता, शिक्षा और जागरूकता का दिया संदेश

बाबा कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज को समर्पित किया अपना जीवन : साय

रायपुर/ नवप्रदेश। जनजातीय समाज के महान शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं राष्ट्रनायक बाबा कार्तिक उरांव की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर आज अंबिकापुर में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने बाबा कार्तिक उरांव जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा कार्तिक उरांव समाज के गौरव हैं। उन्होंने विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद अपनी धर्म, संस्कृति और सभ्यता को कभी नहीं छोड़ा। उन्होंने पुरखों के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए उच्चतम शिक्षा अर्जित की और समाज को दिशा दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव का यह कथन- जितना ज्यादा पढ़ेंगे, उतना ही समाज को गढ़ेंगे- आज भी हमें प्रेरित करता है। उन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक एकता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज के सर्वांगीण विकास का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगर निगम कार्यालय के समीप बनने वाले बाबा कार्तिक उरांव चौक का भूमि पूजन किया तथा मूर्ति एवं चौक निर्माण के लिए 40.79 लाख की राशि की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह चौक बाबा कार्तिक उरांव के आदर्शों, विचारों और योगदान की स्मृति को सहेजने का प्रतीक बनेगा।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने समाज के उत्थान और विकास के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। हमें उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज की संस्कृति, सभ्यता, परंपरा और रीति-रिवाजों को सम्मान देते हुए समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने सदैव समाज में एकता, शिक्षा और जागरूकता का संदेश दिया। आज यह आवश्यक है कि हम उनके आदर्शों और बताए मार्ग पर चलकर समाज को संगठित करें और एकता के सूत्र में बांधें, जिससे जनजातीय समाज सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनकर देश के विकास में अपनी भागीदारी निभा सके। इस अवसर पर सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

पैरा स्विमिंग चौम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते 14 पदक

■ **कलेक्टर गोपाल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर बधाई दी**

रायपुर/ नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय पैरा स्विमिंग चौम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक (7 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य) जीतकर जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन किया है। कलेक्टरगोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय में इन 6 विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर बधाई दी। यह प्रतियोगिता बिलासपुर जिले में आयोजित की गई थी, जिसमें राज्य के 17 जिलों के पैरा तैराकों ने भाग लिया। कबीरधाम के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से न केवल सभी का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि अपने संघर्ष, आत्मविश्वास और खेल भावना से यह सिद्ध कर दिया कि इच्छाशक्ति के सामने कोई बाधा बड़ी नहीं होती।

कलेक्टर श्री वर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के इन युवा खिलाड़ियों ने अपने परिश्रम और संकल्प से यह साबित किया है कि प्रतिभा अवसर की मोहताज नहीं होती। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांग खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन जिले के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

खैरागढ़-छुईखदान गंडई की अभिनव स्वास्थ्य पहल

वनांचल तक पहुंचेगी विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवा - आदि आरोग्य रथ

रायपुर/ नवप्रदेश। नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सशक्त बनाने एवं स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आदि आरोग्य रथ वाहन सेवा का शुभारंभ विगत दिवस किया गया। इस अभिनव पहल का शुभारंभ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी (जिला शाखा) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्मन ताम्रकार तथा उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने ÷आदि आरोग्य रथ÷ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सभापति गण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि पीएम जनमन क्षेत्र के वनवासी समुदायों एवं जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य रूप से सशक्त बनाने की दिशा में यह एक विशेष पहल है। इस सेवा से जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों के लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि आदि आरोग्य रथ वाहन सेवा के तहत सप्ताह में तीन दिवस सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को दूरस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मेकाहारा के साथ ही प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में जांच निःशुल्क होना चाहिए

रायपुर/ नवप्रदेश। कांग्रेस के विरोध के बाद मेकाहारा में सिटी स्कैन और एमआरआई के निःशुल्क जांच की घोषणा को अपर्याप्त बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि विगत 1 महिने से जांच और इलाज बंद रखने के बाद अब स्वास्थ्य मंत्री को सुध आयी है। अभी केवल घोषणा तक सिमित है, अभी तक निःशुल्क जांच की सुविधा शुरू नहीं हुआ है। सभी बेसिक जांच एक्सरे, सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एमआरआई, खून पेशाब परीक्षण सहित सभी तरह की आवश्यक जांच केवल मेकाहारा ही नहीं प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल और सरकारी अस्पतालो में निःशुल्क जांच होना चाहिये।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार के तुगलकी फरमान से ऐसा लगता है स्वास्थ्य विभाग के पास केवल एक ही मेडिकल कॉलेज है, क्या छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों से सभी मरीजों को निःशुल्क सिटी स्कैन की सुविधा के लिए राजधानी रायपुर में ही आना पड़ेगा? यह सुविधा सभी आयुष्मान कार्ड धारकों को, सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों और सरकारी अस्पतालों में संचालित सी टी स्कैन में भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जा सकती है, इससे मरीज को इलाज में सुविधा होगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार की कमीशनखोरी के कारण आयुष्मान कार्ड से जांच का पैकेज निजी लैब से महंगे है।

अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल के आपत्तिजनक बयान को लेकर विरोध तेज हो गया है। बुधवार को सिंधी समाज के लोग बड़ी संख्या सिविल लाइन थाना पहुंचे और जल्द गिरफ्तारी की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बघेल द्वारा की गई टिप्पणी से न केवल धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि समाज की आस्था और श्रद्धा को भी ठेस पहुंची है। इस दौरान महेश दरयानी, ललित जेसिंघ, बलराम आहूजा, श्याम चावला, सुनील कुकरेजा, सागर दुलानी, तेजकुमार बजाज, धनेश मटलानी, रितेश वाधवानी, जतिन नचरानी, नितिन कृष्णानी, मोनू आहूजा, राजा जेठानी और बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित थे। इससे पहले मंगलवार को अमित बघेल द्वारा महाराजा अग्रसेन, भगवान झूलेलाल और राष्ट्रनायकों के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर प्रदेशभर में अग्रवाल समाज में भी भारी आक्रोश देखा गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस परेड समारोह में 31 को शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री शर्मा

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा 31 अक्टूबर को राष्ट्र निर्माता एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस परेड समारोह का आयोजन माना स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के 4थीं वाहिनी में किया जा रहा है। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा शामिल होंगे। समारोह सायं 4:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर गृहमंत्री श्री शर्मा मार्च पास्ट का अवलोकन करने के साथ परेड की सलामी लेंगे तथा सभी को एकता दिवस की शपथ भी दिलाएंगे।

कोंडागांव जिले में हेलमेट बैंक की नई शुरूआत

■ **जिनके पास हेलमेट नहीं उन्हें सफर के लिए मिलेगी सुविधा**

रायपुर/ नवप्रदेश। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और विधायक सुश्री लता उसेंडी और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के साझा प्रयासों से कोंडागांव जिले में जिला प्रशासन द्वारा 'जिंदगी का सफर सुरक्षित रखें, हेलमेट जरूर पहने' की थीम पर 'हेलमेट बैंक' पहल की शुरूआत की गई है। इस पहल के तहत आज ग्राम पंचायत मसौरा में हेलमेट बैंक का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया है। कलेक्टर ने शुभारंभ कार्यक्रम में नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हेलमेट पहनना अपनी दिनचर्या की आदतों में शामिल करें। उन्होंने कहा कि घर का कोई भी सदस्य जब दोपहिया वाहन से बाहर निकले, तो परिजन उन्हें हेलमेट अवश्य पहनने की सलाह दें और बिना हेलमेट के घर से बाहर न जाने दें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के प्रति छोटी सी सतर्कता बड़ी दुर्घटनाओं से बचा सकती है, इसलिए हर नागरिक को यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं और दूसरों की सुरक्षा ध्यान अवश्य रखना चाहिए।

इस पहल के तहत प्रथम चरण में नेशनल हाईवे 30 में स्थित ऐसे पांच ग्राम पंचायत चयन किया गया है, जहाँ विगत कुछ सालों में सब से अधिक सड़क दुर्घटना हुआ है। इस अभियान के तहत उक्त चयनित ग्राम पंचायत में ही हेलमेट रखा जायेगा। अगर किसी व्यक्ति के पास हेलमेट नहीं है तो ग्राम पंचायत से हेलमेट लेकर वो यात्रा कर सकेंगे। उसके बाद उसे वापस ग्राम पंचायत में जमा करेगा ताकी बाकी लोग भी इसका प्रयोग कर सकें।

श्रीरामलला दर्शन योजना : श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के लिए किया रवाना

■ **पुष्पाहार से स्वागत कर यात्रा के लिए दी गई शुभकामनाएं**

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने के लिए श्रीरामलला दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत मुंगेली जिले के 64 तीर्थयात्री अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में इन सभी तीर्थयात्रियों को दो बसों के माध्यम से बिलासपुर रेल्वे स्टेशन तक भेजा गया। वहां से सभी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे।

इस अवसर पर तीर्थयात्रियों का पुष्पाहार से स्वागत कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य पवन पांडेय, रघुराज सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि राजा घृतलहरे, सन्नी भार्गव, लोकनाथ सिंह एवं जिला व जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इस योजना के तहत तीर्थयात्रियों को अयोध्या में रामलला का दर्शन कराया जाता है। सभी तीर्थयात्रियों को रास्ते में खाने-पीने, अयोध्या में ठहरने और दर्शन के बाद वापस घर तक निःशुल्क पहुंचाया जाता है।

सुविचार

सही दिशा और सही समय का ज्ञान न हो तो दृष्टि दोष के कारण ऊगता हुआ सूरज भी डूबता हुआ दिखता है। - अज्ञात

बांग्लादेश की भारत को गिदड़भभकी

बांग्लादेश के एक सैन्य अधिकारी ने भारत को चेतावनी दी है कि भारत बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना बंद करे। अन्यथा बांग्लादेश भारत को सबक सिखाने पर विवश हो जाएगा। भारत ने अभी तक तो बांग्लादेश के अंदरूनी मामलों में दखलअंदाजी नहीं की है लेकिन यदि बांग्लादेश के नेता और सेना के अधिकारी इस तरह के भड़काऊ बयान देंगे तो भारत को बांग्लादेश के खिलाफ भी आपरेशन सिंदूर जैसी कार्यवाही करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। दरअसल जब से बांग्लादेश में शेख हसीना की चुनी हुई सरकार का तख्तापलट हुआ है और उन्होंने बांग्लादेश छोड़कर भारत में शरण ले रखी है तभी बांग्लादेश में रहने वाले हिन्दु अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। बांग्लादेश के कार्यवाहक मोहम्मद युनूस भारत विरोधी गतिविधियों को भी अंजाम दे रहे हैं। पहले तो उन्होंने चीन के साथ संबंध मजबूत किये ताकि बांग्लादेश से सटे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति फैलाई जा सके। किन्तु अब चीन के संबंध भारत के साथ फिलहाल सुधर गये हैं इसलिए चीन ने अपने हाथ पीछे खींच लिये हैं। नतीजतन बांग्लादेश ने पाकिस्तान से हाथ मिलाकर भारत विरोधी अभियान को तेज करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के कुख्यात आतंकवादी और मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद का भाई इन दिनों बांग्लादेश में आया हुआ है। यह आतंकवादी बांग्लादेश और भारत की सीमा पर वहां के सैन्य अधिकारियों के साथ घूमता देखा गया है। ऐसा समझा जा रहा है कि हाफिज सईद अब बांग्लादेश में अपने आतंकी संगठन को खड़ा करके वहां से भारत के खिलाफ आतंकी कार्यवाही करने की योजना बना रहा है। यही नहीं बल्कि भारत विरोधी बयान देने वाले जाकिर नाइक को भी बांग्लादेश में आमंत्रित किया गया है जो वहां एक माह तक रहेगा। जाहिर है वह भी बांग्लादेश में जहर ही उगलेगा। ऐसी स्थिति में बांग्लादेश के एक सैन्य अफसर द्वारा भारत पर हमला करने की दी गई गिदड़भभकी से स्पष्ट है कि बांग्लादेश पाकिस्तान और अमेरिका की सह पर भारत में गड़बडी फैलाने की कोशिश कर सकता है। किन्तु वह यह बात भूल गया है कि भारत ने आतंक का पर्याय बन चुके पाकिस्तान की क्या गत बनाई है। बांग्लादेश भी पाकिस्तान की तरह ही आज दाने दाने को मोहताज हो गया है। ऐसे में यदि उसने भारत को छेड़ने की हिमाकत की तो भारत उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा।

महागठबंधन का चुनावी घोषणा पत्र

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तेजस्वी यादव ने महागठबंधन का बीस सूत्रीय चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिसे उन्होंने बिहार का तेजस्वी प्रण नाम दिया है। इस तरह तेजस्वी यादव ने यह साबित कर दिया है कि यह घोषणा पत्र उनका है। पता नहीं उन्होंने महागठबंधन की ओर से जारी किये गये इस घोषणा पत्र में शामिल वादों पर कांग्रेस सहित महागठबंधन के अन्य दलों से राय मसवरा किया भी है या नहीं। इस चुनावी घोषणा पत्र में तेजस्वी यादव ने आसमानी घोषणाओं की बारिश कर दी है। इनमें ज्यादातर वे ही घोषणाएं शामिल है जिसके बारे में तेजस्वी यादव किस्तों में एलान करते रहे हैं। जैसे की बिहार में उनकी सरकार बनने पर बीस दिनों के भीतर एक अधिनियम पारित करके बीस महीने के अंदर बिहार के ऐसे हर परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का प्रण दोहराया है जिनमें कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में नहीं है। गौरतलब है कि बिहार में अभी सिर्फ बीस लाख सरकारी कर्मचारी है। जबकि वहां ऐसे ढ़ाई करोड़ से ज्यादा परिवार हैं जिनमें किसी के पास सरकारी नौकरी नहीं है। ऐसे ढ़ाई करोड़ लोगों को पता नहीं कौन सी सरकारी नौकरी देंगे और उनसे क्या काम लेंगे। यदि यह भी मान लिया जाये की उन्हें घर बैठे सरकारी कर्मचारी का दर्जा दे देंगे तो भी सवाल यह उठता है कि इन ढाई करोड़ सरकारी कर्मचारियों के लिए वे वेतन कहां से लाएंगे। बिहार सरकार का वार्षिक बजट तीन लाख करोड़ रूपये का है जबकि ढाई करोड़ सरकारी कर्मचारियों को न्यूनतम तीस हजार रूपये मासिक वेतन देने पर ही छह लाख करोड़ का ही खर्च आएगा। यह रकम वे कहां से जुटाएंगे इस बारे में उन्होंने कोई खुलासा नहीं किया है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ किसी भी परिस्थिति में बस मुस्कुराने की कला सीख लो, जीवन आनंद से परिपूर्ण हो जाएगा।

❖ प्रेम में त्याग की भावना होनी चाहिए।

❖ क्रोध से अत्यंत मूढ़ भाव उत्पन्न हो जाता है, मूढ़ भाव से स्मर्शत में भ्रम हो जाता है, स्मति में भ्रम हो जाने से बुद्धि अर्थात् ज्ञान शक्ति का नाश हो जाता है और ज्ञान शक्ति अथवा बुद्धि का नाश हो जाने से पुरुष अपनी सहज सुख राशि की स्थिति से गिरकर दुखों में पड़ जाता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1766 न्यूयॉर्क में सेंट पॉल के चैपल को पवित्रा किया गया। 1768 उत्तर अमेरिकी कॉलोनियों में पहली मेथोडिस्ट चर्च की शुरुआत हुई। 1772 कप्तान जेम्स कुक जहाज संकल्प के साथ कैपटाउन आये। 1863सत्रह वर्षीय डेनिश राजकुमार विल्हेम ग्रीस के राजा, एथेम्बिक जॉर्ज द्व के साथ एथेंस पहुंचे। 1888 मैटाबेलेलैंड के राजा लोबेंगुला ने ब्रिटिश साउथ अफ्रीका कंपनी के निर्माण की स्थापना करते हुए सेसिल रोड्स के रूड कंसेशन टॉगेंट्स को मंजूरी दे दी। 1905 तुर्की पेशेवर स्पोर्ट्स सोसायटी क्लब, गलटासरे इस्तांबुल में स्थापित किया गया। 1910 अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस संस्था के संस्थापक हेनरी डुनेन्ट का निधन हुआ। 1925 पहली बार लंदन में टेलिविजन ट्रांसमिशन हुआ। 1975 स्पेन में किंग जुआन कारलोस ने सत्ता संभाली। 2009 नासा ने खुलासा किया है कि एक आंशिक पैराशूट विफलता के कारण बुधवार को अपनी परीक्षण उड़ान के बाद अटलांटिक महासागर में छींटे एरेस-एक्स परीक्षण बूस्टर को नुकसान पहुंचा।

अब 12 राज्यों में एसआईआर की कवायद

संतोष कुमार भार्गव

आधार पर स्थिति स्पष्ट करते हुए, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, जहां तक आधार कार्ड का संबंध है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आधार का उपयोग आधार अधिनियम के अनुसार किया जाना है। आधार अधिनियम की धारा 9 कहती है कि आधार निवास या नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा। विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों-तमिलनाडु और बंगाल-में खासकर इस अभियान का धुर विरोध किया जा रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 67 आईएएस समेत कुल 527 अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस 2 नवंबर को कोलकाता में, एसआईआर के विरोध में, बड़ी रैली करने जा रही है। द्रमुक और तृणमूल ने इस कवायद को वैध मतदाताओं का संवैधानिक अधिकार छीन लेने की साजिश करार दिया है। यह लोकतांत्रिक सोच नहीं है, क्योंकि 1951 से 2004 तक 8 बार एसआईआर कराया गया था। यह 9वां अभियान है। पलायन, दो जगह नाम, मौत, अवैध मतदाताओं से सूचियों में अशुद्धि आना स्वाभाविक है। दरअसल कोई पात्र और वैध मतदाता सूची में शामिल होने से न रह जाए और अवैध, अपात्र मतदाता सूची से बाहर किया जाना चाहिए, एसआईआर का बुनियादी मकसद यही है।

चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्यक्रम घोषित किया है। अंतिम एसआईआर 2002-04 में किया गया था। लंबे 21 सालों के बाद यह अभियान छेड़ा गया है, जाहिर है कि मतदाताओं की संख्या, छंटनी, पात्रता आदि में व्यापक परिवर्तन आए होंगे! एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ से अधिक मतदाता शामिल होंगे।

यह कवायद अंतिम सूची के साथ 7 फरवरी, 2026 को समाप्त होगी। भारत का संविधान अनुच्छेद 324 और 326 में चुनाव आयोग को विशेषाधिकार देता है कि वह निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र चुनाव कराए और समय-समय पर मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण करता रहे। एसआईआर का दूसरा चरण उप्र से शुरू होगा, क्योंकि 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला यह देश का सबसे बड़ा राज्य है।

एसआईआर का मतलब है स्पेशल इंटेंसिव रिविजन। इन 12 राज्यों में उत्तर प्रदेश, बंगाल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, राजस्थान शामिल हैं। मुख्य बात ये है कि चुनाव आयोग ने इन मतदाता सूची के लिए वर्ष 2003-04 को आधार बनाने की बात की है। आखिर इसका मतलब क्या है। इससे क्या होगा। क्या इसका असर ताज़ातरीन मतदाता सूची पर पड़ेगा। एसअआई का मतलब है कि मतदाता सूची पूरी जांच परख के बाद फिर से तैयार की जाएगी। घरकृघर जाकर मतदाताओं की जानकारी ली जाएगी। इसके जरिए नए मतदाताओं को जोड़ा जाएगा। जिनका निधन हो गया या जिनका नाम पात्रता में सही नहीं पाया गया, उन्हें हटाकर नई मतदाता सूची तैयार की जाएगी। यानि इसे मतदाता सूची में गहन संशोधन कहा जा सकता है।

भारतीय चुनाव आयोग का कहना है कि इस एसआईआर के लिए वर्ष 2003-04 को आधार वर्ष मानकर ही नई मतदाता सूचियां तैयार की जाएंगी। तो हम ये जानेंगे कि चुनाव आयोग ने 2003-04 को इस एसआईआर के लिए आधार वर्ष माना है।

चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धिकरण का काम 21 साल पहले 2002-04 में हुआ था। उन्होंने कहा कि इतने सालों में वोटर लिस्ट में कई बदलाव जरूरी हो जाते हैं। लोगों का पलायन होता है। इससे एक से ज्यादा जगह वोटर लिस्ट में नाम रहता है। निधन के बाद भी कई लोगों को नाम

लिस्ट में रह जाता है। यही कारण है कि वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण जरूरी होता है। बिहार में इसी के मद्देनजर पहला चरण पूरा किया गया। फाइनल मतदाता सूची प्रकाशित करने के बाद अगर किसी को कोई शिकायत रहती है तो वह पहले डीएम को अपील कर सकता है और उसके बाद सीईओ को दे सकते है।

भारत के संविधान में अनुच्छेद 324 से 329 तक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों का पूरा ढांचा प्रस्तुत किया गया है। अनुच्छेद 324 'एक स्वतंत्र और स्वायत्त चुनाव आयोग की नियुक्ति' की व्यवस्था करता है। वहीं अनुच्छेद 325 के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को केवल धर्म, नस्ल, जाति या लिंग के आधार पर मतदाता सूची से बाहर नहीं रखा जा सकता। अनुच्छेद 326 सभी नागरिकों को, बिना किसी भेदभाव के, चुनाव में मतदान का अधिकार देता है। इसके तहत, कोई भी व्यक्ति, जिसकी उम्र मतदान की तारीख तक 18 वर्ष या उससे अधिक हो, और जिसे संविधान या किसी कानून के तहत अयोग्य घोषित नहीं किया गया हो, मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकता है।

उप्र में अप्रैल-मई, 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, लेकिन आयोग की प्राथमिकता पर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल राज्य और संघ शासित क्षेत्र होंगे, जहां 2026 में चुनाव होने हैं। असम में भी 2026 में चुनाव होंगे, लेकिन उसे फिलहाल एसआईआर से अलग रखा गया है। असम के संदर्भ में अजीब विरोधाभास सामने आया है कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा एसआईआर के पक्षधर हैं, लेकिन चुनाव आयोग असम में नागरिकता की स्थिति भिन्न मानता है। आयोग की दलील है चूंकि सर्वोच्च अदालत की देखरेख में असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) पर अदालत का फैसला अभी आना है, लिहाजा असम पर बाद में एसआईआर का आदेश जारी किया जाएगा। हकीकत यह है कि असम में एनआरसी के तहत जिन 19 लाख से अधिक लोगों की गणना की गई थी, उसमें 7 लाख से ज्यादा ही मुसलमान पाए गए।शेष 12 लाख से ज्यादा गैर-मुस्लिम थे। एनआरसी की यह कवायद 2019 में ही पूरी हो चुकी है, लेकिन सर्वोच्च अदालत का फैसला शेष है। इसी तरह शीर्ष अदालत के आदेशानुसार महाराष्ट्र में 31 जनवरी, 2026 तक स्थानीय निकाय (बीएमसी) के चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फढ़णवीस एसआईआर के पक्ष में हैं और उसे 'डॉक्टरिन' के तौर पर पेश कराना चाहते हैं, लेकिन चुनाव आयोग तैयार नहीं है। केरल में भी स्थानीय निकाय के चुनावों की चर्चा जारी है, लेकिन अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में एसआईआर को टाल दिया है, लेकिन केरल में यह अभियान चलाया जाएगा। बेशक एसआईआर चुनाव आयोग का विशेषाधिकार है और बिहार के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने एसआईआर पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। अलबत्ता शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप से 'आधार कार्ड' को मान्य दस्तावेज स्वीकार करना पड़ा। विरोधाभास यह भी है कि चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार में दावों, अपील या आपत्ति का 'शून्य' आवेदन भी उसे नहीं मिला, लिहाजा वह बिहार में अपने प्रयोग पर संतुष्ट है, लेकिन विपक्षी दल और चुनावी पंडितों की एक जमात बार-बार, लगातार पूछ रही है कि आयोग ने कितने घुसपैठिए पकड़े और उन्हें मताधिकार का अपात्र घोषित किया? चुनाव आयोग इन सवालों पर निरुत्तर रहा है, लेकिन उसके सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जिला चुनाव अधिकारियों ने ऐसी शिकायतें गृह मंत्रालय को भेज दी हैं। विदेशी अवैध प्रवासी या घुसपैठिए कितने हैं, उन पर क्या कार्रवाई की जाएगी, यह गृह मंत्रालय ही तय करेगा। यह उसी का विशेषाधिकार है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए, चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर से संबंधित अपने 9 सितंबर के आदेश के अनुसार, आधार को 12 दस्तावेजों की सूची में शामिल कर लिया है।

भारत की एकता के पीछे लौह इच्छाशक्ति

वह दृष्टि जिसने राष्ट्र का निर्माण किया, सरदार पटेल और एकीकृत भारत का निर्माण

शान्तनु शुक्ला

जब 1947 में भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त की, तब तिरंगा देशभर में लहराया, लेकिन 'एक भारत' का विचार अभी भी नाजुक था। भारतीय उपमहाद्वीप कई हिस्सों में बँटा हुआ था—एक ओर ब्रिटिश भारत और दूसरी ओर 560 से अधिक रियासतें, जिनके अपने-अपने राजा, सेनाएँ और आकांक्षाएँ थीं। एक संयुक्त, लोकतांत्रिक गणराज्य का सपना उस समय सुनिश्चित नहीं था।ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर सरदार वल्लभभाई पटेल, जो उस समय भारत के उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री थे, राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार के रूप में उभरे। पटेल की अटूट दृढ़ता, कूटनीतिक कुशलता और दूरदृष्टि ने इन बिखरे हुए क्षेत्रों को एक राष्ट्र के सूत्र में पिरो दिया।

इतिहासकार राजमोहन गांधी कहते हैं—÷एकता की प्रेरणा जिसने पटेल के कार्य को मार्गदर्शन दिया, वही आधुनिक भारत की नींव है। आदर्शवाद से अधिक उनके यथार्थवाद ने देश को एकजुट रखा।÷

एकीकरण का मिशन : दृढ़ विश्वास और राजनीतिक सूझबूझ से लैस पटेल और उनके सचिव वी.पी. मेनन ने रियासतों के शासकों को भारत में सम्मिलित होने के लिए राज़ी करने में अथक प्रयास किए। उन्होंने ÷इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन (Instrument of Accession)" को एक कानूनी उपकरण के रूप में उपयोग किया और रियासतों के राजाओं की जिम्मेदारी व नियति की भावना को संबोधित किया।

1949 के मध्य तक लगभग सभी रियासतें—कुछ जटिल मामलों जैसे हैदराबाद, जूनागढ़ और कश्मीर को छोड़कर—भारतीय संघ में शामिल हो गईं। पटेल ने स्वयं कहा था—÷अब हर भारतीय को भूल जाना चाहिए कि वह राजपूत है, सिख है या जाट; उसे केवल यह याद रखना चाहिए कि वह भारतीय है।÷ यह केवल राजनीतिक वार्ता नहीं थी—यह स्वतंत्र भारत की पहली कूटनीतिक कवायद थी जिसने देश के मानचित्र, आत्मा और प्रशासनिक एकता को परिभाषित किया।

एकीकरण से राष्ट्र निर्माण तक

वल्लभभाई पटेल जी का प्रभाव केवल एकीकरण तक सीमित नहीं रहा। देश के पहले गृह मंत्री के रूप में उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) और भारतीय पुलिस सेवा (IPS) की स्थापना की। उनका मानना था कि ये संस्थाएँ



कुशल प्रशासन के माध्यम से देश को एक सूत्र में बाँधेंगी। उनकी इस दूरदृष्टि ने भारत को एक ÷इस्पाती ढाँचा÷ प्रदान किया जो सात दशकों से अधिक समय से कायम है।

वल्लभभाई पटेल ने कहा था– ÷भारत की एकता बल प्रयोग से नहीं, बल्कि विश्वास से प्राप्त हुई है।÷ यह कथन उनके राजनीतिक दर्शन का सबसे स्थायी सत्य है।

एकता दिवस का शाश्वत अर्थ: पटेल के अद्वितीय योगदान को मान्यता देते हुए, भारत सरकार ने 2014 में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस (Rashtriya Ekta Diwas) घोषित किया। इस दिन देशभर में 'रन फॉर यूनिटी', सामूहिक शपथ ग्रहण और भव्य एकता परेड आयोजित की जाती है—जो भारत की सामूहिक एकता की इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

इस वर्ष जब भारत सरदार पटेल की 150वीं जयंती मना रहा है, तब उनकी प्रासंगिकता और भी गहरी प्रतीत होती है। राजनीतिक ध्रुवीकरण और सांस्कृतिक विविधता के इस युग में पटेल का उदाहरण हमें याद दिलाता है कि एकता कोई नारा नहीं, बल्कि एक सतत नागरिक जिम्मेदारी है।

विरासत का पुनर्जीवन

स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी भारत की आंतरिक एकता को निरंतर पोषण की आवश्यकता है। क्षेत्रीय आकांक्षाएँ, सामाजिक विभाजन और भाषाई विविधताएँ अक्सर संघीय ढाँचे की मजबूती की परीक्षा लेती हैं। लेकिन वल्लभ भाई पटेल जी की भावना हर सहमति और हर सामूहिक प्रयास में जीवित है जो एक बेहतर भारत के निर्माण की दिशा में उठाया जाता है। उनका संदेश आज भी युगों से गूंज रहा है—

÷एकता के बिना मानव शक्ति कोई शक्ति नहीं है÷।यही उस राष्ट्र की नींव है जिसकी रचना में पटेल ने अपना जीवन समर्पित किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोई भी व्रत

कोई भी व्रत त्योहार अब क्षेत्रीय या आंचलिक नहीं रह गया है सभी पर्व और उत्सव सब उतने ही उत्साह और प्रेम से मनाते हैं, मेरे घर के पास ही सूर्यकुंड तालाब (कृत्रिम) है, हमारे यहां छट व्रत का विधान नहीं है लेकिन मैं भगवान भास्कर को अर्ध्य देने ज़रूर जाती हूँ, इसी बीच व्रती महिलाएं सिंदूर लगा कर प्रसाद देती है, और हम व्रती महिलाओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेते हैं।

– **अनिता वर्मा**

न इसकी न उसकी

न इसकी न उसकी बात पर न सियासी ठसके ठाठ पर रुपयों की सुनहरी जात पर मुहर लगेगी अबके स्वार्थ पर न सियासी ठुमरी न ही ताल पर न मीडिया के हवाई बवाल पर खरे, जमीनी, जन के सवाल पर मुहर होगी बदलाव की चाल पर नारों पर न सपनों के व्यापार पर झूठे वादों पर न भय की मार पर अपने हितों पर और सरोकार पर मुहर लगेगी अब हक की धार पर।

– **जावेद उस्मानी**

जिहाँ ले मिलथे झट अपनाले

जिहाँ ले मिलथे झट अपनाले मया ज्ञान अउ आशीष ऊँच-नीच अउ धरम-पंथ म, इनला झन तो बाँटिस मानवता ले बढ़के नइए दुनिया म कोनो धरम-करम तोर-मोर के कोनो सीमा म, तब काबर इनला फाँसिस । – **सुशील भोले**

ये पता न था सुख क्या होता है तुम को

ये पता न था सुख क्या होता है तुम को देखा तो खिलखिला उठा सुख ये पता न था ममता क्या होती है तुम को बांहो में भर ममता गुनगुनाई मै कितनी अधूरी पता न था तुम को पाकर संपूर्ण हुयी मैं गिन न पाऊं वो बरस कभी तुम जियो अनंत खुश रहो असीम हो अशेष तुम पर ईशकृपा और सदा रहे सुख भरपूर। – **आभा चंद्रा**

मन का हर मंजर मिले तो जग सुहाना

मन का हर मंजर मिले तो जग सुहाना है जैसे सबको राम रखे यहां सदा रहना है हर कोई चाहता है लाँघ लेना समुंदर को मगर आसां नहीं लहरों की अदा सहना है अक्सर सुनती औरतें हम जात मर्दाना हैं दीवारों पे लिखा कमजोरी क्या कहना है। – **सपना चन्द्रा**

कोयल,दिखने में काली क्यू

कोयल,दिखने में काली क्यू न हो,गुण कितनी प्यारी होती है,उसकी कुहू कुहू से तो दुनिया में बहार है,ईश्वर ने कितना अच्छा संतुलन बनाया जिसे रूप न दिया गुणों की खान दिया बस फिर अपना गुण बरकरार रखे क्यूंकि दुनिया में अविरल चलने वाला गुण ही होता है रूप की तो एक सीमाएं,एक समय होता बस। – **शत्रुंजय तिवारी**

आप से जो आ मिली है राह

आप से जो आ मिली है राह वो कितनी भली है तेल जलता है कि बाती दीप है बस रौशनी है आप से हम हार के खुश जीत में कैसी खुशी है रीढ़ तोड़ी दर्द ने पर ज़िंदगी सीधी खड़ी है जोड़ लफ़्ज़ों को कहें वो हो गई लो शाइरी है दूसरों की दिख रही बस ग़लती अपनी भी बड़ी है 'भवि' अकेली है कहाँ ये देश उसकी फैमिली है। – **शुचि भवि**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन कार्यसिद्धि वाला है समय का लाभ उठाएं अधिकारी वर्ग आज आपकी हर संभव सहायता करेंगे।

वृष: आज का दिन शुभ कर्मो में व्यतीत करेंगे दिन के पूर्वार्ध में घर मे धार्मिक कृत्यों का आयोजन होगा धार्मिक क्षेत्रो की यात्रा के प्रसंग भी उपस्थित होंगे।

मिथुन : आज प्रातः काल से ही आपकी सेहत में नरमी आने लगेगी फिर भी लापरवाहि करेंगे जिससे तबियत ज्यादा खराब हो सकती है।

कर्क: आज का दिन सफलता दायक रहेगा फिर भी स्वभाव में गंभीरता लाना आवश्यक है अन्यथा लोग आपकी बातों को हल्के में लेंगे।

सिंह: आज का दिन आपके लिये उतार-चढ़ाव वाला रहेगा दिन के आरम्भ से ही आवश्यक कार्यो में व्यस्त हो जाएंगे।

कन्या: आज आप पूर्व में की गई गलतियों से सीख लेंगे भविष्य में ऐसा न यही इसका विचार भी करंगे।

तुला: आज का दिन भी आपके कुछ उलझनों वाला रहेगा। आज आप दिन का अधिकांश समय केवल सोचने में व्यर्थ करेंगे। आरोग्य बना रहेगा।

वृश्चिक: आपके लिये आज का दिन धन लाभ वाला रहेगा। आज दिन के पूर्वार्ध में आप जो भी योजना बनाएंगे उसे मध्यान पश्चात तक पूर्ण कर लेंगे।

धनु: आज के दिन आपके स्वभाव में आलस्य और लापरवाहि दोनो रहने के कारण आस पास के लोगो को असुविधा होगी।

मकर: आज का दिन आपको पिछले कुछ दिनों से चल रही मानसिक दुविधा में राहत प्रदान करेगा। सेहत नरम रहेगी।

कुंभ: आज की परिस्थिति हानिकारक बन रही है घर एवं बाहर विवेक से काम लें अन्यथा जहां से लाभ की उम्मीद लगाए बैठे है वहाँ से अकस्मात निराश होना पड़ेगा।

मीन: आज का दिन आपको अवश्य की कुछ ना कुछ यादगार पल देगा। व्यवसाइयों को व्यापार से धन की आमद रुक रुक कर होती रहेगी।

सूर्योदय : 06:39, सूर्यास्त : 05:43, चन्द्रोदय : 13:03, चन्द्रास्त : 23:33, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : श्रवण, योग : शूल, प्रथम करण : वणिज (09:23 तक), द्वितीय करण : विष्टि (21:50 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : मकर, मंगल : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) थारू जनजाति मुख्य रूप से किन राज्यों में पाई जाती है?

2) भारत में जनगणना कराने के लिए कौन सा मंत्रालय जिम्मेदार है?

3) पार्किंसन रोग (पीडी) किस प्रकार की विकृति है?

4) महाराष्ट्र सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज का पहला मंदिर किस जिले में उद्घाटित किया?

5) प्लास्टिक खाने वाले कीट मीलवॉर्म लार्वा किस देश में खोजे गए हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार (2) गृह मंत्रालय (3) तंत्रिका अपक्षयी (4) ठाणे (5) केन्या

शब्द सागर

रूंगटा यूनिवर्सिटी की छात्रा राशि को मिली इंस्पायर फैलोशिप



भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी की छात्रा राशि बंछोर ने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि (सीएसवीटीयू) में एम फार्मेसी की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। राशि ने 86.06 फीसदी अंक प्राप्त किए है। राशि की शैक्षणिक उत्कृष्टता के कारण उन्हें भारत सरकार की प्रतिष्ठित इंस्पायर फेलोशिप के लिए भी पात्रता मिल गई है। राशि ने गेट (लाइफ साइंसेज) 2024 परीक्षा भी उत्तीर्ण की है, जो उनके उच्च शैक्षणिक और अनुसंधान कौशल का प्रमाण है। इंस्पायर फेलोशिप का उद्देश्य भारत के युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित कर उन्हें अग्रणी शोध संस्थानों में उच्च स्तरीय अनुसंधान करने के लिए वित्तीय सहायता देना है। इस उपलब्धि पर रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा, प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरी शेट्टी, सीईओ सोनल रूंगटा, रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन, स्कूल ऑफ फार्मेसी की डायरेक्टर डॉ. मधुलिका प्रधान, शिक्षकों और सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

4 नवंबर से शुरू होगा एसआईआर, घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

■ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ली एसआईआर की समीक्षा बैठक

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के सभी कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, नगर निगमों के आयुक्त और सहायक प्रोग्रामर मौजूद रहे।

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ को वर्ष 2025 की मतदाता सूची की तुलना वर्ष 2003 की एसआईआर सूची से करने के निर्देश दिए, ताकि त्रुटियां न हो। उन्होंने कहा कि बीएलओ नए मतदाताओं के फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करें। मृत या स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान करें। गणना चरण के दौरान गणना फॉर्म के साथ किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। ईआरओ/एईआरओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से न छूटे और कोई भी अपात्र व्यक्ति उसमें शामिल न हो।

सीईओ यशवंत कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी देते हुए बताया कि मुद्रण/प्रशिक्षण कार्य 3 नवम्बर 2025 तक होगा, घर घर गणना चरण अवधि (घर-घर जाकर सत्यापन) कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलेगा। मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण/पुनर्व्यवस्थापन 4 दिसम्बर तक किया जाएगा। नियंत्रण तालिका की अपडेट और ड्राफ्ट रोल की तैयारी 5 दिसम्बर से 8 दिसम्बर तक की जाएगी। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसम्बर, दावे और आपत्ति की अवधि 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक, नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) 9 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026, मतदाता सूची के स्वास्थ्य मापदंडों की जांच करने और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने का काम 3 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। सीईओ यशवंत कुमार ने अधिकारियों से कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पूरी की जाए ताकि आगामी निर्वाचन में सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची उपलब्ध हो सके। बैठक में छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुमार ने निर्देश दिए कि सभी बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम, पते और विवरण का सत्यापन करें। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) नियुक्त होता है, जो मतदाता सूची तैयार करने की जिम्मेदारी निभाता है। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रमुख चरणों में बीएलओ, ईआरओ और डीईओ का प्रशिक्षण, राजनीतिक दलों की भागीदारी, घर-घर सत्यापन, मतदाता सूची का प्रकाशन, दावे-आपत्तियां प्राप्त करना तथा अंतिम प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन शामिल है।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस, निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा आयुक्त दशरथ राजपूत, एसडीएम महेश राजपूत और लवकेश ध्रुव सहित सहायक प्रोग्रामर उपस्थित थे।

जिले में तीन दिवसीय राज्योत्सव 2 नवंबर से

दुर्ग/नवप्रदेश। पुराने गंज मंडी परिसर में इस साल राज्योत्सव का आयोजन 2 नवंबर से किया जाएगा। तीन दिवसीय उत्सव का समापन 4 नवंबर को होगा। राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, कला, हस्तशिल्प, व्यंजन और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्योत्सव में मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन स्थानीय कलाकारों, उद्य6मियों और कारीगरों के लिए रोजगार व पहचान का उत्कृष्ट अवसर भी प्रदान करेगा।

राज्योत्सव के दौरान पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। शिल्पकला प्रदर्शन, हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी और स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लेने अलग-अलग स्टाल लगाए ग ए है । यहां आए लोगों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया जाएगा। यहां फूड कोर्ट बनाया जा रहा है, जहाँ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ अन्य पारंपरिक पकवानों का आनंद लिया जा सकेगा। स्थानीय स्वाद के साथ आधुनिक व्यंजन भी उपलब्ध रहेंगे।

जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल की सजावट, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, मंच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है। फूड के 10 स्टॉल लगाए जाएंगे। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्टाल का आवंटन किया जाएगा।

स्टॉल का किराया 1000 रुपए प्रतिदिन निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन व निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे तीन दिवसीय राज्योत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेकर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपराओं का उत्सव मनाएं।

नए विधानसभा भवन में स्थापित करें शुक्ल, वोरा और जोगी की प्रतिमा

■ पूर्व विधायक अरुण वोरा ने पीएम, सीएम और विधानसभा अध्यक्ष को पत्र भेजकर किया अनुरोध

दुर्ग/नवप्रदेश। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने नए विधानसभा भवन में चार पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिमा स्थापित करने का आग्रह किया है। वोरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र लिखकर इस संबंध में आग्रह किया है। वोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्मित भवन में ब्रम्हलीन हो चुके चार पूर्व मुख्यमंत्रियों पं. रविशंकर शुक्ल, श्यामाचरण शुक्ल, मोतीलाल वोरा और अजीत जोगी की प्रतिमाएँ स्थापित की जाए।

वोरा ने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का नव-निर्मित भवन हमारी लोकतांत्रिक परंपरा, जनसेवा की भावना और राज्य की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक बनने जा रहा है। इन विभूतियों ने अविभाजित मध्यप्रदेश और नवगठित छत्तीसगढ़ में लोककल्याण और सुशासन के आदर्श स्थापित किए हैं। विधानसभा भवन में इन विभूतियों की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। वोरा ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा में भी पूर्व मुख्यमंत्रियों को प्रतिमाओं को स्थापित कर श्रद्धांजलि दी गई है। उसी भाव से छत्तीसगढ़ विधानसभा में भी यह परंपरा शुरू होनी चाहिये। वोरा ने कहा कि यह कदम प्रदेश के इतिहास, लोकतंत्र और जनसेवा की भावना को सम्मानित करेगा और राज्य की गौरवशाली राजनीतिक विरासत को नई पहचान देगा।

यातायात में बाधक अतिक्रमण फौरन हटाएं : कमिश्नर ने दिये सख्त निर्देश

■ दुकानदारों और बस संचालकों से सफाई व्यवस्था में सहयोग की अपील की

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज सुबह शहर के कई इलाकों का सघन निरीक्षण किया। वाय शेप ब्रिज से मालवीय नगर चौक, राजेंद्र पार्क चौक होते हुए बस स्टैंड परिसर तक शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए कमिश्नर ने निगम अफसरों को यातायात में बाधा बने सभी अवरोधों को हटाने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता पंकज साहू, विकास दमाहे, उमयन्ती ठाकुर, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर, बाजार प्रभारी अभ्युदय मिश्रा, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, गौतम साहू, उपअभियंता और संबंधित स्टाफ उपस्थित रहे। आयुक्त ने सड़कों के दोनों ओर फैले अतिक्रमण और अनुपयोगी कंडम वाहनों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन अतिक्रमणों और परित्यक्त वाहनों के कारण शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था प्रभावित होते हैं। उन्होंने निगम अफसरों को हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कई स्थानों पर पेड़ों की शाखा सड़कों तक फैलने के कारण यातायात में बाधा होने पर भी आयुक्त ने पेड़ों की छंटाई कराने के निर्देश दिये। आयुक्त ने बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण कर वहां की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। बस संचालकों से चर्चा करते हुए आयुक्त ने बसों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करने, बसों की धुलाई न करने और कचरा इधर-उधर न फेंकने की सख्त समझाइश दी। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और डिवाइडरों की नियमित सफाई करने कहा। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कचरा न फैलाएं।

जिले के हजारों भाजपा कार्यकर्ता राज्योत्सव में होंगे शामिल : कौशिक

दुर्ग/नवप्रदेश। नवा रायपुर में आगामी 1 नवंबर को रजत जयंती राज्य उत्सव समारोह में दुर्ग जिले से हजारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसकी तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि राज्योत्सव में सभी भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसके अलावा सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम पटेल चौक से प्रारंभ होगा और जेल तिराहा के पास खत्म होगा। बैठक में महापौर अलका बाघमार, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, विनोद अरोरा, जिपं उपाध्यक्ष पवन शर्मा, सभापति श्याम शर्मा, जपं अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, अमलेश्वर नपा अध्यक्ष दयानंद सोनकर, पाटन नपं अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, धमधा नपं अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, माया बेलचंदन, अजय तिवारी, शिव चंद्राकर, निशा सोनी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दिलीप साहू और आभार प्रदर्शन जिला मंत्री गिरेश साहू ने किया। बैठक में सरिता मिश्रा, हर्षा चंद्राकर, राजीव पांडेय, अशोक राठी, गायत्री वर्मा, शैलेंद्र शैंडे, दिनेश देवांगन, राजा महोबिया, राकेश दुग्गड, रजनीश श्रीवास्तव, मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश फेकर, महेंद्र लोढ़ा, मनमोहन शर्मा शीतला ठाकुर, राजू जंघेल, रानी बंछोर, लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, देवनारायण चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन उपस्थित रहे।

कश्मीर विलय दिवस पर देशभक्ति और एकता का दिया संदेश

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई में कश्मीर विलय दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. एनपी दीक्षित, पूर्व कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं सदस्य जम्मू कश्मीर अध्ययन केन्द्र एवं विशिष्ट अतिथि देश दीपक सिंह रहे। महाविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि कश्मीर विलय दिवस देश की अखंडता और एकता के प्रतीक दिवस के रूप में हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश देता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना झा ने कहा कि विद्यार्थियों को देश की एकता और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि देश दीपक सिंह ने कहा कि कश्मीर विलय दिवस यह स्मरण कराता है कि राष्ट्र की अखंडता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। मुख्य वक्ता डॉ. एनपी. दीक्षित ने कश्मीर के भारत में विलय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, तत्कालीन परिस्थितियों और सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें राष्ट्र की संप्रभुता और एकता की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शिल्पा कुलकर्णी ने किया। कार्यक्रम में कांक्षीलता का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएँ एवं कर्मचारीगण उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

विदाई समारोह

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में माह सितंबर या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को विदाई दी गई। अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र व उपस्थित पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान रिटायर कर्मियों का सम्मान करते हुए शुभकामनाएं दी।

■ न्यूज गैलरी

बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर दो पेट्रोल पंपों पर कार्रवाई

दुर्ग। 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान के तहत आज खाद्य विभाग की जांच टीम ने रिसाली क्षेत्र स्थित महामाया फ्यूल्स और रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड, पुलगांव नाका पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। दोनों पंपों पर बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा था। जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दोनों पंपों में आगामी आदेश तक पेट्रोल वितरण स्थगित कर दिया गया है। कलेक्टर ने बिना हेलमेट किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल न देने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी किए थे।

जिले में 1314 विद्यार्थियों का हुआ बायोमेट्रिक अपडेशन

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिले में विद्यार्थियों के मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन व आधार अपडेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अभियान के तहत 8 नवम्बर तक सभी चिन्हित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में यह कार्य पूर्ण किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज अभियान के दूसरे दिन जिले के 34 केन्द्रों पर शिविर आयोजित किए गए। कम्प्यूटर ऑपरेटरों द्वारा मशीनों के माध्यम से विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक व आधार अपडेट किया गया। इन शिविरों के माध्यम से 1314 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन और 289 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन किया।

विकास कार्य हेतु 14.98 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत जनपद पंचायत दुर्ग और नगर पंचायत पाटन में विकास कार्यों के लिए 14.98 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित कार्य का संपादन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग और मुख्य नपा अधिकारी, नपं पाटन द्वारा किया जाएगा। जपं दुर्ग अंतर्गत चंदखुरी केनाल पारा दुर्ग कॉमन वर्क शेड, कव्हर्ड सिटिंग एरिया व डोम शेड निर्माण हेतु 7 लाख और नपं पाटन अंतर्गत इंदिरा नगर वार्ड 2 बठेना रोड के पास सामुदायिक केन्द्र, कम्युनिटी हॉल भवन निर्माण में 7 लाख 98 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

साक्षरता मित्र मंच ने किया श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। 90 के दशक में दुर्ग ज़िले में चले साक्षरता अभियान में आहुति देने वाले दिवंगत योद्धाओं के सम्मान में साक्षरता अभियान और साक्षरता से जुड़ी गतिविधियों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। साक्षरता मित्र मंच के आयोजन में रिसाली नगर निगम की महापौर शशि सिन्हा, भिलाई चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे और पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ बीएल तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिवंगत साक्षरता सेवियों के योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। करीब 30 साल पहले साक्षरता अभियान में सहयोग देने वाले साक्षरता सेवियों ने कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा किए। कला जत्था के कलाकारों ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किए। कवि शरद कोकास व कवयित्री शशि दुबे ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। मणिमय मुखर्जी ने साक्षरता अभियान में गाए गीतों के मुखड़े सुनाए। प्रसिद्ध कर्मा गायक घनश्याम सिंह ठाकुर ने स्व. कोदूराम वर्मा का गीत सुनाया। आयोजन में पद्मश्री शमशाद बेगम, पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, डा परदेशी राम वर्मा, डा शैल वर्मा, पुन्नू यादव, डा चुन्नी लाल शर्मा, प्रशांत पांडे, मोहित शर्मा, प्रभा सुधाकर, रत्ना साहू, टिकेश्वरी देशमुख, दिनेश सिंह, रामकुमार वर्मा, अमरीश परगनिहा, घनश्याम देवांगन, सरोज सिंह, ओमप्रकाश वर्मा, एमपी शुक्ला, बी पोलम्मा, संतोष रघुवंशी, दिनेश टांक, ओम टंडन, मिथिलेश शर्मा, भोला चंद्राकर, डा अंजना श्रीवास्तव, अमरचंद वर्मा, एनके साहू सहित 43 श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। स्वयं साक्षरता कक्षा संचालित कर चुके महापौर निर्मल कोसरे ने निरक्षर लोगों को ज्ञान की रोशनी देने वाले सभी स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अगला आयोजन चरौदा भिलाई क्षेत्र में करने का आव्हान करते हुए आयोजन में पूर्ण सहयोग देने आश्वस्त किया।

रिसाली की महापौर शशि सिन्हा ने सम्मानित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि निस्वार्थ भावना से किए गए कार्य प्रेरणादायक होते हैं। इस अवसर पर डॉ हरिनारायण दुबे, डॉ संध्या मदन मोहन, ज्ञानचंद जैन, शरद शर्मा, पुनीत चौबे, डा मोहन गुप्ता, डॉ अजय तिवारी, डॉ पी आर मंगवानी, महेश चतुर्वेदी, डा. रजनी नेल्सन, प्रेम लता हुसैन, प्रीति बेहरा, रत्ना नामदेव सहित दुर्ग, बालोद व बेमेतरा जिले के 120 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

दीपावली मिलन समारोह के साथ जैन श्री संघ के पदाधिकारियों का गठन

कुम्हारी/नवप्रदेश। विगत दिनों जयचंद वैद के निवास में कुम्हारी जैन श्री संघ द्वारा दिवाली मिलन समारोह का आयोजन समाज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों का गठन भी किया गया। इसमें सर्वसम्मति से जयचंद वैद को अध्यक्ष, माणक चंद सेठिया को उपाध्यक्ष, रवि जैन को सचिव और शांतिलाल जैन को सहसचिव बनाया गया। कोषाध्यक्ष पद पर अमित जैन की नियुक्ति की गई। कार्यकारिणी सदस्यों में दिनेश सुराना, राजेन्द्र मुथा, जागेश वैद, बंशल टाटिया, तनय जैन, राजकुमार वैद, मीठा लाल जैन, अशोक बोहरा, प्रकाश जैन, सुनील डागा, भूपेंद्र जैन, नीलेश, अशोक वैद, अर्पण कोराडीया, अरुण वैद, ललित कोठारी, तरुण जैन एवं राकेश वैद शामिल हैं।

झाड़मोखली में खेल मेला का आयोजन

जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

कबड्डी टूर्नामेंट में जय महाकाल टीम भिलाई विजेता, तरसींवा की टीम उपविजेता

पाटन/नवप्रदेश। ज्वाला क्रीड़ा मंडल द्वारा ग्राम झाड़मोखली में आयोजित 34 वें एक दिवसीय कबड्डी, चौसर और शतरंज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ग्रामीण विकास एवं ओबीसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व विधायक ललित चंद्राकर, छ.ग. अनुसूचित जाति क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा, महापौर अल्का बाघमार सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। कबड्डी प्रतियोगिता में जय महाकाल टीम भिलाई ने विजेता का खिताब जीता। दूसरे स्थान पर तरसींवा (धमतरी), तीसरे स्थान पर पाटन और चौथे स्थान पर भाटापारा बलोदाबाजार की टीम रही।

चौसर के खेल में प्रथम संजीवन कुमार (मोतीपुर), द्वितीय अरुण पटेल (नारधी), तृतीय विजय मिश्रा (कोपेडीह) चतुर्थ राजा साहू (कोपेडीह) रहे। शतरंज के खेल में दिव्यांशु उपाध्याय (भिलाई) विजेता बने और दूसरे स्थान पर खिलेन्द्र साहू (पटेवाडीह), तीसरे स्थान पर शरद कुमार (रानीतराई) व चौथे स्थान पर हरीश ध्रुव (गागरा) रहे।

खेल मेला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि छ.ग. ग्रामीण विकास एवं ओबीसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि खेल मनुष्य के व्यक्तित्व विकास से जुड़ा एक अहम आयाम है। छग अनुसूचित जाति क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि अनुशासित व्यक्ति ही जीवन में सफलता के शिखर को प्राप्त करता है और खेलों से व्यक्ति को अनुशासन की प्रेरणा मिलती है। क्रीड़ा भारती के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण अंचल में खेल भावना को प्रोत्साहित करने और नई प्रतिभाओं को सामने लाने का अच्छा माध्यम बन रहा है।

भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि कबड्डी जैसा भारत का पारंपरिक खेल टीम भावना और संघर्ष की सीख देता है, जो भी व्यक्ति खेल से जुड़ता है, उसमें संघर्ष करने और टीम भावना के साथ काम करने की प्रतिभा का निर्माण होता है। समारोह को दुर्ग महापौर अलका बागमार, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र पाध्ये, दिलीप साहू, नवीन सिंह पवार ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिपं सदस्य नोमिन ठाकुर, कुम्हारी नपा अध्यक्ष मीना वर्मा, पाटन नपं अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, जनपद सदस्य ममता राजू मेश्राम, समाजसेवी माधव प्रसाद वर्मा, शरद वर्मा, सत्यनारायण वर्मा, भारत विशाल वर्मा मंचासीन रहे।

खेल मेला को सफल बनाने में ज्वाला क्रीड़ा मंडल के अध्यक्ष चम्मन पटेल, उपाध्यक्ष लक्की पटेल, कप्तान उमाकांत पटेल, उपकप्तान केशव ठाकुर, अजय ठाकुर, खम्हन ठाकुर, राधेकृष्ण यादव, गोकुल वर्मा, सुरेश वर्मा, हिरामन ठाकुर, कर्ण सिंह पटेल, पवन वर्मा, इतवारी पटेल, गौरव वर्मा, प्रकाश ठाकुर, रमेश पटेल, विक्रम ठाकुर, विनोद पटेल, भगवती वर्मा, योगराज ठाकुर, नेतराम वर्मा, देवेन्द्र यादव, रामकिसुन पटेल, ओमप्रकाश पटेल, खिलेश्वर ठाकुर, डा. दिनेश ठाकुर, अवध ठाकुर, रोमनाथ वर्मा और झाड़मोखली के समस्त ग्रामवासी सक्रिय रहे।

शहर में गश्त कर असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने पुलिस रख रही है नजर

■ गुण्डा बदमाशों एवं शराब कोचियों पर कठोर कार्यवाही

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। एसपी सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर एएसपी श्री राहुल देव शर्मा सहित 04 राजपत्रित अधिकारी, 06 निरीक्षक के साथ लगभग 100 पुलिस जवानों का 04 टीम बना कर थाना कोतवाली एवं ओपी चिखली क्षेत्र के संदिग्ध इलाकों में किया रात्रि गश्त् एवं गुण्डा बदमाशों की चेकिंग की गई।*

ऽ शहर के चिंहांकित स्लम एरिया जैसे लखोली, सोलहखोली, गौरीनगर, चिखली, शंकरपुर, रामनगर, सहित शहर के विभिन्न क्षेत्र में भ्रमण कर गुण्डाबदमाश, निगरानी बदमाश, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटी, नशेडियों एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 47 बदमाशें के घरों को चेक किया गया।

*ऽ रात्रि में इस दौरान 47 संदेहियों को सोते से उठा कर घरों में चेकिंग कर 11 लोगों के विरूद्ध धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत् कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया।जिले में दिनांक 28.10.2025 को कुल 28 गिरफ्तारी वारंटी एवं 02 स्थाई वारंटी को पकड़ा गया।

जिले में आबकारी एक्ट के तहत् 04 प्रकरण अजामनतीय धारा 34(2), 02 प्रकरण धारा 34(1) एवं 03 प्रकरण धारा 36(च) के तहत् कार्यवाही कर कुल 09 प्रकरण में 10 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। शराब के मामलों में कुल 157 पौवा देशी शराब कीमती 14720/- रू0, बिक्री रकम 3720/- रू0 एवं परिवहन में प्रयुक्त 01मोटरसायकल एवं 01 सकूटी कीमती 140000/- रू0 जुमला 1,85,440/- रूपये जप्त किया गया है।

जिले में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु ऐसे अभियान जारी रहेंगे इस कार्यवाही से अपराधियों में भय व्यापत है और लोगों में पुलिस पर विश्वास बढ़ा है।

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के द्वारा आसामाजिक तत्वों, गुण्डा बदमास, नशा एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए जिला के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों को विजिबल पुलिसिंग के तहत् संध्या एवं रात्रि में अपने-अपने क्षेत्र में गश्त कर एसे गतिविधि पर नजर रखने एवं कठोर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये है।

यज्ञदत शर्मा बने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष, शहर में जश्न

बालोद / नवप्रदेश।। बालोद जिला के कद्दावर नेता यज्ञदत शर्मा को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही बालोद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर के चौक चौराहो में जमकर आतिश बाजी कर मिठाई बांटते नजर आए ।बता दे कि बालोद जैसे छोटे से शहर से छात्र राजनीति से अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत करने वाले यज्ञदत शर्मा सक्रिय राजनीति में कदम रखे। वे बालोद महाविद्यालय के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में एक बार छात्र संघ अध्यक्ष बने, वे नगर पालिका के अध्यक्ष भी रहे। बालोद जिला लघु वनोपज के जिलाध्यक्ष व छग राज्य लघु वनोपज के संचालक मंडल के सदस्य के पद पर रह चुके हैं। श्री शर्मा वरिष्ठ राजनेता हैं और सामाजिक जीवन का उन्हें लंबा अनुभव है। उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। वे हमेशा से आदिवासी और वनवासी समुदायों के प्रति संवेदनशीलता और धरातल से जुड़कर कार्य करने के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में उन्हें वनोपज संघ की बड़ी जिम्मेदारी मिलने से जनजातीय समाज को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यज्ञदत्त शर्मा को राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास, प्रगति व प्रदेशवासियों की भलाई के लिये प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो में इनका सहयोग मिलेगा। यज्ञदत शर्मा को डबल इंजन की सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से समर्थकों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा,कृष्णकांत पवार,पार्षद राजू पटेल,दीपक लोढा,गोकुल ठाकुर,विनोद कौशिक,नितेश वर्मा,संजय दुबे, मणि नायर,मनोज चांडक,विनोद शर्मा,चंदन मुरारी,स्वरूप राठी, परिवहन संघ अध्यक्ष मनोज चांडक,संतोष शर्मा,अखिलेश तिवारी,वैभव राखेचा,अविनाश कौशिक,जितेंद्र निर्मलकर,आशुतोष कौशिक,भवानी शर्मा,श्रवण टावरी, पंकज व्यास,हरीश व्यास,शुभम नाहटा,शंशाक जैन,उमेश जैन,कुलेश्वर यादव सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

अल्ट्राटेक रावन सी एस आर द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं पशुधन विकास केंद्र का हुआ भूमिपूजन

भाटापारा/ नवप्रदेश। अल्ट्राटेक सीमेंट रावन सीएसआर के द्वारा ग्राम चुचरुंगपुर एवं सरसेनी में महिला सशक्तिकरण केंद्र तथा ग्राम गूमा में पशुधन विकास केंद्र का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।इन केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना , उन्हें रोजगारमुखी कौशलों से सशक्त बनाना तथा ग्रामीण आजीविका को मजबूत करना है। महिला सशक्तिकरण केंद्र ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण , सामूहिकबैठक एवं समूह संचालन के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। इसी प्रकार ,गूमा में पशुधन विकास केंद्र के माध्यम से पशुपालकों को उन्नत नस्ल सुधार , टीकाकरण , चारा प्रबंधन , दुग्ध उत्पादन तकनीक और पशु स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिए जाएंगे। इस पहल से पशुधन उत्पादकता में वृद्धि होगी और ग्रामीणों की आमदनी में भी सुधार आएगा।

बाप-बेटे के बीच शराब पीने के बाद हुआ विवाद, मां बेटे ने उतारा मौत के घाट

बालोद / नवप्रदेश।। 28 अक्टूबर को ग्राम गुरामी कोटवार कुशल राम गंधर्व द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम गुरामी के जंगल में किसी अज्ञात पुरूष उम्र 53 वर्ष के व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसके शव को देखने पर सिर में व चेहरे में चोट का निशान एवं खून से लथपथ दिखाई दे रहा है। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किसी धारदार हथियार से मारकर हत्या कर फेंक दिया है कि रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच पतासाजी में लिया गया। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल एफएसएल क्राइम सीन युनिट तथा सायबर सेल बालोद की टीम मौके पर पहुंची थी। मर्ग जांच के दौरान अज्ञात शव का तस्दीक हेतु थाना डौण्डीलोहारा के सायबर प्रहरी व्हाटअप ग्रुप में मृतक का फोटो भेज कर लोगों एवं आसपास के ग्रामीणों से पहचान कराया गया। जिस पर मृतक की पहचान ग्राम अरजपुरी के भूषण नेताम पिता लैनू राम नेताम उम्र 53 वर्ष के रूप में हुआ। मृतक परिजन एवं गांव वालों को सूचित कर उनके समक्ष अज्ञात शव का पहचान कराया गया। मर्ग जांच में मृतक भूषण नेताम के सिर व चेहरे तरफ गंभीर चोंट आने से मृतक की मृत्यु किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मृतक को धारदार हथियार से मारकर हत्या करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 143/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दिनांक 29 अक्टूबर.2025 को मृतक का पुत्र लिलेश नेताम उम्र 23 वर्ष एवं मृतक की पत्नि सकुल बाई नेताम उम्र 43 वर्ष से पुछताछ किया गया जिसमें पता चला कि पिता पुत्र के बीच शराब पीने के बाद वाद-विवाद के चलते घर में रखे लोहे का धारदार बसुला से मृतक के सिर व चेहरा में मारकर हत्या किये थे तथा साक्ष्य छिपाने के लिए मृतक के शव को मां बेटे मिलकर प्लास्टिक की बोरी में शव को भर कर अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एआरु 7912 से ग्राम अरजपुरी से ग्राम गुरामी के जंगल में ले जाकर फेंक दिये थे। आरोपी लिलेश नेताम से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल तथा एक लोहे का बसुला बरामद कर जप्त किया गया है। घटना में शामिल आरोपी लिलेश कुमार नेताम तथा उसकी मां सकुल बाई नेताम को दिनांक 29.10.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड भर जेल भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अनित राम यादव, प्र.आर. 1697 अरविंद यादव, प्र.आर. 535 विरेन्द्र साहू, म.प्र.आर. 974 प्रतिमा ठाकुर, विनोद अजय, कुम लाल वर्मा, रविशंकर देशलहरे, सउनि धरम भुआर्य, प्र0आर0 भुनेश्वर मरकाम, आर0 संदीप यादव, आकाश दुबे, भोपसिंह साहु, सायबर सेल बालोद का योगदान रहा।

रजत जयंती महोत्सव, विशेष स्वच्छता पखवाड़ा 2025

स्वच्छता दीदीयां सूखा एवं गीला कचरे को लेकर कर रही जागरूक

राजनांदगांव / नव प्रदेश। रमेश निवल बालू रजत जयंती महोत्सव विशेष स्वच्छता पखवाडा के तहत साफसफाई के अलावा डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए स्वच्छता दीदीया अलग अलग डस्टबिनो में घर में ही कचरा पृथककरण करने व स्वच्छता के लिये जन जागरूकता अभियान चला रहे है। उनके द्वारा समझाईस दी जा रही है कि हरा गीला एवं सुखा नीला डिस्टबिन में रखने शहरवासियों को आदत डालनी पडेंगी। इससे एक तरह से जहॉ शहर से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन होगा। वही वेस्ट से वेल्थ की ओर बढने पर निगम की आय में वृद्धि होगी।

रजत जयंती महोत्सव एवं विशेष स्वच्छता पखवाडा 2025 अंतर्गत नगर निगम द्वारा महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के मार्ग दर्शन में स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है।

सहस्त्रबाहु जयंती पर समाज ने दिया एकजुटता और सेवा का परिचय

कोरबा / नवप्रदेश। सर्ववर्गीय जायसवाल कलार सभा द्वारा अपने आराध्य देव भगवान सहस्रबाहु जयंती आस्था,हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जिसमे स्वजातीय बंधुओ ने एकता व एकजुटता का परिचय देते हुए आगामी वर्ष में सेवा भावना से कार्य करने का संकल्प लिया !जायसवाल कलचुरी भवन कोरबा में आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए जिले के अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना ने बताया कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन को बल, पराक्रम के साथ-साथ संगठन, न्याय और नेतृत्व का प्रेरणास्रोत रहे है, इसके आलवा समाज को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, लखनलाल देवांगन का ब्यापक सहयोग मिला है ।

सभी पटवारी मुख्यालय में रहना करें सुनिश्चित : कलेक्टर

■ एसडीएम एवं तहसीलदार को पटवारियों की उपस्थिति लेने के दिए निर्देश

■ राज्योत्सव की तैयारी के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

राजनांदगांव /नव प्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने सभी पटवारी को मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आम जनता को परेशानी नहीं होना चाहिए। मुख्यालय में रहते हुए पटवारी जनसामान्य के कार्यो को करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को उपस्थिति लेने के लिए कहा। कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2, 3 एवं 4 नवम्बर 2025 को म्यूनिस्पिल स्कूल मैदान में राज्योत्सव के आयोजन के लिए सभी विभाग अपनी पूरी तैयारी रखें। उन्होंने सभी विभागीय स्टॉल के संबंध में जानकारी ली। मंच, पेयजल, साज-सज्जा, साफसफाई, प्रकाश, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने खाद्य, कृषि एवं सहकारिता विभाग को आपसी समन्वय करते हुए किसानों को कृषक पंजीयन में आ रही दिक्कतों का समाधान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अधिक से अधिक जनमानस को लाभान्वित करने के लिए सभी कार्य करें।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि भू-अर्जन का कार्य जारी रहना चाहिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग अंतर्गत प्रति सप्ताह एक प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की दुकानों में सतत निरीक्षण एवं कार्रवाई होना चाहिए। कलेक्टर ने निर्माण कार्यो में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के सुपोषण को ध्यान में रखते हुए, पोषण पुर्नवास केन्द्र के माध्यम से बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए कार्य करने कहा। कलेक्टर ने सहकारिता अंतर्गत प्रत्येक गांव को समितियों से जोडऩे के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने अपार आईडी बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1 लाख 83 हजार 270 में से 1 लाख 47 हजार 97 का अपार आईडी बन चुका है। जिसमें शेष 36 हजार 73 बच्चों का आधार अपडेट करना है। जिसके लिए उन्होंने चिप्स के माध्यम से शिक्षा विभाग को शिविर लगाकर आधार अपडेट करने के लिए कहा। लगभग 3 हजार बच्चों के आधार अपडेट का कार्य पूरा हो गया है। इसी तरह 15 दिसम्बर तक शिविर लगाकर शत-प्रतिशत अपार आईडी निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने राज्योत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में कहा।

सवा महीने से रुके हैं काम, नागरिकों में आक्रोश

■ अल्टीमेटम के बाद देर शाम कलेक्टर ने किया कार्य स्थल का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

बालोद/ नवप्रदेश। बालोद शहर के मुख्य मार्ग दल्ली चौक से राजनांदगांव मार्ग की ओर बन रहा डिवाइडर निर्माण लगातार विवादों में घिरा हुआ है। लगभग सवा महीने से काम बंद पड़े हुए हैं। जगह-जगह गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। जिससे लोग धूल गिट्टी और गड्ढे से तो परेशान हो ही रहे हैं। रास्ते खुदे होने से लोगों की आवा जाही भी प्रभावित हो गई है। ऐसे में किसी की तबीयत खराब हो तो उनके घर मोहल्ले तक एंबुलेंस तक नहीं जा पाती है। लोगों को अपनी दुपहिया चार पहिया सड़क के दूसरी ओर रखनी पड़ रही है। घर तक पार्किंग के लिए नहीं ले जा सकते। लोग गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे हैं। वही खोदे गए गड्ढों से पाइपलाइन फटने से पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर एक दिन पहले पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस समर्थित पार्षदों और नेता प्रतिपक्ष सहित प्रभावित वार्ड वासियों ने मिलकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था। जिस पर अधिकारियों से जवाब मांगा गया कि काम क्यों बंद है, देरी क्यों हो रही है? तो पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा बेतुका जवाब दिया गया कि संबंधित ठेकेदार ने प्रोग्रेस दिखाने के लिए ज्यादा खुदाई कर दी थी। अब काम धीमी गति से चल रहा है। इस गैर जिम्मेदाराना बयान पर प्रभावित नागरिक और आक्रोशित है और अल्टीमेटम देते हुए कहा गया है कि अगर 2 दिन के भीतर काम शुरू नहीं हुआ तो 31 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से राजनांदगांव मार्ग पर प्रभावित वार्ड वासी के साथ मिलकर कांग्रेसी चक्का जाम करने के लिए विवश होंगे। दिए गए अल्टीमेटम में अपनी समस्याएं भी बताई है कि किस तरह सड़क पर गड्ढे खुदे होने से आने जाने में परेशानी हो रही तो वहीं वाहन सहित लोग गिर रहे हैं। ज्ञापन देने के लिए विकास चोपड़ा के साथ नेता प्रतिपक्ष कसीमुद्दीन कुरैशी, वार्ड पार्षद निर्देश पटेल, अंचल प्रकाश साहू, दीपक चोपड़ा सहित स्थानीय वार्ड वासी पहुंचे हुए थे। इधर कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने मंगलवार की देर शाम जिला मुख्यालय बालोद में निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने दल्ली चौक से मधु चौक तक चल रहे कार्य का जायजा लिया।

प्रथम पेज का शेष

जशपुर बनेगा स्पोर्टस हब ...

लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

जशपुर जिले के बागबहार क्षेत्र के 4 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से आधुनिक मिनी स्टेडियम और इंडोर हॉल का निर्माण किया जाएगा। नवनिर्मित मिनी स्टेडियम और इंडोर हॉल में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी सहित कई खेलों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

सीएम विष्णुदेव साय ने जशपुर में ही खेल को प्रोत्साहन देने के लिए फुटबाल और इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का उपहार भी दिया। बजट में जिला मुख्यालय जशपुर में 6 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक फुटबॉल स्टेडियम की घोषणा करते हुए बजट में प्रावधान कर दिया गया है। आधुनिक फुटबाल स्टेडियम का निर्माण होने पर जिले के युवा फुटबाल खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा की चमक बिखेरने का मौका मिलेगा।

भारत के समुद्री क्षेत्र...

काम जेएनपीटी में हुआ है। जेएनपीटी में भारत-मुंबई कंटेनर टर्मिनल चरण-2 भी शुरू हो गया। इससे इस टर्मिनल की क्षमता भी दोगुनी हो गई है और ये भारत का सबसे बड़ा कंटेनर पोर्ट बन गया है। उन्होंने कहा कि नए शिपिंग कानून राज्य समुद्री बोर्डों की भूमिका को मजबूत करते हैं और बंदरगाह प्रबंधन में डिजिटल तकनीकों के एकीकरण को बढ़ावा देते हैं।

भारत को अगली औद्योगिक ...

कि सुधारों के अगले चरण में मजबूत सप्लाई चेन, गुणवत्ता मानकों और स्किल इकोसिस्टम के विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे छोटे उद्यमों को विस्तार करने और ग्लोबल प्रोडक्शन नेटवर्क में इंटीग्रेट करने का अवसर मिलेगा। बेरी ने कहा कि भारत की औद्योगिक रणनीति का अगला चरण राज्य और जिला-प्रधान होना चाहिए, जिसमें क्षेत्रीय इंडस्ट्रियल क्लस्टर का निर्माण हो।

उन्होंने कहा कि भारत ने बड़े पैमाने पर सुधारों में प्रगति हासिल की है, वहीं अगली छलांग मानकों, लॉजिस्टिक्स और स्किल के जरिए लघु और मध्यम उद्यमों के ग्लोबल और घरेलू वैल्यू चेन में इंटीग्रेशन पर निर्भर करेगा।

बेरी ने कहा कि औद्योगिक परिवर्तन का परिणाम भारतीय नागरिकों के लिए के लिए रोजगार के अवसरों और उच्च आय के रूप में प्रदर्शित होना चाहिए।

51 नक्सलियों ने डाले ...

की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बीजापुर जिले में पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान के तहत आज सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों से कुल 66 लाख के इनामी 51 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन सभी ने संविधान पर आस्था व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में सम्मानजनक जीवन जीने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम इस बात का प्रमाण है कि बस्तर भय और हिंसा के अंधकार से बाहर निकलकर शांति, विश्वास और प्रगति के नए युग में प्रवेश कर रहा है। शासन की संवेदनशील नीतियाँ और मानवीय दृष्टिकोण इस परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि संवाद ही इस समस्या का स्थायी समाधान है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देश अब नक्सल मुक्त भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा में प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस परिवर्तन की यात्रा में सहभागी बनें, ताकि छत्तीसगढ़ का प्रत्येक गाँव शांति, प्रगति और समरसता का प्रतीक बन सके।

सीजीपीएससी घोटाले ...

किए गए थे। एजेंसी ने सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी को घोटाले का मास्टरमाइंड बताया है। इसके अलावा आरती वासनिक, जीवन किशोर ध्रुव, निशा कोसले और दीपा आडिल को भी आरोपी बनाया गया है। सभी आरोपियों की भूमिका का विस्तार से जिक्र करते हुए सीबीआई ने सबूतों और गवाहों के आधार पर कोर्ट को जानकारी दी है। फिलहाल सभी आरोपी सीबीआई की न्यायिक रिमांड में जेल में बंद हैं। मामले में अब तक 12 गिरफ्तारियां हो चुकी है।

राष्ट्रपति ने राफेल...

एयर चीफमार्शल ए पी सिंह और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। र राष्ट्रपति ने वायु सेना के पायलट और अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत भी की।

राष्ट्रपति का अंबाला वायु सेना से राफेल में उडान भरने का एक महत्व यह भी है कि फ्रांस से खरीदे गये इस विमान को पहले स्क्वाड्रन के माध्यम से इसी हवाई अड्डे पर वायु सेना के बेड़े में शामिल किया गया था।

कर्पूरी ठाकुर के संकल्पों को ...

हुए कहा कि मैं पूरे बिहार में घूमकर आया हूँ। ऐसी ही भीड़ बिहार में हर जगह दिखाई पड़ती है। 14 तारीख को चुनाव का क्या परिणाम आएगा,ये मैं आपको आज ही बता देता हूं कि 14 तारीख को 8 बजे मतगणना शुरू होगी, 9 बजे बैलेट बॉक्स खुलेंगे और एक बजते-बजते लालू-राहुल का सूपड़ा साफहो जाएगा और फिर से एक बार यहां पर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने समस्तीपुर को पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली बताते हुए कहा कि लालू यादव और कांग्रेस ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न नहीं मिलने दिया था,।

12 नवंबर तक जेल में रहेंगे ...

घोटाले की जांच ईडी ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस घोटाले के कारण प्रदेश के खजाने को भारी नुकसान हुआ और करीब 2,500 करोड़ रुपये की अवैध कमाई (पीओसी) घोटाले से जुड़े लाभार्थियों की जेब में पहुंचाई गई।

आसाराम को बड़ी ...

बेंच में हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आसाराम को इलाज के लिए जमानत देने का फैसला सुनाया।

रायपुर, दुर्ग, धमतरी और ...

निवास, सत्यम विहार में नाहटा के घर और कामठी लाइन स्थित भंसाली के यहां रेड की कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक यह कार्रवाई माईनिंग यानी खनन से जुड़े हुए कारोबारी सप्लायर और ब्रोकर के यहां हो रही है। साथ ही ये भी बताया जा रहा है कि कार्रवाई डीएमएफ घोटाले से जुड़े मामलों में की जा रही है।

माइनिंग और डीएमएफघोटाले ...

रायपुर और राजनांदगांव में सबसे ज्यादा ठिकानों पर रेड की गई है। घोटाले में करोड़ों रुपये के अनियमित लेनदेन और भ्रष्टाचार की आशंका है, जिसकी जांच ईओडब्ल्यू और एसीबी कर रही है।

न्यूज गैलरी

छात्र ने बनाई मोदी की तस्वीर भेंट करने का किया आग्रह

महासमुंद/नवप्रदेश। महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी व भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात कर प्रांजल सोनी द्वारा बनाई गई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर दिखाई और आग्रह किया कि एक नवंबर को नया रायपुर में होने वाले राज्योत्सव कार्यक्रम में पीएम मोदी को प्रांजल से दिलवाने की व्यवस्था कराने का आग्रह किया। जिस पर कलेक्टर लंगेह ने पीएमओ कार्यालय से बातकर हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन देते हुए प्रांजल सोनी की प्रतिभा को सराहा। मालूम हो कि इससे पहले प्रांजल सोनी ने छत्तीसगढ़ के गवर्नर व सीएम को भी स्वयं द्वारा बनाई तस्वीर भेंट की है। इस दौरान प्रांजल सोनी के पिता पंकज सोनी भी मौजूद थे।

अनुकंपा नियुक्ति के लिए वर्षों से चक्कर लगा रहा एक युवक

महासमुंद/नवप्रदेश। अनुकंपा नियुक्ति के लिए एक युवक कलेक्टोरेट और डीईओ कार्यालय का लगातार चक्कर काट रहा है। 30 साल बाद भी उसे न्याय नहीं मिल पाया है। प्रेमसागर चौहान ने 7 अक्टूबर को कलेक्टर से शिकायत की थी। कलेक्टर कार्यालय से आवेदन को डीईओ के पास जांच के लिए भेजा गया था। 10 दिन बाद डीईओ कार्यालय जाकर पता करने पर वहां के अधिकारियों ने 30 साल तक कहां थे कहकर चलता कर दिया। बसना क्षेत्र के प्रेमसागर चौहान ने अपने पिता कन्हैयालाल चौहान की मृत्यु पश्चात मिलने वाली अनुकंपा नियुक्ति में अनियमितता का गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से न्याय की मांग की है। प्रेमसागर का कहना है कि अनुकंपा नियुक्ति उनके पारिवारिक सदस्य को दिए जाने के बजाय किसी अन्य व्यक्ति संतलाल मुखर्जी को दे दी गई है, जो वर्तमान में उसी पद पर कार्यरत हैं।

पति ने की पत्नी से साथ मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। पत्नी से मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ कोमाखान थाने में अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस को देवकी बाई पति बलमत गोंड़ ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे देवर तुलसी और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो रहा था, जिन्हें उनके पति बलमत समझाने का प्रयास कर रहे थे, जिस पर उसने पति बलमत से कहा कि दूसरे के झगड़े में मत पड़ो कहा, तो उन्होंने गाली-गलौज कर डंडे पीटा और जान की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपी पति के विरूद्ध धारा 296,115(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

निधन

श्रीमती राधा देवी सिन्हा

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा की माता श्रीमती राधा देवी सिन्हा का आज दिनांक 29 अक्टूबर 2025, दिन बुधवार, को निधन हो गया जिसका अंत्येष्टि संस्कार मुक्तिधाम, गरियाबंद में दोपहर 2:00बजे किया गया । जिसमें अंतिम बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए ।

श्रद्धालुओं ने ली 'सेवा धर्म' निभाने की प्रेरणा

श्रद्धा और भक्ति से मनाई गई संत जलाराम बापा की 226वीं जयंती

गरियाबंद/नवप्रदेश। संत जलाराम बापा की 226वीं जयंती बुधवार 29 अक्टूबर को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुजराती समाज का उत्साह देखते ही बनता था। गांधी मैदान स्थित हरीश भाई ठक्कर के निज निवास पर भव्य आयोजन हुआ, जहाँ सुबह मंगलाचरण और जलाराम बापा के तैल चित्र के पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

समाज के वरिष्ठजन, महिलाएँ, बच्चे और अन्य समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत अभिषेक, पूजन, दीप दान और महाभोग का अनुष्ठान संपन्न किया गया। महाआरती के पश्चात महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर जलाराम बापा के गुणगान किए। पूजा के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में खिचड़ी, कढ़ी, नुक्ती और गठिया वितरित किया गया। शाम को भजन और गरबा का आयोजन हुआ, जिसमें समाज की महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रोमा सरवैय्या ने आगे कहा कि जलाराम बापा ने मानवता, भक्ति और सेवा का ऐसा संगम प्रस्तुत किया जो आज भी प्रेरणादायी है।

धार्मिक परंपरा का विस्तार

संत जलाराम बापा का जन्म संवत 1856 कार्तिक शुक्ल सप्तमी को राजकोट के पास वीरपुर ग्राम में हुआ था। उनके पिता प्रधान ठक्कर और माता राजबाई धार्मिक संस्कारों से परिपूर्ण थे। गुरु भोजलराम के आशीर्वाद से उन्होंने सदाव्रत भोजनशाला आरंभ की, जहाँ साधु-संतों और राहगीरों के लिए चौबीसों घंटे निःशुल्क भोजन की व्यवस्था रहती थी। जनश्रुति है कि आज भी जो सच्चे मन से बापा की पूजा करता है, उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि आज जलाराम बापा का तीर्थस्थल वीरपुर विश्वभर में प्रसिद्ध है। हरीश भाई ठक्कर ने कहा -भक्ति और सेवा का संगम ही जलाराम बापा का सच्चा संदेश है। इस अवसर पर समाजसेवी हरीश भाई ठक्कर ने कहा— पूज्य संत जलाराम बापा का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है। वे हमें यह सिखाते हैं कि सच्ची पूजा केवल मंदिर में नहीं, बल्कि दूसरों की सेवा में है। हर वर्ष हम इसी भावना के साथ यह आयोजन करते हैं, ताकि समाज में प्रेम, भक्ति और एकता का संदेश फैलाया जा सके।

जलाराम बापा का संदेश -'सेवा ही धर्म है'

इस अवसर पर रोमा सरवैय्या ने संत जलाराम बापा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जीवन 'सेवा और अन्नदान' के आदर्श पर आधारित था। उन्होंने सदाव्रत नामक भोजनालय की स्थापना की थी, जहाँ जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन दिया जाता था। उनका मानना था कि -ईश्वर की सेवा उन्हीं इंसानों की सेवा में है, जो जरूरतमंद हैं।

भूमि त्रुटि सुधार में लूट, बिजली संकट और फर्जी शराब दुकान प्रस्ताव से भड़के किसान

■ **11नवंबर को कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन**

धमधा/नवप्रदेश। किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक की एक महत्वपूर्ण बैठक हीरेतरा ग्राम में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने की। बैठक में किसानों की तीन प्रमुख समस्याओं — भूमि त्रुटि सुधार में भ्रष्टाचार, बिजली संकट, और अछोली शराब दुकान प्रकरण — पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इन तीनों मुद्दों पर 11 नवंबर को कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इश्तहार, पेशियां और बयान के बावजूद सुधार नहीं किया जाता। आखिरकार किसानों को मजबूर होकर पैसे देने पड़ते हैं, तभी काम आगे बढ़ता है।

-बाबा टेक सिंह चंदेल
किसान नेता

किसानों के हक पर डाका

भूमि त्रुटि सुधार बना किसानों की लूट का जरिया

बैठक में सबसे पहले भूमि त्रुटि सुधार को लेकर किसानों ने अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की। किसानों का आरोप है कि तहसील और राजस्व विभाग के अधिकारी – पटवारी और आरआई (राजस्व निरीक्षक) – किसानों को जानबूझकर परेशान कर रहे हैं।किसानों को मामूली भूमि सुधार के लिए बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, फिर भी काम नहीं होता। किसानों ने इसे एक संगठित लूट तंत्र बताया जो पटवारी स्तर से शुरू होकर ऊपरी अधिकारियों तक फैला है। संगठन ने इस व्यवस्था को किसानों के अधिकारों पर डाका बताते हुए प्रशासन से तत्काल सुधार की मांग की।

बैठक में दूसरा बड़ा मुद्दा विद्युत व्यवस्था का रहा। किसानों ने बताया कि ठेलका सब-स्टेशन में कर्मचारियों की भारी कमी है, जिससे पूरे क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे किसानों की सिंचाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। किसानों ने कहा कि प्रशासन को कई बार शिकायत दी गई, परंतु आज तक कोई सुधार नहीं हुआ।

अछोली शराब दुकान विवाद

बैठक में तीसरा बड़ा मुद्दा अछोली ग्राम में शराब दुकान खोलने हेतु फर्जी पंचायत प्रस्ताव का उठा। किसानों ने आरोप लगाया कि इस षड्यंत्र में जनपद पंचायत धमधा के सीईओ की मिलीभगत है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लापरवाही के चलते गर्भ में ही बच्चे की मौत

भटगांव/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ क्षेत्र के नगरदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि नर्स और सफाई कर्मी की लापरवाही से बच्चा जन्म होने के पहले ही माँ के गर्भ में ही मर गये। अब पीड़ित परिवार मीडिया के सामने आकर न्याय की गुहार लगाई है।

दरसल पीड़िता और उनके परिजन की मानें तो 20 सितम्बर को अनामिका टंडन को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। जिन्हें बिलाईगढ़ के नगरदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया और भर्ती कराया। भर्ती के बाद नर्स नंदनी पटेल ने बच्चे की डिलवरी कराने आश्वासन दिया। लेकिन बच्चे की डिलवरी नहीं करा पाई। 21 सितम्बर को उन्हें जबरन प्रायवेट हॉस्पिटल भेजा गया जहां उनका बच्चा मरा पैदा हुआ। पीड़िता का आरोप है कि डिलवरी के दौरान नर्स और झाड़ू पोछा करने वाली महिला उनके गर्भ व शरीर के अन्य अगों को गलत तरीके से दबाया गया साथ ही उनके प्राइवेट पार्ट पर गलत चीरा लगाकर उन्हें लहू-लुहान किया गया। जिससे महिला असहनीय दर्द बर्दास्त की और अन्य हॉस्पिटल भेजने निवेदन की, लेकिन नर्स उल्टे पीड़िता के साथ अभद्र व्यवहार किया और उनकी कोई भी बात नहीं सुनी गई। अंततः महिला के गर्भ में गलत तरीके से हाथ डाल उनके बच्चे को चोंट पहुंचाया गया। जिससे बच्चे गर्भ में ही मर गये। ऐसे में अब पीडिता न्याय के लिए जिला कलेक्टर और जिला स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक होने के साथ संत हमारे आराध्य और आध्यात्मिक पूंजी : विजय

धमतरी/नवप्रदेश। जलाराम बापा की जयंती के अवसर पर मठ मंदिर में स्थित उनकी प्रतिमा तथा भव्य मंदिर में माथा टेकर नगर निगम सभापति विजय मोटवानी ने समाज के सुख शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की वहां पर उपस्थित गुजराती समाज के सभी लोगों को आराध्य संत बाबा जलाराम जो की हनुमान जी के अवतार माने जाते हैं को शक्ति का प्रतीक बताते हुए मोटवानी ने कहा कि समय-समय पर धरती पर संत के रूप में ईश्वर का अवतार होता है सच्चे अर्थों में समाज में फैली हुई विकृतियों को दूर करने के लिए संत का योगदान हमेशा सच्चे समाज सुधारक के रूप में समाज के पद प्रदर्शन करते हुए आस्था व श्रद्धा के साथ हम सबके लिए आराध्याय हो जाते हैं समकालीन समय में संत जलाराम जी के संदेश के कारण ही सनातन धर्म अध्यात्म में हम संस्कृति को मजबूती प्रदान करने के लिए गुजराती समाज और गुजरात प्रांत का योगदान आज महत्वपूर्ण है और इसी के बल पर भारत फिर से विश्व गुरु बनने की और अग्रसर हो रहा है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं राजाडेरा में कम्युनिटी पुलिसिंग का आयोजन

■ **साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया, नि:शुल्क मेडिकल कैम्प**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कम्युनिटी पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा अपने टीम के साथ आज थाना मैनपुर क्षेत्रातंर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम मटाल एवं राजाडेरा के ग्रामीणों के बीच बैठ कर उनकी समस्याएं सुने। गांव के बच्चों, प्रमुखों एवं महिलाओं से बातचीत किये। बातचीत के दौरान वहां के लोगों के द्वारा मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, स्कूल, भवन आदि के संबंध में समस्या पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखे। पुलिस अधीक्षक के द्वारा संबंधित विभाग के प्रमुखों से बात कर शीघ्र मूलभूत सुविधा दिलाए जाने के संबंध में आश्वासन दिये। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, चॉकलेट, बीस्किट एवं ग्रामीणों को साल एवं साड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर के डॉक्टर चमन कण्ड्रा की टीम द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा दवाइयाँ वितरित की गईं। उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों ने इस कैम्प का लाभ उठाया। शासन के आत्मसमर्पण निती के तहत जो नक्सली अपने परिवार एवं समाज से बिछड कर हिंसा को अपनाएं है। उन सभी मावओवादी के साथ क्षेत्र के सक्रिय नक्सलियों के लिए आत्मसमर्पण का संदेष ग्रामीणों के माध्यम से दिया गया है। आत्मसमर्पण जानकारी के संबंध में गांव में जगह-जगह पोस्टर लगाया गया है। जिसके माध्यम से क्षेत्र में सक्रिय माओवदी ग्रामीणों एवं दूरभाष नम्बर 94792-27805 के माध्यम से संपर्क कर स्थानीय पुलिस थाना, कैम्प में हथियार के साथ आत्मसमर्पण कर सकते है।

लकड़ी से लदे ट्रैक्टर से स्कूटर टकराया, एक गंभीर रूप से घायल

■ **भटगांव पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त किया, लकड़ी की जांच की मांग उठी**

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव के झुमरपाली में मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहाँ लकड़ी से भरी ट्रैक्टर से टकराने पर स्कूटर सवार दो लोग घायल हो गए। हादसा अक्षांश किराना स्टोर्स के पास हुआ।

स्थानीय लोगों ने तुरंत भटगांव थाना को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया, जहाँ एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है जबकि दूसरा मामूली रूप से घायल है।

कैसे हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, दोनों घायल केडार-पठारिपाली के रहने वाले हैं और मंगलवार रात स्कूटर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान झुमरपाली की आरा मशीन के सामने मेन रोड पर लकड़ी से भरी ट्रैक्टर लापरवाहीपूर्वक खड़ी थी, जिससे उनका स्कूटर टकरा गया प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सामने से आ रही एक गाड़ी की तेज रोशनी स्कूटर सवार की आँखों में पड़ गई, जिससे दृश्य बाधित हुआ और स्कूटर सीधे ट्रैक्टर में जा घुसा।

ग्रामीणों ने वन विभाग से जांच की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि लकड़ी कानूनी है या नहीं।

आगे की कार्रवाई पर निगाहें

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब देखना यह होगा कि भटगांव पुलिस लकड़ी की उत्पत्ति की जांच के लिए वन विभाग को सूचना देती है या नहीं, या फिर यह मामला रफा-दफा कर समाप्त कर दिया जाएगा।

लकड़ी से लदे ट्रैक्टर पर उठे सवाल

घटना के बाद भटगांव पुलिस ने लकड़ी से भरी ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि यह ट्रैक्टर भानु फर्नीचर (भटगांव-रोहिना) का है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैक्टर में भरी लकड़ी संभावित रूप से जंगली या बेशकीमती हो सकती है, जिसे रात में आरा मशीन पर लाने की कोशिश की जा रही थी।

धर्म, एकता और संस्कार का संगम सिन्हा समाज ने मनाई सहस्त्राबाहुअर्जुन की जयंती

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद नगर में डड़सेना सिन्हा कलार समाज द्वारा कार्तिक मास की सप्तमी तिथि पर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाज के मंडलेश्वर गैंद लाल सिन्हा के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर समाज की समृद्धि और एकता की कामना की। पूजन-अर्चन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडलेश्वर गैंद लाल सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन ने सदैव धर्म, सत्य और समाज सेवा का संदेश दिया। आज उनके आदर्शों को अपनाकर समाज को संगठित और सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ और युवा सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से ग्राम प्रमुख खोवा लाल सिन्हा, युवा ग्राम प्रमुख मुरली सिन्हा, गोपाल सिन्हा, गोलू सिन्हा, दिनु सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, रमेश सिन्हा, भुवन सिन्हा, प्रमोद सिन्हा, सूरज सिन्हा, विक्की सिन्हा, मुकेश सिन्हा, रोमी सिन्हा, कोमल सिन्हा, दिवेश्वर सिन्हा, भारत सिन्हा, मुन्ना सिन्हा और कुमार सिन्हा सहित अनेक स्वजातीय बंधु मौजूद रहे।

क्रिकेट प्रतियोगिता | **आयोजक समिति ने विजेता छत्तीसगढ़ इलेवन को 81,111 रुपए और उपविजेता को 41000 रुपए दिए**

बारिश में भी जोश बरकरार, छत्तीसगढ़ इलेवन ने जीता यूनिटी कप

छुरा/ नवप्रदेश। नगर के स्टेडियम में आयोजित यूनिटी कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का रोमांचक समापन सोमवार को हुआ। फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ इलेवन ने रॉयल चैलेंजर्स बिरनीबाहरा (आरसीबी) को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल में बारिश बार-बार खलल डालती रही, लेकिन खिलाड़ियों का जोश कम नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। आरसीबी ने निर्धारित 8 ओवर में 70 रन बनाए। लगातार बारिश के चलते मैच को डीएलएस पद्धति से तय किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ हॉस्पिटल इलेवन को 6 ओवर में 60 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 68 रन बनाकर फाइनल अपने नाम किया।

पुरस्कार वितरण समारोह विजेता छत्तीसगढ़ इलेवन को 81,111 रुपए नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी गई, जबकि उपविजेता आरसीबी बिरनीबाहरा को 41,000 एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच पप्पू साहू (छत्तीसगढ़ इलेवन) मोमेंटो, मैन ऑफ द सीरीज पप्पु साहू (छत्तीसगढ़ इलेवन) फ्रीज पप्पु साहू ने टूर्नामेंट के 6 मैचों में कुल 119 रन बनाए, जिसमें कई महत्वपूर्ण पारियां शामिल रहीं। बेस्ट बैट्समैन पप्पू साहू (छत्तीसगढ़ इलेवन) एलईडी टीवी पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। वहीं बेस्ट बॉलर का खिताब संजय साहू (छत्तीसगढ़ इलेवन) को साइकिल प्रदान की गई। संजय साहू ने पूरे टूर्नामेंट में 6 मैचों में शानदार 15 विकेट झटके और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पुरस्कार वितरण समारोह में हेमचंद देवांगन, नीलकंठ ठाकुर और रेवेन्द्र दिक्षित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों से खेल भावना को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। पूरे टूर्नामेंट का संचालन प्रतीक शर्मा, सोनू दिक्षित, मोनू यादव, मोनू सेन, यूनुस परवेज खान, अंशुल तिवारी और राज लहरे की टीम द्वारा किया गया। उत्कृष्ट प्रबंधन और अनुशासन के कारण टूर्नामेंट को दर्शकों ने भी खूब सराहा। बारिश से प्रभावित फाइनल के बावजूद स्टेडियम में उत्साह चरम पर रहा। दर्शकों की तालियों और नारों के बीच छत्तीसगढ़ इलेवन ने यूनिटी कप की ट्रॉफी उठाई और टूर्नामेंट के इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा लिया।

अखंड भारतीय संस्कृति के विस्तारक थे सहस्त्रबाहु देव अर्जुन : सिन्हा

छुरा/नवप्रदेश। धर्म परायण सम्राट राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु देव अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाया गया। सेवानिवृत्त व्याख्याता, लोकगीत गायक के.आर. सिन्हा ने परिवार सहित अपने इष्ट देव की पूजा अर्चना किया। के.आर. सिन्हा ने इस पुनीत अवसर पर समस्त स्वजातीय कुटुंब को शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि को महिष्मती साम्राज्य के अधिपति सहस्त्रबाहु देव अर्जुन का अवतरण हुआ। मद् भागवत कथा पुराण एवं वाल्मीकि रामायण के अनुसार वे हरि विष्णु के 24 वें अवतार थे। हैहयवंश के दसवीं पीढ़ी में महाराज हैहय एवं माता पद्मिनी के संतान के रूप में उनका प्राकट्य हुआ। उन्होंने भगवान दत्तात्रेय नारायण की कई वर्षों तक कठिन तपस्या की, जिसके फल स्वरुप एक हजार हाथ का वरदान मिला और सहस्त्रबाहु नाम पड़ा। महाप्रतापी सहस्त्रबाहु देव, राजराजेश्वर, कार्तवीर्य, सहस्त्रार्जुन की उपाधि से विख्यात हुए। शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि हमारे इष्ट देव सहस्त्रबाहु देव अर्जुन ने त्रिलोक विजयी दशानन रावण को हराकर बंदी बनाया था। वे सुदर्शन चक्रावतार, सप्तद्रविपाधी, दसग्रीव विजयी थे।

छाया वर्मा के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

खरोरा/नवप्रदेश। जिला रायपुर के खरोरा ब्लॉक के अंतर्गत खरोरा -केसला में कांग्रेस पार्टी का हस्ताक्षर अभियान प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसमे खरोरा परिछेत्र के कांग्रेस कार्यकर्त्ता ने इस अभियान का आगाज आज किया गया, कांग्रेस के कार्यकर्त्ता इस अभियान के तहत घर घर जा कर लोगो को इस अभियान के बारे में बताया गया वह सहमति से हस्ताक्षर लिया गया, इस अभियान की शुरुवात करते हुवे पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा ने कहा की इस अभियान का उद्देश्य जनता की आवाज़ को मज़बूती से उठाना है।

वोट चोर – गद्दी चोर केवल एक नारा नहीं, बल्कि उन ताक़तों के खिलाफ जन-आक्रोश है जो लोकतंत्र और जनादेश का अपमान करती हैं। जनता का वोट विश्वास होता है, और जो उस विश्वास को तोड़ते हैं, वे लोकतंत्र के अपराधी हैं। खरोरा ब्लॉक की जनता ने कांग्रेस विचारधारा के प्रति अटूट विश्वास दिखाया है। हर पंचायत, हर गाँव में जनता ने इस हस्ताक्षर अभियान को समर्थन दिया।

यह आंदोलन शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और जनहित की रक्षा के लिए है। वही खरोरा नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद डॉ सुरेन्द्र गिलहरे ने कहा की हमारी माँग स्पष्ट है – जनादेश का सम्मान हो, जनता से छल करने वालों पर कार्रवाई हो, और जवाबदेही तय की जाए। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, जब तक लोकतंत्र के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होती। खरोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हस्ताक्षर अभियान में धरसींवा युवक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा, मुकेश भारद्वाज सभापति जनपद पंचायत तिल्दा, जुबेर अली पूर्व पार्षद खरोरा, सहित अन्य कांग्रेस के कार्यकर्त्ता उपस्तिथ थे।

सिहावा में यादव समाज 5 को मनाएगा गोवर्धन महोत्सव

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले सिहावा क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से गोवर्धन पूजा महोत्सव मनाया जाएगा सर्व यादव समाज का बैठक सिहावा मां शीतला के तत्वधान में राधा कृष्ण यादव भवन में संपन्न हुआ सर्वप्रथम भगवान इष्टदेव राधा कृष्ण जी की और मां शीतला की पूजा अर्चना कर समाज की संगठन मजबूती और समाज की क्षेत्र की खुशहाली की कामना कर बैठक की शुभारंभ किया गया जिसमें मनोनीत राम स्वरूप यादव बिरगुड़ी को सभापति मनोनीत कर गोवर्धन पूजा महोत्सव की विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुआ जो इस भव्य महोत्सव को शांति और सुचारू रूप से मनाए जाने के लिए युवा प्रकोष्ठ को एक विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमें गोवर्धन पूजा महोत्सव तैयारी के चलते युवा वर्ग कि एक अच्छी पहल कि ओर समाज के प्रति सहयोग देखने को मिल रहा है जो कही ना कही समाज में एकता संगठन ओर सामाजिक मूल्यों ढांचों को बेहतर बनाने ओर समानता स्थापित को बढ़ावा देती हैं जो इस महोत्सव की तैयारी जोरो शोरों से चल रही है जो पूरी तरह सिहावा क्षेत्र इस गोवर्धन पूजा महोत्सव में झूम उठता हैं। जो कि प्रति वर्ष की भांति मनाए जाने वाला महोत्सव कार्तिक पूर्णिमा गोवर्धन पूजा महोत्सव इस वर्ष कुछ विशेष रूप से मनाया जाएगा इस महोत्सव में कृष्ण सजावट ,कलश सगावट, झाकी और राउत नाचा भी विभिन्न क्षेत्रों को आमंत्रित किया गया है जो इस सभी प्रत्येक विधाओं पर समाज के दानदाताओं द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय ईनाम रखा गया है और साथ ही साथ प्रदेश एवं जिले के प्रतिनिधि सहित क्षेत्र के प्रतिनिधियों को अतिथि के रूप में भी आमंत्रित किया गया है जो धमतरी जिले के सिहावा क्षेत्र में होने वाला यह दिव्य और भव्य महोत्सव होता है जो काफी ममनमोहक और देखने लायक होता है।

न्यूज गैलरी

ब्राह्मण समाज के आंवला नवमी आज

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 30 अक्टूबर गुरुवार को समाजिक भवन में आंवला नवमी मनाया जाएगा। इस पावन पर्व पर विद्वान पुरोहितों द्वारा कार्तिक मास की महत्ता को उधृत करते हुए पूजन पश्चात समाज के धरोहर वृद्धजनों, प्रतिभावान विद्यार्थियों व खेल या अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का समाज द्वारा सम्मान किया जाएगा। महिलाओं व बच्चों द्वारा विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति व समाजिक चर्चा पश्चात आंवला नीचे सामूहिक भोज किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने सभी विप्रजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

राष्ट्र और संस्कृति में पर्वोत्सवों का विशिष्ट योगदान : अनुसुइया

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा आभासी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसमें विशिष्ट अतिथ के रूप में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल आमंत्रित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम वाजपेयी इंदौर ने की। मुख्य वक्ता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के हिंदी विभागाध्यक्ष व कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि नागरी डॉ. हरिसिंह पाल, लिपि परिषद नई दिल्ली के महामंत्री सुरेशचंद्र शुक्ल, शरद आलोक, ओस्लो नार्वे के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रभु चौधरी, डॉ. जितेंद्र कुमार तिवारी मुंबई, डॉ. रश्मि चौबे गाजियाबाद उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न पर्व उत्सव लोकजीवन को सार्थक दिशाबोध देते हैं। राष्ट्र और संस्कृति को उत्कर्ष पर ले जाने के लिए इनका विशिष्ट योगदान है। भारत के पर्व-उत्सव 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' के सशक्त संदेश है। ये हमें जीवन को उत्साहपूर्ण जीने की प्रेरणा देते हैं। इन पर्वों के जरिए हम पौराणिक आख्यानों, समृद्ध अतीत और विरासत से आज की युवा पीढ़ी को रूबरू कराते हैं और यही हमारा कर्तव्य भी है। क्योंकि आगे चलकर इस युवा पीढ़ी को ही भारत की समृद्धि में श्री वृद्धि करना है। मुख्य वक्ता प्रो.शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय पर्वोत्सव दुनिया में विलक्षण हैं।

वेतन वृध्दि की मांग को लेकर जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों ने प्रारंभ किया चरणबद्ध आंदोलन

काली पट्टी लगाकर जताया आक्रोश

धमतरी/नवप्रदेश। वेतन वृध्दि नहीं करने से नाराज जिला सहकारी बैंक के कर्मियों ने राज्य सरकार के प्रति मोर्चा खोल दिया आज जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर राज्य शासन के प्रति अपना आक्रोश जताया।

ज्ञात हो कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी पिछले पांच साल से वार्षिक वेतन वृध्दि नहीं दिए जाने से नाराज़ जिला सहकारी बैक के कर्मी आंदोलन की राह पर है।जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ ने आंदोलन की विधिवत सूचना सौंप दी है। 29 अक्टूबर से बैंक मुख्यालय एवं सभी शाखाओं में काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 3 से 5 नवंबर तक सुबह साढ़े दस बजे से एक घंटे तक कलमबंद कर नारेबाजी होगी।

जबकि 6 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश लेकर बैंक मुख्यालय और सभी शाखाओं में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन होगा। इधर 7 से 11 नवंबर तक नोडल कार्यालयों गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी एवं बलौदा बाजार में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कर्मचारी संघ ने दावा किया है कि बैंक मुख्यालय समेत सभी 73 शाखाओं के कर्मचारी आंदोलन पर रहेंगे। ऐसी स्थिति में धान खरीदी की व्यवस्था से संबंधित तैयारी समेत भुगतान और बैंकिंग कार्य ठप पड़ने की आशंका है। कर्मचारियों ने बैंक प्रबंधन से लेकर आयुक्त सहकारिता और पंजीयक को भी फैसले से अवगत करा दिया है। ज्ञात हो कि आगामी 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो रही तथा किसानों का संपूर्ण कार्य जिला सहकारी बैंक के माध्यम से होता है ऐसे में जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों का हड़ताल पर जाना परेशानी का सबब बन सकता है।

श्रीआदिगौड़ ब्राह्मण महासभा का दीपावली मिलन समारोह

भाटापारा/नवप्रदेश। श्रीआदिगौड़ ब्राह्मण महासभा का दीपावली मिलन समारोह बड़े ही उत्साह के साथ सामाजिक कुंदन भवन में संपन्न हुआ । सर्वप्रथम समस्त देवी देवताओं के जयघोष के साथ समाज के अध्यक्ष हरगोपाल शर्मा द्वारा उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं को दीपावली की मंगलमयी शुभकामनाएं दे उनका यथायोग्य अभिवादन किया एवं सामाजिक भवन में हो रहे विकास कार्यों से उन्हें अवगत कराया तथा भविष्य में समाज के उत्थान के लिए होने वाले कार्यों की रुपरेखा रखी। इस अवसर पर समाज के अन्य सदस्यों ने भी समाज हित में अपने विचार रखे । इस दीपावली मिलन समारोह में समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं ट्रस्टी रमेश तिवारी, डा ओ पी शर्मा,अनिल भृगु,पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा (फगा महाराज) ,संतोष शर्मा,सत्यनारायण शर्मा, ओम प्रकाश जोशी,सुशील भृगु,देवेंद्र भृगु,रुपेश तिवारी,रवि भृगु,राजेंद्र शर्मा,धनश्याम वैष्णव,प्रमोद शर्मा,लक्ष्मीनारायण शर्मा(लच्छू काका),नरेश शर्मा, राजेश भृगु,विजय पाण्डेय, देवा शर्मा,प्रमेन्द्र भृगु,प्रमेंद्र तिवारी ,तरुण पाण्डेय,मधुसूदन शर्मा,देवनारायण शर्मा,रवि पाण्डेय,राजू तिवारी,आतिश शर्मा,शिवा तिवारी,नरेंद्र शर्मा शैलेश दवे एवं मंदिर के पुजारी पंडित रमाकांत त्रिपाठी सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

अमरूवा एवं गोलझर क्षेत्र का निरीक्षण

कसडोल/नवप्रदेश। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने सोमवार को भक्तिन बांध अमरूवा, बांस प्रसंस्करण केंद्र अमरूवा एवं झरिया बांध गोलझर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं, रोजगारमूलक गतिविधियों पर जोर दिया। वनमण्डलाधिकारी ने समिति सदस्यों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में उपलब्ध प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधनों का उपयोग कर स्थानीय स्तर पर पर्यावरण-अनुकूल आजीविका और इको-टूरिज्म आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए।इसके साथ ही उन्होंने अमरुवा में स्व-सहायता समूहों को मछली पालन, मुर्गी पालन जैसी रोजगारमूलक गतिविधियाँ वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से संचालित करने के निर्देश दिए जिससे स्थानीय समुदायों की आयवृद्धि के साथ-साथ संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान भक्तिन बांध अमरूवा और झरिया बांध गोलझर को पर्यटन दृष्टि से विकसित करने हेतु प्रस्तावित गतिविधियाँ जैसे नेचर ट्रेल, बर्ड वॉचिंग पॉइंट, सामुदायिक विश्राम स्थल एवं स्थानीय उत्पाद बिक्री केंद्र स्थापित करने के सुझाव भी दिए गए। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, संसाधन संभावनाएँ एवं वर्तमान गतिविधियों की जानकारी दी।

जिला स्तरीय बैडमिंटन में 3 खिलाड़ी रहे विजेता

14 वर्ष में पूर्वंश चंद्राकर एवं तेजस्विनी राय हर्ष शर्मा एवं देवांगी साहू बनीं विजेता

❑ जिला स्तरीय बैडमिंटन में 45 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला बैडमिंटन संघ द्वारा दिनांक 26 एवं 27 अक्टूबर को जिला स्तरीय सब जूनियर चयन ट्रायल वन विद्यालय बैडमिंटन हॉल में आयोजित किया गया, जिसके आधार पर राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता जो कि आगामी 11 नवंबर 2025 से बैडमिंटन अकादमी नया रायपुर में आयोजित होना है उसके मुख्य ड्रा में सीधे प्रवेश मिलेगा। महासमुंद जिले के बागबाहरा, सरायपाली, बसना, पिथौरा एवं महासमुंद विकासखंड से 45 बालक एवं बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में बालक 15 वर्ष से कम उम्र में महासमुंद के पूर्वान्श चंद्राकर विजेता बना एवं उपविजेता बागबाहरा के चिराग खान बना। इसी तरह 15 वर्ष से कम उम्र के बालिका वर्ग में बागबाहरा की तेजस्विनी राय विजेता बनी एवं बागबाहरा की ही दीवांगी साहू उपविजेता बनी। 17 वर्ष से कम उम्र के बालक वर्ग में महासमुंद के हर्ष शर्मा विजेता बना एवं महासमुंद के तनमय साहू उपविजेता रहा। 17 वर्ष से कम उम्र की बालिका वर्ग में बागबाहरा की देवांगी साहू विजेता बनीं एवं महासमुंद की युक्ति उपविजेता रही। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों में योगेश सोनी, कमलेश चिन्दा, जगमीत राय, सरोज राय एवं सचिव घनश्याम सोनी द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

सरदार पटेल जयंती पर 3 दिवसीय पदयात्रा

❑ 6 को महासमुंद, 7 को गरियाबंद और 8 को धमतरी में होगा आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। केंद्र की मोदी सरकार ने भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर एकता व सद्भावना पदयात्रा करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर कम से कम 3 दिवसीय पदयात्रा की रूपरेखा बनाई गई है। यात्रा का उदेश्य आत्मनिर्भता से विकसित भारत नशामुक्त भारत सरदार बल्लभ भाई पटेल व उनके जीवन व योगदान के बारे जानकारी साथ ही साथ स्कूल मे निबंध प्रतियोगिता व अन्य आयोजन करना है। महासमुंद लोकसभा में यह आयोजन 6 से 8 नवंबर को संपन्न होगा। कार्यक्रम की संयोजक सांसद रूपकुमारी चौधरी ने बताया कि आजादी के बाद बनी भारत की अंतरिम सरकार में उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री के रूप में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश के अलग क्षेत्रों की 562 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय कराकर देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया।

आज प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

कोरबा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन गुरूवार 30 अक्टूबर को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से नियोजक सिटी डेंटल केयर, कोरबा तथा इन्फोटेक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, रायपुर के द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

नवजात शिशुओं के लिए किट वितरण

महासमुंद। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सोमवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए किट वितरण किया। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना। बता दें कि विधायक सिन्हा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर यह घोषणा की थी कि वे क्षेत्र में नवजात शिशुओं के लिए किट का वितरण करेंगे। इस कार्य की शुरूआत उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर किया था। उसके बाद से विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचकर विधायक श्री सिन्हा ने नवजात शिशुओं के लिए किट प्रदान किया है। इसी तारतम्य में सोमवार को वे पुत्र तनिष्क सिन्हा व अन्य भाजपा नेताओं के साथ सुबह करीब 11 बजे खरोरा स्थित मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल पहुंचे।

खरीदी ठप होने के आसार

मांगें नहीं मानी गई तो 12 नवंबर से प्रदेश स्तर पर हड़ताल शुरू होगा

चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन का दूसरा चरण जारी, प्रदर्शन

महासमुंद//नवप्रदेश। 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होनी है। इससे पहले ही सहकारी समितियों में कार्यरत समिति प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, कर्मचारी, सेल्समेन और आपरेटरों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। आज मांगों को लेकर एक दिवसीय संभागीय स्तर का प्रदर्शन धमतरी के गांधी मैदान में जारी है। जिसमें जिले के सभी कर्मचारी शामिल हुए है। छ.ग. सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बताया कि आज एक दिवसीय संभागीय ज्ञापन रैली के पश्चात

आगामी 3 नवंबर से 11 नवंबर तक प्रदेश के सभी संभागों में कर्मचारियों द्वारा हड़ताल की जाएगी। यदि मांगें नहीं मानी गयी तो 12 नवंबर से प्रदेश स्तर पर हड़ताल शुरू होगा। छतीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के इस आह्वान मे धान खरीदी कंप्यूटर संघ का भी पूरा समर्थन होने से समिति का कार्य पूरा ठप्प होने के आसार है।

बता दें कि वर्ष 2023-24 में धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सूखत मान्य कर राशि समितियों को देते हुए धान खरीदी वर्ष कंडिका में परिवहन के बाद संपूर्ण सूखत समिति को दें अथवा प्रत्येक सप्ताह संपूर्ण परिवहन हो। शून्य शार्टेज प्रोत्साहन का भी प्रावधान कर विभिन्न प्रदत्त कमीशन, प्रसांगिक, सुरक्षा व्यय में बढ़ोतरी की जाए। मध्यप्रदेश सरकार की भांति शासकीय उचित मूल्य दुकानदारों के विक्रेताओं को प्रतिमाह 3 हजार रुपए दियाजाए। अधिकारी प्रभारी को खरीदी से सम्पूर्ण धान परिवहन मिलान अंतिम तक सूखत की जिम्मेदारी लिखित में जारी किया जाए। प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतनमान देने के लिए प्रति वर्ष प्रत्येक समितियों को 3.3 लाख रूपए प्रबंधकीय अनुदान राशि मध्यप्रदेश सरकार की भांति दी जाए। उक्त मांगों को लेकर सहकारी समितियों में कार्यरत समिति प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, कर्मचारी, सेल्समेन और आपरेटरों ने 24 अक्टूबर को जिले में एक दिवसीय हड़ताल कर जिला मुख्यालय में रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। आंदोलन की दूसरी कड़ी में आज संभाग स्तरीय धरना-प्रदर्शन धमतरी में जारी है। छतीसगढ़ संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा है कि धान खरीद के अनुबंध से कुछ नीतियों में सुधार की महती आवश्यकता है। अगर ऐसा नहीं होता है तो सोसाइटियों की साख पर बुरा असर पड़ सकता है, जिसे बचाना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि 15 नवंबर से पूर्व कर्मचारियों की आवश्यक मांगों पर सरकार फैसला लें, ताकि धान खरीद जैसे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की जा सके।

धान खरीदी के लिए 18 दिन शेष

मालूम हो कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए मात्र 18 दिन ही बाकी है। ऐसे में सोसाइटी कर्मचारियों के आंदोलन से किसानों का पंजीयन, कैरी फारवर्ड, एग्रीस्टेक का कार्य प्रभावित होगा। बता दें कि 31 अक्टूबर तक यह सभी कार्य करने की अंतिम तारीख है और अभी तक 30 प्रतिशत किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है।

नुआपड़ा उपचुनाव में कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव बने स्टार प्रचारक

छुरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे उड़ीसा राज्य के नुआपड़ा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख 11 नवंबर करीब आ रही है, वैसे-वैसे विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक मैदान में उतरने लगे हैं। नुआपड़ा विधानसभा सीट पर इस बार भाजपा से जय ढोलकिया, कांग्रेस से घासीराम मांझी, और बीजेडी से स्नेहा अंजनी छुरिया चुनावी मैदान में हैं। इनके अलावा कुछ निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव शनिवार को नुआपड़ा पहुंचे। उन्हें पार्टी ने स्टार प्रचारक के रूप में जिम्मेदारी दी है।

क्षमता से अधिक मुरूम परिवहन करने पर 4 हाइवा वाहन जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम मालीडीह में खनिज मुरूम का क्षमता से अधिक मात्रा में परिवहन करते पाए जाने पर चार हाइवा वाहनों जप्त किया गया। वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में रखा गया है। खनिज अधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गौ हत्या कांड पर मचा बवाल, उठी निष्पक्ष जांच की मांग

■ पुलिस व प्रशासन के रवैये से आक्रोशित ग्रामीणों ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

बागबाहरा/नवप्रदेश। ग्राम मुनगासेर में दीपावली पर्व के दौरान हुई गौ हत्या की घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैला दिया है। घटना को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों, गौ-सेवकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच एवं दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की माँग की।

इस पूरे मामले में न्यायोचित कार्यवाही नही होने पर सर्व हिन्दू समाज, बजरंग दल, एवं धर्म जागरण समिति ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि ग्राम मुनगासेर में 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा की सुबह बच्चों ने सड़क किनारे एक गाय का कटा हुआ सिर देखा, जिसका बाकी हिस्सा गायब था। यह दृश्य देखकर पूरे क्षेत्र में गौ हत्या की सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पंचायत और पुलिस को दी, जिस पर प्रशासन ने अपने स्तर पर जांच कर एक व्यक्ति के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की गई, लेकिन ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्यवाही में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया व आरोपित को छोड़ने से नाराज थे।

प्रेस वार्ता बताया कि गाँव में एक मुस्लिम परिवार द्वारा भोज के नाम पर गौ हत्या कर हिन्दू परिवारों के लोगों को जबरदस्ती भोज पर आमंत्रित किया गया व उन्हें अभक्ष्य मांस खिलाने कर उनकी धार्मिक भावना को ठेस पहुँचाने का प्रयास किया गया। जिससे ग्रामीण जन नाराज है ग्रामीणों का आरोप है गौ हत्या जैसे संगीन मामले की गंभीरता को प्रशासन ने अनदेखा किया और साथ ही जांच टीमों ने भी साक्ष्यों के साथ खिलवाड़ किया। उन्होंने कहाँ की फॉरेंसिक और वेटनरी टीम द्वारा जांच के दौरान संदेहास्पद तथ्यों को नजरअंदाज कर घटना स्थल से गाय का सिर, चमड़ी और रक्त के नमूने को ठीक से सुरक्षित नहीं किया गया, जिससे यह शंका और गहरी हो गई कि कहीं मामले को दबाने की कोशिश तो नहीं की जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान वक्ताओं ने कहा कि घटना के बाद से प्रशासन ने तो संदेहास्पद व्यक्ति के घर की तलाशी ले पाया, न ही उससे सही से पूछताछ की गई। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने शतरंज में किया नाम रोशन

महासमुंद/नवप्रदेश। जीएस रायसोनी मेमोरियल वन डे रैपिड जिला शतरंज टूर्नामेंट पिथौरा 2025 में रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने नाम रोशन किया है। यह टूर्नामेंट जिला शतरंज एसोसिएशन, महासमुंद, जीएच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन और कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 27 अक्टूबर को आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट में विद्यार्थियों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए अनेक उपलब्धियाँ हासिल कीं। मोक्ष शर्मा (कक्षा 5) को बेस्ट यंग प्लेयर अवार्ड से नवाजा गया। इसी प्रकार प्रखर मिश्रा (कक्षा 6) ने अंडर-11 कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मोक्ष शर्मा और प्रखर मिश्रा की इस उपलब्धि पर गर्व जताया है। विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने दोनों विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में ये नन्हें खिलाड़ी और भी ऊंचाइयां छुएंगे और विद्यालय तथा जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

पुलिस ने वृद्ध से किया महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने ग्राम बलौदा में एक वृद्ध के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बलौदा निवासी बाबाजी राणा (72) से 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनीतिक दलों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक

4 नवंबर से घर-घर जाकर बीएलओ करेंगे सत्यापन

मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे

कलेक्टर ने बताया कि बी.एल.ओ, (बूथ स्तरीय अधिकारी) नए मतदाता को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे और मिलान/लिंकिंग (आधार से जोड़ना) में सहायता करेंगे। मतदाता को ई.एफ (इलेक्टोरल फॉर्म) भरने में मदद करेंगे उसे एकत्र करेंगे और ई.आर.ओ./ए.ई.आर.ओ. को जमा करेंगे। प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी मतदाता/अस्थायी प्रवासी, ई.एफ ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करेंगे। गणना चरण के दौरान ई.एफ के अलावा, ई.एफ के साथ कोई अन्य दस्तावेज एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है। ईआरओ/एईआरओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं है, और कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल नहीं है।

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम के तहत आज कलेक्टेट सभाकक्ष महासमुंद में राजनीतिक दलों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर तिथियों और अन्य आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने की। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन भूतड़ा, जिला जनसम्पर्क अधिकारी पोषण कुमार साहू सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के तहत की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अवसर प्रदान करना तथा मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं अद्यतन बनाना है। कलेक्टर ने बताया कि जारी कार्यक्रम के तहत 3 नवम्बर तक प्रशिक्षण कार्य, 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सत्यापन, 9 दिसम्बर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 8 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्ति दर्ज किया जाएगा। 31 जनवरी 2026 तक सुनवाई और सत्यापन तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। कलेक्टर ने इस अवसर पर राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे पुनरीक्षण के दौरान अपने बूथ स्तरीय एजेंटों के माध्यम से निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों को पूरा सहयोग दें, ताकि छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम सूची में जोड़े जा सकें और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जा सकें। उन्होंने मीडिया को जनजागरण का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए पारदर्शी, शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण में सभी मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वे निर्वाचन कार्यों में सहयोगी की भूमिका निभाते हुए आम नागरिकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी व्यापक रूप से दें, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक मतदान का अधिकार प्राप्त कर सकें।

कवि रजत कृष्ण पर किताब का विमोचन

■ देश प्रदेश के अनेक कवि, साहित्यकार और साहित्य प्रेमी जुटेंगे

बागबाहरा/नवप्रदेश। नगर के कवि रजत कृष्ण के जीवन पर आधारित किताब 'रजत कृष्ण : साहित्य के स्टीफन हॉकिंग' का दो नवम्बर को जैन सूरी भवन में विमोचन किया जाएगा। इस किताब का संपादन कवि भास्कर चौधुरी (कोरबा) और नंदन (रायपुर) ने किया है। इस आयोजन में देश प्रदेश के अनेक कवि, साहित्यकार और साहित्य प्रेमी जुटेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक पीयूष कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। सबसे पहले कवि रजत कृष्ण के जीवन पर एक लघु वृत्तचित्र प्रदर्शित की जाएगी फिर किताब का विमोचन होगा। इसके बाद रजत कृष्ण के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विद्वत साहित्यकारों द्वारा संवाद होगा। भोजन के उपरांत दोपहर में रजत कृष्ण की कविताओं का पाठ किया जाएगा। इस आयोजन में छिंदवाड़ा के कवि और चित्रकार रोहित रूसिया के बनाये पोस्टर मुख्य आकर्षण होंगे। रजत कृष्ण बिगत साढ़े तीन दशकों से हिंदी कविता में जाना पहचाना नाम है। उनकी कविताओं में जनपक्षधरता बड़ी विशेषता है। उनके दो काव्य संग्रह और अनेक लेख प्रकाशित हो चुके हैं। 'सर्वनाम' पत्रिका के संपादक रजत कृष्ण बागबाहरा कॉलेज में प्राध्यापक हैं। विषम बाधाओं को उन्होंने अपनी प्रबल इच्छाशक्ति से झुकाया और पार किया है। उनके इस प्रेरक जीवन के कारण साहित्य जगत उन्हें कविता का स्टीफन हॉकिंग कहकर पुकारता है। नगर के साहित्यप्रेमियों ने सभी लोगों से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

डामर सड़कों की मरम्मत, टाउन हॉल का होगा सौंदर्यीकरण

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व अन्य विभाग प्रभारियों की बैठक लेकर बारिश में क्षतिग्रस्त डामर सड़कों की मरम्मत, पुनर्निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही कचहरी चौक के पीछे स्थित टाउन हाल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को देखते हुए तत्काल सौंदर्यीकरण हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश भी दिए। नपाध्यक्ष श्री साहू ने टाउन हॉल जाकर निरीक्षण भी किया। उनके साथ लोक निर्माण विभाग प्रभारी नरेश ध्रुव, उप अभियंता हेमंत पिस्दा भी थे। श्री साहू ने टाउन हाल के सभी कक्षों का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टाउन हॉल में शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, निजी कार्यक्रमों का संचालन होता है। इसलिए यहां व्यवस्थाओं में सुधार लाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने टाउन हॉल में तैनात कर्मचारियों को नियमित सफाई पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया।

नरेंद्र कुमार खरे का निधन

भाटापारा/नवप्रदेश। नरेंद्र कुमार खरे सेवानिवृत्त शिक्षक उम्र 72 वर्ष शुक्ला कॉलोनी पटपर चौक निवासी का निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी हिंदू मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में नगर के गणमान्य नागरिक व उनके परिचित गण शामिल हुए, वे अनूप कुमार खरे (व्याख्याता) के पिता थे।

बुधवार से होगी कुरूद कृषि उपज मंडी में धान खरीदी की शुरूआत

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद कृषि उपज मंडी में बुधवार को शुभ मुहूर्त 10:30 बजे धान की खरीद शुरू हुई। सर्वप्रथम मंडी व्यापारियों, राइस मिलरों ने हनुमान जी की पूजा अर्चना करने के पश्चात मंडी के कर्मचारियों - किसान भाइयों को और हमाल - रेजाओं को प्रसाद में मिठाई खिलाकर सभी को दीपावली की बधाई देते हुए। धान खरीदी की शुरुआत की 2000 की बोली के साथ शुरू हुई।

कुरूद नगर की कृषि उपज मंडी जो बारह माह की आवक के साथ सबसे अधिक राजस्व देने वाली प्रदेश की नंबर एक मंडी है , कुरूद की मंडी में दीपावली की बंदी के पश्चात शुभ मुहूर्त में धान खरीदी आरंभ की गई। आज 4500 बोरी धान की शानदार आवक रही। सरना, आई आर64, महामाया ,1010, आर बी गोल्ड, सांभा मसुरी और ? 3 धान के ढेर पर सुबह साढ़े बजे शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर मंडी ट्रेडर्स, व्यापारियों सहित मिलरों ने धान की नीलामी बोली का शुभारंभ किया गया। मंडी सचिवराजकुमार राते की देखरेख में पहली नीलामी बोली सरना धान की बोली 2000से शुरू हुई जोक 2119 रु पर बिका। कुरूद कृषि उपज मंडी में धान के ढेर से शुरुआत की गई और 2100 रुपए धान की प्रारंभिक बोली लगाई गई। अधिकतम धान की खरीद के लिए नीलामी बोली 2511रु महामाया की रही। व्यापारियों में श्याम बाजपाई, राजु शर्मा, मोहन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विजय केला टिल्लू, योगेश चंद्राकर, वीरेन्द्र चंद्राकर, दीपक महावर, सचिन महावर, राम भाई सहित ट्रेडर्स व्यापारियों, मिलरों ने बोली में भाग लिया। मंडी में पहले दिन साढ़े चार हजार बोरी धान की आवक रही। वही धान की खरीदी शुरू होने से मंडी में चहल पहल बढ़ गई और व्यापारियों एवं किसानों में उत्साह रहा।

भीषण सड़क दुर्घटना में 2 की मौत, दो घायल

भाटापारा/नवप्रदेश। बुधवार की सुबह बिलासपुर रोड पर ग्राम खोलवा के पूर्व लक्ष्मी अपार्टमेंट के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई. इस दौरान वहां से गुजर रही ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार 4 लोगों में 2 की मौके पर ही मौत हो गई और 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. उपरोक्त संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार अर्जुनी से नांदघाट टोल प्लाजा से पहले एक मोटर सायकल में सवार 4 लोगों की बाइक अनियंत्रित होकर लक्ष्मी अपार्टमेंट के पास गिर गई और मोटर सायकल में सवार लोगों के गिरते ही पीछे से आ रही ट्रक क्रमांक सी जी 07बी ई 8655 की चपेट में आ गए।

अधिवक्ता संघ ने की तहसीलों में अव्यवस्था को दूर करने की मांग

कुरूद/नवप्रदेश। अधिवक्ता संघ ने 28 अक्टूबर को अधिवक्ता कार्यलय में बैठक आहुत कर कुरूद अनुभाग के अंतर्गत तहसील कुरूद/भखारा/मगरलोड सहित उपतहसील करेली बड़ी व सिर्री में राजस्व न्यायालय की कार्यालयीन अव्यवस्था के खिलाफ नाराजगी जाहिर की उपरोक्त राजस्व न्यायालयों में विगत कुछ वर्षो से प्रतिलिपि शाखा द्वारा समय पर अधिवक्ताओं व पक्षकारों को सत्यप्रतिलिपि / नकल सहज प्रदान नहीं किया जाता नवीन पेश राजस्व मामलों का त्वरित में पंजीयन नहीं किया जाता है, व पंजीयन किये जाने में महिनों का समय लगने के खिलाफ अधिवक्ता संघ ने नाराजगी जाहिर की है। प्रतिबंधित धारा फौजदारी मामलों में तहसील के लिपिक द्वारा पक्षकारों को भ्रमित कर जानकारी दिया जाता है,कि उक्त मामले में अधिवक्ता नियुक्त करने की आवश्यकता नहीं है। हम लोग आपका काम करवा देंगे, कहकर पक्षकारों को गलत जानकारी देकर अधिवक्ताओं के खिलाफ पक्षकारों को भ्रामक जानकारी दिया जाता है एवं लिपिकों के द्वारा अवैध रकम की वसुली करने का आरोप अधिवक्ता संघ ने लगाया है।

वहीं राजस्व मामलों में समय से पक्षकारों को नोटिस तामिल नहीं कराया जाता है, व अभिलेख प्रदान करने में विलंब करने व अनुभाग कुरूद तहसीलों में बहुत लम्बे समय से बहुत सारे लिपिक एक ही स्थान पर कार्यरत् है जिसके कारण मामले की परिस्थितियों को प्रभावित कर अपने प्रभाव का दुरुपयोग करने का आरोप है इस प्रकार के अनेकों अव्यवस्था तथा अनियमितता पुर्वक कार्यवाही की जा रही है, जिसे दुरुस्त करने के लिए अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा है। वहीं 7 दिवस की समयावधि के भीतर उपरोक्त विषयों का निराकरण नहीं करने पर आगामी डायरिस में समस्त राजस्व न्यायालयों का अनिश्चितकालीन बहिष्कार करने अधिवक्ता संघ लामबंद होगा। इस अवसर पर संघ के संरक्षक एल पी गोस्वामी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रमेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष नरेश डिगरे , ममता सोनकर, सचिव यशवंत साहू, सह सचिव श्यामशंकर चन्द्राकार, कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र साहू ,बी डी साहू , रमेश सिन्हा, जय प्रकाश साहू ,के डी जांगेंद्र ,एस पी लाम्बा ,एनेन्द्र साहू यजुवेन्द्र साहू , देवचरण साहू ,गुलेश्वर साहू, राजेश साहू, ईश्वरी तारक , जालम साहू, चंद्रशेखर साहू, राकेश देवांगन दिलीप साहू , साहू खेमप्रकाश सोनवानी हेमंत निर्मलकर सहित अधिवक्ता उपस्थित थे।

नि:शुल्क शिविर | **उजाला फाऊंडेशन का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर**

इंसानियत की सेवा ही सबसे बड़ी इबादत

कुरूद/नवप्रदेश। इंसानियत की सेवा ही सबसे बड़ी इबादत है इस सूत्र वाक्य पर अमल करते हुए मुस्लिम समाज की युथ विंग उजाला फाऊंडेशन द्वारा सर्व समाज के लिए कुरूद में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें एम्स, एमएमआई, संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल रायपुर सहित हृदय रोग विशेषज्ञ, बाल रोग, स्त्री रोग, कैंसर, हड्डी रोग विशेषज्ञ व अन्य अनुभवी चिकित्सक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श देंगे। शिविर में नि:शुल्क दवा वितरण की व्यवस्था की गई है।

मानवता की सेवा और इंसानियत का संदेश देने के साथ हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से उजाला फाऊंडेशन द्वारा खेल मेला मैदान के सामने ईदगाह भवन कुरूद में 30 अक्टूबर को आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सुबह 11 से शाम 3 बजे तक चलेगा। आयोजन से जुड़े इकबाल खान, शेख जमील ने बताया कि एम्स हॉस्पिटल, एमएमआई नारायणा रायपुर, संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल के सर्जन डॉ. युसुफ मेमन, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एचआर देवांगन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रयंक हिशीकर के मार्ग दर्शन में शिविर के लिए सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। इसके लिए हृदय, रोग विशेषज्ञ, बाल रोग, स्त्री रोग, कैंसर रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित अन्य अनुभवी चिकित्सकों ने आने की सहमति प्रदान कर दी है। मुस्लिम समाज के बैनर तले होने वाले जनकल्याणकारी आयोजन को सफल बनाने समाज प्रमुख अय्यूब खान, हाजी सुलेमान, गफ्फार हलारी, लतीफउस्मानी, जमाल रिजवी, कासम अली, शफी खान की अगुवाई में बैठक हुई। जिसमें युवा वर्ग को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वास्थ्य शिविर समापन के पश्चात क़ाज़ी-ए-छत्तीसगढ़ हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद सलमान रज़ा ख़ान का नगर आगमन होगा। इसकी तैयारी में जुटे मो. युसुफ इशहाक खान, अमीन हलारी ने बताया कि गुरुवार रात में ईद मिलादुन्नबी एवं जश्ने गौशुलवरा का प्रोग्राम होगा। जिसमें हज़रत सलमान रज़ा के साथ साथ छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेश के नामचीन नातख्वां एवं तकरीर करने वाले शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में धमतरी, रायपुर, दुर्ग, गरीयाबंद सहित अन्य जिला के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनुस भाई, सहाबुद्दीन, अहमद खान,इस्लाम रज़ा, मेहबूब भाई, शेख सरफ़राज़, फ़रमान आदि जुटे हुए हैं।

विधि महाविद्यालय में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में समाज कल्याण विभाग द्वारा गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय भाटापारा में नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति हेतु जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया एवं नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय से नशे से मुक्ति के लिए की जानकारी एवं मनोचिकित्सक हेतु परामर्श, हम होंगे कामयाब के तहत रोजगार हेतु पोर्टल में क्यु.आर. स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगीग अपराध के संबंध में जानकारी दी गई।

भक्ति बचपन से ही प्रारंभ होनी चाहिए : सौरभ

राजिम/नवप्रदेश। ग्राम सुरसाबांधा में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पावन अवसर पर आचार्य पंडित सौरभ मिश्रा के दिव्य मुखारविंद से निकली अमृतमयी वाणी से संपूर्ण अंचल भक्तिरस में सराबोर हो उठा है। कथा स्थल पर वातावरण इतना पवित्र और भावमय है कि मानो स्वयं श्रीकृष्ण और राधा रानी की कृपा वहां बरस रही हो। हर दिशा में हरि नाम की गूंज, भजन की मधुर स्वर और श्रद्धालुओं की उमंग से ग्राम का वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक रंग में रंग गया है। भक्तगण प्रेम, आस्था और आनंद के सागर में भाव-विभोर होकर डूबते जा रहे हैं।

अपने दिव्य प्रवचन के दौरान आचार्य पंडित सौरभ मिश्रा जी ने अत्यंत प्रेरणादायक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "भक्ति का बीज जीवन में बचपन से ही बो देना चाहिए। लोग यह सोचते हैं कि वृद्धावस्था में समय मिलने पर भक्ति करेंगे, परंतु यह धारणा बिल्कुल गलत है। मृत्यु कभी सूचना देकर नहीं आती – आज के समय में असंतुलित जीवनशैली, दूषित खानपान और बदलते पर्यावरण के कारण जीवन अनिश्चित हो चला है। इसलिए जब तक चेतना है, तब तक हरि-नाम, भजन, पूजन और सत्संग का अभ्यास अवश्य करना चाहिए, क्योंकि यही जीवन की सबसे बड़ी निधि और सच्चा धन है।

उन्होंने आगे कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं, और वही उनके भविष्य के संस्कारों की नींव रखते हैं। यदि माता-पिता अपने बच्चों में ईश्वर भक्ति, सेवा भावना, सत्य और करुणा का बीज बचपन से बो दें, तो वही बीज आगे चलकर उनके जीवन को महान बना देता है। हमारे सनातन धर्म की परंपरा ही यही है कि हम धर्म, भक्ति, सेवा और सदाचार को जीवन का आधार बनाएं।

न्यूज गैलरी

त्रिलोकी मां कालीबाड़ी में जगद्धात्री पूजा का भव्य आयोजन आज

रायपुर/ नवप्रदेश। त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर द्वारा 30 अक्टूबर को जगद्धात्री पूजा का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में किया जा रहा है।

कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन आंवला नवमी के साथ ही जगद्धात्री पूजा का महा पर्व शुरू होता हैं। हिन्दू धर्म में जगद्धात्री पूजा का नवरात्रि पूजा की तरह विशेष स्थान है। ये पूजा पश्चिम बंगाल और ओडिशा में खासकर की जाती है। त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर के सचिव श्री विवेक बर्धन ने बताया कि 30 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से पूजा प्रारंभ होगी। दोपहर 12.30 बजे पुष्पांजलि और 1.30 बजे भोग-प्रसाद का वितरण किया जाएगा। पूजा के दौरान समिति के समस्त पदाधिकरीगण, सदस्य एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहेंगे।

श्याम प्रभु खाटू वाले की निशान यात्रा 2 नवम्बर को

रायपुर/ नवप्रदेश। श्याम प्रभु खाटूवाले की 51वीं भव्य निशान यात्रा उदया तिथि देवउठनी एकादशी अर्थात् तुलसी पूजा 2 नवंबर को निकाली जाएगी। यह यात्रा पिछले 4 वर्ष 3 माह से अनवरत प्रत्येक महीने की शुक्ल पक्ष एकादशी को प्रातः 6:30 बजे निकाली जाती रही है। जिसमें भजन कीर्तन गायन के साथ हाथों में श्रीश्याम ध्वज (निशान) लिए हुए श्याम बाबा के भक्त बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। पदयात्रा की शुरूआत प्राचीन हनुमान मंदिर, गुढ़ियारी से होगी तथा समता कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर में सभी ध्वजाएं बाबा के चरणों में अर्पित करने के उपरांत इसका समापन होगा। ऊंट, घोड़े, बाजे-गाजे, बाबा श्याम का सुसज्जित भव्य रथ और हाथों में निशान लिए हुए भक्तजन इस यात्रा के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। यात्रा की तैयारी में सेवादार नितेश सेन, विकास तिवारी, रामनारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, प्रीति अभिषेक अग्रवाल, गौरव, मिलन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल आदि एकजुट होकर तन्मयता से लगे हुए हैं।

स्वास्थ्य संयोजक की परीक्षा 9 को

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष एवं महिला के लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए परीक्षा 9 नवंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 11 बजे से 1.15 बजे तक चलेगी। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापमं की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

तिरुपति एक्सप्रेस रीशेड्यूल

रायपुर/ नवप्रदेश। चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण तिरुपति जाने वाली गाड़ी संया 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस को मंगलवार को 7 घंटे के लिए रीशेड्यूल किया गया। यह गाड़ी बिलासपुर स्टेशन से अपने निर्धारित समय दोपहर 3.35 बजे के स्थान पर रात 10.35 बजे रवाना हुई। इसका रायपुर पहुंचने का समय शाम को 5.15 बजे है, लेकिन यह ट्रेन रात 12 बजे के बाद स्टेशन पहुंची।

जनता की दहलीज़ पर राजस्व-सेवा: ग्रामीणों को मिले विकास के उपहार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार को सिमगा विकासखंड के सुहेला, रावन और झीपन ग्रामों में करोड़ों रूपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में सुहेला में 71.12 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन तहसील भवन का लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों को राजस्व से जुड़ी सेवाएँ अब अधिक सुगमता से प्राप्त होंगी।
मंत्री श्री वर्मा ने अपने संबोधन में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गरीबों-किसानों की समस्याओं और पीड़ा के संवेदनशील समाधान में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने कहा कि नवीन भवन से राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण में गति आएगी। साथ ही आमजन जिला मुख्यालय के संपर्क केंद्र का भी उपयोग कर सकेंगे।
कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री वर्मा ने ग्राम झीपन में तालाब सौन्दर्यीकरण और महतारी सदन हेतु 15-15 लाख रुपए की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम रावन में 50 लाख रुपए की लागत से आयुर्वेदिक अस्पताल से बावा देव तक निर्मित गौरव पथ का लोकार्पण, 10 लाख रुपए की लागत से आयुर्वेदिक अस्पताल में बाउंड्रीवाल,हायर सेकंडरी स्कूल रावन में 10 लाख रुपए की लागत से क्रांक्रीटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

राशन कार्ड ई-केवाईसी का समय खत्म, 20 प्रतिशत लोगों ने नहीं कराया सत्यापन

कट जाएगा लिस्ट से इनका नाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राशन कार्ड धारकों के लिए जरूरी खबर है। प्रदेश में राशन कार्ड सत्यापन की समय सीमा समाप्त हो गई है। इसके बाद भी अभी 20 प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपना सत्यापन नहीं कराया है। खाद्य संचालनालय की ओर से सभी लोगों को 25 अक्टूबर तक सत्यापन करने के लिए कहा गया था, लेकिन केवल रायपुर जिले में ही करीब 20 फीसदी लोगों ने अभी तक सत्यापन नहीं

कराया है। ऐसे में अब इन लोगों का नाम राशन कार्ड के हितग्राहियों की लिस्ट से हट सकता है।

4 लाख लोगों का सत्यापन बाकी

रायपुर जिले में कुल 6 लाख 48 हजार 464 राशन कार्ड रजिस्टर्ड हैं। इन राशन कार्ड धारकों में 22 लाख 26 हजार 521 सदस्य पंजीकृत हैं। खाद्य विभाग के मुताबिक पंजीकृत सदस्यों में से करीब 18 लाख 7 हजार 52 लोगों ने राशन कार्ड का ई-केवाईसी कंप्लीट कर लिया है। वहीं, 4 लाख 19 हजार 469 पंजीकृत सदस्यों ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है।

ई-केवाईसी नहीं तो कट सकता सूची से नाम

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बार-बार की सूचना के बावजूद ये लोग राशन दुकानों में जाकर बायोमैट्रिक निशान नहीं दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में खाद्य विभाग, ई-केवाईसी ना कराने वाले लोगों से सख्ती अपनाएगी। जिन लोगों का ई-केवाईसी कंप्लीट नहीं हुआ है उनका नाम ऑनलाइन सूची से काटा जाएगा। जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि 25 अक्टूबर तक ई-केवाईसी कराने के लिए कहा गया था। खाद्य संचालनालय से अभी तारीख बढ़ाने को लेकर कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है। तारीख बढ़ती है तो राज्योत्सव के बाद ऐसे कार्डों पर कार्रवाई जरूर की जाएगी।

अवैध प्लाटिंग, साफ-सफाई एवं स्ट्रीट लाइट बंद होने का मामला गूंजा

महापौर को सामान्य सभा की बैठक में जनहित के मुद्दों को लेकर विपक्ष ने घेरा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधि की सामान्य सभा की बैठक आज निगम मुख्यालय में अपने निर्धारित समय में शुरू हुई, इसमें पूर्व बैठक की प्रस्तावों की पुष्टि की गई तथा पार्षदों द्वारा प्रश्नकाल के दौरान अवैध प्लाटिंग, साफ, सफाई एवं स्ट्रीट लाईट नहीं जलने के संबंध में प्रश्न पूछे गए। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने महापौर की कार्यप्रणाली पर उठाए अनेक सवाल।

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक सभापति सूर्यकांत राठौर की अध्यक्षता में शुरू हुई। बैठक के प्रारंभ में नवनियुक्त नेताप्रतिपक्ष आकाश तिवारी का स्वागत महापौर ने किया। जीएसटी रिफॉर्म को लेकर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया। नई जीएसटी रिफॉर्म से जनता को कई सुविधाएं मिली है।

एजेंडा क्रमांक 4 में खारून नदी के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल महादेवघाट का पुर्नविकास हेतु 20 की राशि का प्रस्ताव रखा गया। वहीं बुढ़ापारा सीएसईबी चौक से लेकर पचपेढ़ी नाका चौक तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। गौरवपथ बनाने के लिए डेढ़ करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। सिटी डेवलपमेंट बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। विपक्षी पार्षदों ने आरोप लगाया कि महापौर की कोई कार्यप्रणाली नहीं है। वे विदेश घूमती रहती हैं। आकाश तिवारी ने कहा कि रायपुर की हितों की ओर ध्यान देना चाहिए।

महापौर ने नेता प्रतिपक्ष का बुके प्रदत्त कर किया स्वागत

नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक रायपुर नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित निगम सामान्य सभाकक्ष में नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के सभापतित्व में हुई। बैठक में नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम रायपुर के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी को बुके प्रदत्त कर आत्मीय स्वागत किया.नगर निगम सचिव श्रीमती संगीता साहू ने भी नगर निगम नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी का सामान्य सभा की बैठक में बुके प्रदत्त कर आत्मीय स्वागत किया।

सालेम स्कूल की प्राचार्य रुपिका लॉरेंस बर्खास्त

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ़एजुकेशन द्वारा संचालित सालेम इंग्लिश स्कूल रायपुर की प्रभारी प्राचार्य रुपिका लॉरेंस को बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर लगातार गंभीर अनियमितता के आरोप लग रहे थे। जांच कमेटी द्वारा दिए नोटिस का जवाब नहीं देने और स्कूल से गैरहाजिर रहने पर एजुकेशन बोर्ड ने कार्रवाई की।

रुपिका के विरुद्ध शिकायतें मिलने पर छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ़एजुकेशन की वर्तमान समिति ने न्यायालय फर्म एवं संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा दिए गए आदेश पर एक जांच कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी ने आर्थिक अनियमिताएं, पीएफ की राशि कर्मचारियों की सैलरी से काटने के बाद भी जमा नहीं करना, अवैध नियुक्ति पत्र पर कार्य करना जैसे मामले और सिविल लाइन थानें में अनेक धाराओं में एफ्आईआर दर्ज होना जैसी स्थितियों की वजह से सुर्खियों में थीं। छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड आफएजुकेशन की वर्तमान समिति की जांच कमेटी ने प्रभारी प्राचार्य रुपिका लॉरेंस के विरुद्ध चार्ज शीट बनाकर उन्हें अपना पक्ष रखने का भी अवसर दिया, परंतु उन्होंने न तो जवाब प्रस्तुत किया और लगभग एक महीने से बिना अनुमति अनुपस्थित थीं।

पोर्टल में गड़बड़ी ने बढ़ाई परेशानी

- **7 लाख से अधिक किसान धान बेचने से हो सकते हैं वंचित**
- **प्रदेश में 7 लाख 88 हजार 66 किसान ऐसे हैं, जिनका खसरा मेल नहीं खा रहा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। वहीं, एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन की मियाद भी दो दिन बाद खत्म हो रही है, लेकिन पोर्टल की तकनीकी खामियों के चलते कई किसान पंजीकृत नहीं हो पाए हैं। छत्तीसगढ़ में 7 लाख से %यादा ऐसे पंजीकृत किसान हैं, जिनका खसरा न तो एग्री स्टेक पोर्टल से मेल खा रहा है और न ही एकीकृत किसान पोर्टल से मेल खा रहा. ऐसे में लाखों किसान धान बेचने से वंचित हो सकते हैं।

सरगुजा में 60 हजार किसान होंगे वंचित

छत्तीसगढ़ राज्य को धान का कटोरा कहा जाता है, लेकिन इस साल डिजिटल माध्यम से धान फसल की गिरदावरी किए जाने के बाद किसानों की परेशानी बढ़ गई है। हजारों ऐसे किसान हैं जिन्होंने अपने खेतों में धान की फसल लगाई हुई है, लेकिन गिरदावरी में उन खेतों में धान की फसल दर्ज नहीं की गई है। ऐसे में सरगुजा संभाग के करीब 60 हजार से अधिक किसान धान बेचने से वंचित हो सकते हैं। हालांकि किसानों ने इसके लिए आवेदन दिया हुआ है, लेकिन उन आवेदनों पर भी समय रहते सुनवाई नहीं हो पा रही है।

प्रदेश भर में 7 लाख से अधिक किसान हो सकते हैं वंचित

इस मामले में अब तक सामने आए पंजीयन के आंकड़े हैरान करने वाले हैं. प्रदेश भर में 7 लाख 88 हजार 66 किसान ऐसे हैं, जिनका खसरा एकीकृत किसान पोर्टल और एग्री स्टेक पोर्टल से मेल नहीं खा रहा है। अब सवाल यह है कि लाखों की संख्या में अगर किसान धान नहीं बेच पाएंगे तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? या फिर सरकार इसके लिए कोई दूसरा विकल्प निकालेगी? इन हालातों के कारण किसान मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे है। उम्मीद है कि सरकार इसे गंभीरता से लेगी और खामियों को समय रहते दूर करेगी या फिर पंजीयन की समय-सीमा बढ़ाई जाएगी।

कैट ने जीएसटी की विसंगतियां दूर करने के दिए सुझाव

रायपुर/ नवप्रदेश। नया सर्किट हाउस नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक में कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जीएसटी के सरलीकरण और विसंगतियों को दूर करने के सुझाव दिए। कैट के अनुसार इन सुधारों से छोटे व्यापारियों, उपभोक्ताओं और भारत की अर्थव्यवस्था को न केवल लाभ मिलेगा बल्कि यह कदम कर संरचना को सरल बनाएगा।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि बैठक में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों और पदाधिकारियों से प्राप्त सुझावों को लेकर कैट के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य आयुक्त (कस्टम, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, केंद्रीय जीएसटी) पराग चकोर बोरकर, राज्य जीएसटी आयुक्त पुष्पेन्द्र कुमार मीणा से मिलकर जीएसटी के सरलीकरण व विसंगतियां दूर करने के सुझाव दिए। इस दौरान अमर पारवानी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, राकेश ओचवानी, राजेन्द्र खटवानी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, रौनक पटेल, गिरीश पटेल, बलराम रोहरा, सीए किशोर बरडिया उपस्थित रहे।

राज्य गीत को सार्वजनिक स्थलों पर बजाने की मांग

रायपुर/ नवप्रदेश। एनएसयूआई ने राज्य स्थापना दिवस पर राज्य गीत ''अरपा पैरी के धार'' को सार्वजनिक स्थलों पर बजाने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर को मुयमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति के सामने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन भी किया। ज्ञापन में मांग रखी गई कि आगामी 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जब प्रदेश अपने 25 वर्ष पूरे करने जा रहा है, तब ''अरपा पैरी के धार'' राज्य गीत को राज्य की अस्मिता और संस्कृति के प्रतीक के रूप में समान दिया जाए। राज्य गीत को सभी सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों व छत्तीसगढ़ के सभी रेलवे स्टेशनों में अनिवार्य रूप से बजाया जाए, ताकि नई पीढ़ी में प्रदेश के प्रति गौरव और सांस्कृतिक चेतना का भाव विकसित हो सके। उन्होंने कहा यदि सरकार और प्रशासन इस मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लेती, तो एनएसयूआई कार्यकर्ता रायपुर रेलवे स्टेशन पर रिक्शा चलाकर और रिक्शों में लाउडस्पीकर बांधकर राज्य गीत बजाते हुए अपनी सांस्कृतिक अस्मिता की आवाज़ उठाएंगे।

प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में एक और डरावनी घटना हुई। एक व्यक्ति के कार्यालय में तीन लोगों ने सरे आम हमला बोला और दस से अधिक राउंड गोलियां चला के फरार हो गए।

प्रदेश में यह क्या हो रहा? राजधानी में 6 गोलीबारी की घटना हो गई। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में एक दुकानदार को गोली मार दी गई थी।

प्रदेश के हर शहर में रोज बलात्कार, लूट, हत्या, चाकूबाजी, डकैती की घटना हो रही है। राजधानी में तीन दिन में 45 चाकूबाजी की घटना हो जाती है। गृह मंत्री का गृह जिला तो अपराध की राजधानी बन गया है। सरकार कानून व्यवस्था संभाल पाने में

असफल साबित हो गई है। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री दोनों नाकाम साबित हो रहे है।

एसआईआर के काम में पारदर्शिता और ईमानदारी हो

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एस आई आर की घोषणा की है। कांग्रेस मांग करती है कि आयोग यह सुनिश्चित करे कि एस आई आर के काम में पारदर्शिता और ईमानदारी हो। एस आई आर का का काम मूल रूप से बीएलओ के माध्यम से ही पूरा होगा।

बीएलओ घर-घर जा कर दस्तावेज का मिलान करेगा, कांग्रेस पार्टी मांग करती है बीएलओ हर घर में भौतिक रूप से जरूर पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए और बीएलओ जब मतदाता के घर आए तो उसके आने का पुष्टि प्रमाण पत्र मतदाता से लिखवा कर ले। इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि बीएलओ ने एक जगह बैठ कर कागजी सर्वे नहीं किया।

किसी मतदाता का नाम सूची से काटा जाए तो वह अपात्र है यह प्रमाणित करने का दायित्व आयोग का होना चाहिए न कि मतदाता का। मतदाता को उसके दस्तावेज प्रस्तुत करने का पूरा समय दिया जाए।

राज्य स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को बंद रहेंगे सरकारी दफ्तर

रायपुर/ नवप्रदेश। हाल ही में दिवाली और सोमवार को छठ पूजा की छुट्टी खत्म हुई है। वहीं अब 1 नवंबर यानी शनिवार को भी छुट्टी मिलने से बच्चों की मौज ही मौज हो गई। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य सरकार ने 1 नवंबर को अवकाश घोषित किया है और इसे लेकर आदेश भी जारी हो गया है। जारी आदेश के अनुसार शनिवार, 1 नवंबर 2025 को राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी सरकारी, गैर-सरकारी, अनुदान प्राप्त और निजी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। जीएडी के आदेश में उल्लेख किया गया है कि यह अवकाश स्थानीय/सामान्य अवकाश के रूप में लागू होगा।

डिजिटल छत्तीसगढ़, प्रशासन को जवाबदेह पारदर्शी व सुगम बनाने की ओर अग्रसर

रायपुर/नवप्रदेश। डिजिटल छत्तीसगढ़ सुशासन और विकास की नई उड़ान भरने जा रहा है। प्रशासन को अधिक पारदर्शी जवाबदेह और सुगम बनाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रणाली हमारे सुशासन का मजबूत आधार बन रही है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सत्ता में आने के बाद छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक कार्य संस्कृति में बढ़ा बदलाव लाने का प्रयास किया है। यह प्रयास केवल समय की बचत कर रहा है, बल्कि इससे निर्णय प्रक्रिया को भी त्वरित और प्रभावी बनाया जा रहा है। राज्य के सभी विभाग पूरी तरह पेपरलेस ऑफिस के रूप में कार्य करें। यह पहल 'डिजिटल छत्तीसगढ़' की उस परिकल्पना की ओर अग्रसर है, जिसमें आम नागरिक की भागीदारी और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। ई-ऑफि स के साथ-साथ जी-20 मानकों के अनुरूप ई-गवर्नेंस सेवाओं का विस्तार हमें राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक स्तर पर भी विशिष्ट पहचान दिलाएगा।

प्रशासनिक सुधार तक ही सीमित नहीं है। राज्य की प्रगति तभी संभव है, जब हर क्षेत्र में संतुलित विकास हो। इसी दृष्टि से हमने बस्तर और सरगुजा के लिए विशेष उद्योग नीति बनाई है।

एसआईआर में सिर्फ 60 लाख मतदाताओं का होगा वेरिफिकेशन

राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं का लेना होगा सक्रिय सहयोग

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में कुल दो करोड़ मतदाता है, इनमें से 5 प्रतिशत यानी 60 लाख मतदाताओं को आयोग के निर्देशानुसार आधार कार्ड, पेन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज देना होगा।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य में एसआईआर कार्यक्रम की घोषणा के पश्चात सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इस कार्यक्रम को लेकर कई सवाल उठाए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसका स्वागत किया है, उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भी आयोग के निर्णय का स्वागत किया है। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं का कहना है कि बिना राजनीतिक दलों के सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न नहीं हो सकता। अधिकारी सिर्फ औपचारिक काम करते हैं। एक मतदान केन्द्र में कम से कम 1200 मतदाता होते है, जिनका नाम पता एवं व्यक्ति संपर्क करना काफी कठिन होता है।

यह बैठक कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के सभागार में आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों और अन्य आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था।

प्रत्येक मतदान केंद्र में लगभग 1,000 मतदाता होते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए एक बूथ स्तरीय अधिकारी होता है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्र होते हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी होता है। ईआरओ एक उप-मंडल मजिस्ट्रेट स्तर का अधिकारी होता है, जो कानून के अनुसारः मसौदा मतदाता सूची तैयार करता है।

दावों और आपत्तियों को प्राप्त करता है और उन पर निर्णय लेता है। और अंतिम मतदाता सूची तैयार करता है और प्रकाशित करता है। प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होता है। जिला मजिस्ट्रेट ईआरओ के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील की सुनवाई करते हैं।

न्यूज गैलरी

सोने के दाम में भारी गिरावट जानिए कितने रुपए हुई कीमत

नई दिल्ली। सोने में गिरावट का दौर जारी है और कीमत अब 1.18 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 3,034 रुपए घटकर 1,18,043 रुपए हो गई है। इससे पहले सोने की कीमत 1,21,077 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत कम होकर 1,08,127 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 1,10,907 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम कम होकर 88,532 रुपए हो गया है, जो कि पहले 90,809 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है।चांदी की कीमत 3,135 रुपए घटकर 1,41,896 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,45,031 रुपए प्रति किलो थी। आईबीजेए की ओर से दिन में दो बार- दोपहर 12 बजे और शाम 5 बजे- कीमतें जारी की जाती हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट हुई है। सोने का 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.87 प्रतिशत कम होकर 1,18,700 रुपए हो गया है। चांदी का 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.74 प्रतिशत कम होकर 1,42,301 रुपए थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील पर बातचीत फिर से शुरू होने के कारण सोने को लेकर सेंटीमेंट फिर से नकारात्मक हो गया है। निवेशकों का अब फोकस फेड के ब्याज दरों पर निर्णय को लेकर है।उन्होंने आगे कहा कि सोना पर दबाव बना हुआ है और इसका सपोर्ट 1,16,500 रुपए से लेकर 1,18,000 रुपए के बीच और रुकावट का स्तर 1,21,000 रुपए से लेकर 1,22,000 रुपए के बीच में है।

तकनीकी टैरिफ वार्ता के लिए जल्द दिल्ली आएगी ईयू टीम

नई दिल्ली। ईयू के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने बताया कि ईयू और भारत निरंतर बातचीत की स्थिति में हैं और वर्ष के अंत तक किसी समझौते पर पहुंचने का लक्ष्य है। व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने बताया कि एक टीम तकनीकी टैरिफ वार्ता को पूरा करने के लिए नई दिल्ली आएगी। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। यह बात भारत में ईयू के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कही। उन्होंने ब्रुसेल्स में आयोजित भारत-ईयू एफटीए वार्ता में हुई प्रगति की सराहना की। राजदूत ने कहा कि ईयू और भारत निरंतर बातचीत की स्थिति में हैं और वर्ष के अंत तक किसी समझौते पर पहुंचने का लक्ष्य है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक की टिप्पणी साझा की। सेफकोविक ने चर्चा के लिए मंत्री पीयूष गोयल को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है, राष्ट्रपति वॉन डेर लेयेन और प्रधानमंत्री मोदी के दिए गए जनादेश को पूरा करना ।

भारतीय रिजर्व बैंक देश की संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है

आरबीआई ने बीते 6 महीनों में विदेशों में रखा अपना 64 टन सोना मंगवाया वापस

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक देश की संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इस वर्ष मार्च से सितंबर तक की अवधि में केंद्रीय बैंक ने विदेशों में रखा अपना 64 टन सोना वापस मंगवा लिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दुनिया भर के देश भू-राजनीतिक दबाव के हथियार के तौर पर फाइनेंशियल बैन और एसेट फ्रीज का इस्तेमाल कर रहे हैं।

इस वर्ष सितंबर अंत के आंकड़ों के अनुसार, आरबीआई के पास 880.8 टन सोना है। इसमें से 575.8 टन का एक बड़ा हिस्सा भारत में सुरक्षित रखा गया है।इसके अलावा, 290.3 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास रखा गया है। वहीं, 14 टन सोना गोल्ड डिपॉजिट अरेंजमेंट का हिस्सा है।आंकड़े बताते हैं कि मार्च 2023 से आरबीआई ने विदेशों से अपना 274 टन सोना भारत में वापस ला चुका है।आरबीआई की ओर से यह फैसला बढ़ते भू-राजनैतिक तनावों को देखते हुए विदेशी रिजर्व की सुरक्षा को लेकर उठाया गया है। इस बीच, बुधवार के कारोबारी दिन पीली धातु की कीमतों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना पिछले बंद भाव 1,19,646 रुपए प्रति 10 ग्राम के मुकाबले लगभग 1,19,647 रुपए प्रति 10 ग्राम पर सपाट खुला।शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में मामूली बढ़त दर्ज की गई और यह 1,20,047 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।वहीं, दूसरी ओर चांदी की कीमतों में भी तेजी दर्ज

की गई। चांदी 1,44,761 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुली और शुरुआती कारोबार में 1,45,331 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

ग्लोबल मार्केट में स्पॉट गोल्ड ने बीते कारोबारी दिन मंगलवार को 7 अक्टूबर के बाद से अपना निचला स्तर छूने के बाद 0.2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज करवाई और यह 3,957.42 डॉलर प्रति औंस हो गया।अमेरिका-चीन व्यापार को लेकर चिंताएं कम होने से यह तेजी सीमित रही। दूसरी ओर, निवेशक अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती का इंतजार कर रहे हैं।सोने की कीमतों में तेजी की बात करें तो इस वर्ष अब तक गोल्ड के दाम 52 प्रतिशत बढ़े हैं। इसी के साथ 20 अक्टूबर को सोने की कीमतें 4,381.21 डॉलर प्रति औंस के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई।यह रैली वैश्विक अनिश्चितताओं, ब्याज दर में कटौती की उम्मीद और आरबीआई के अलावा दूसरे केंद्रीय बैंकों द्वारा लगातार खरीदारी के कारण देखी जा रही है।

छठ पर्व को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने व्यापार के आंकड़े जारी

10 करोड़ लोगों ने मनाया छठ पर्व, देश में हुआ 50,000 करोड़ रुपये का व्यापार

नई दिल्ली। हर वर्ष पूरे देश में विश्वास और भक्ति के साथ मनाए जाने वाले चार दिवसीय छठ पर्व को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने व्यापार के आंकड़े जारी किए हैं। कैट की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में 10 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा छठ पूजा मनाई गई, जिससे 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार हुआ।

इसमें से अकेले राजधानी दिल्ली में लगभग 8,000 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। इसके अलावा, बिहार में लगभग 15,000 करोड़ रुपए और झारखंड में लगभग 5,000 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। कैट के सेक्रेटरी जनरल प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश, खासकर पूर्वांचल क्षेत्र, छठ पूजा के मुख्य केंद्र बने हुए हैं। इन राज्यों और क्षेत्रों में त्योहार को लेकर सबसे ज्यादा भीड़ देखी जाती है और घाट और पूजा के सामान की मांग देखी जाती है।उन्होंने कहा, बड़ी संख्या में पूर्वांचली आबादी के कारण दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में इस त्योहार से जुड़े व्यापार को लेकर जबरदस्त तेजी दर्ज की गई।



दिल्ली सरकार ने 1,500 घाट बनाए और पूजा सामग्री, अस्थायी ढांचों, सुरक्षा और साफ-सफाई से जुड़ी व्यवस्था को लेकर एक बड़ी राशि खर्च की गई।खंडेलवाल ने कहा कि छठ पूजा का आर्थिक प्रभाव अब अपने पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर मेट्रो शहरों और उभरते राज्यों तक फैल गया है, जहां प्रवासी समुदायों ने स्थानीय स्तर पर मजबूत मांग पैदा की है।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस खास त्योहार के दौरान बेचे जाने वाली वस्तुओं में केले, गन्ना, नारियल, मौसमी फल, चावल और अनाज जैसे खेती से जुड़ी वस्तुएं; प्रसाद और मिठाइयां जैसे ठेकुआ, खीर बनाने का सामान, लड्डू और गुड़ से बनी चीजें; पूजा का सामान जैसे टोकरियां, मिट्टी के दीये, पत्तों की प्लेटें, फूल और मिट्टी के बर्तन शामिल थे। इसके अलावा, घाट बनाने, लाइटिंग, साफ-सफाई, नाव सर्विस और सुरक्षा इंतजाम जैसी त्योहार से जुड़ी सर्विस में भी काफी व्यापार हुआ।

कैट के सेक्रेटरी जनरल खंडेलवाल ने बताया कि पीएम मोदी की स्वदेशी अपील को ट्रेड बॉडीज और आम लोगों द्वारा उत्साह से अपनाया गया। देश भर में पारंपरिक ठेकुआ बनाने वाले, मिट्टी के कारीगर, बांस और केले के पत्ते की टोकरी बनाने वाले और गुड़ बनाने वालों को बढ़ावा देने के लिए 'स्वदेशी छठ' कैंपेन शुरू हुए। इस पहल के साथ लोकल हैंडीक्राफ्ट और देसी प्रोडक्ट्स की जबरदस्त बिक्री दर्ज की गई।

हरे निशान में खुले सेंसेक्स-निफ्टी

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान में बढ़त के साथ खुला। सुबह के कारोबार में निफ्टी मेटल, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टर्स में खरीदारी देखी जा रही थी। सुबह करीब 9 बजकर 27 मिनट पर सेंसेक्स 202 अंक या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,830.28 पर कारोबार कर रहा था। वहीं, निफ्टी 70.75 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,006.95 स्तर पर बना हुआ था।सुबह के कारोबार के निफ्टी बैंक 28.40 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,185.70 पर था। वहीं, निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 40.85 अंक या 0.07 प्रतिशत की गिरावट के बाद 59,724.50 पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 63.20 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,344.40 स्तर पर था।निफ्टी को लेकर विशेषज्ञों ने कहा, पॉजिटिव शुरुआत के बाद,निफ्टी को 25,800, 25,850 और इसके बाद 25,900 स्तर पर पर सपोर्ट मिल सकता है। ऊपर की तरफ, 26,000 पर रेजिस्टेंस हो सकता है, उसके बाद 26,050 और 26,100 पर रेजिस्टेंस हो सकता है। बाजार जानकारों का कहना है कि बाजार को फेड से एक और पॉजिटिव खबर मिलने की उम्मीद की जा रही है। फेड ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट्स की कटौती कर सकता है। हालांकि, रेट के फैसले से ज्यादा जरूरी फेड की कमेंट्री होगी।

कार्यालय सेनानी, व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी, माना-रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष क्र./फैक्स 0771-2418586, 2418535 E-mail-co.vipsachn-cg@gov.in

:: निविदा विज्ञप्ति ::

व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना हेतु ग्राम परसदा, नवा रायपुर अटल नगर में आबंटित भूमि पर कंसरटीन तार फेसिंग कार्य कराये जाने हेतु सेनानी व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से दो लिफाफा पद्धति में (लिफाफा ''अ'' में टेक्निकल बिड एवं लिफाफा ''ब'' में फायेंन्सियल बीड) दर्शाये अनुसार कार्य कराये जाने बाबत मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सील बंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/लेख किया जाना आवश्यक है।

निविदा के लिए एजेंसी/निर्माता फर्म को छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग RES में युनीफाईड रजिस्ट्रेशन सिस्टम अंतर्गत ई रजिस्ट्रेशन के सक्षम श्रेणी पंजीकृत होने के साथ पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देश, डिफेंस स्पेशीफिकेशन (Concerting Coll Rencing as per Ministry of Defance specification क्रमांक NID/ENGG/pro/1245-B or CQAE/5660/1602/a के अनुरूप कंसंरटीना क्वाईल निर्माता के रूप में रजिस्टर्ड होना चाहिए तथा ड्राईंग एवं क्वालिटी रक्षा मंत्रालय DGS & D/NSIC के मापदण्ड के अनुरूप होना चाहिए।

क्र.	कार्य का विवरण	स्वीकृत लाख रुपये	अमानत राशि
1	व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी को ग्राम परसदा, नवा रायपुर अटल रायपुर में आबंटित भूमि तार फेसिंग कार्य। क्रमांक-01।	19,98,000/-	19980/-

निविदा प्राप्त अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र सहित) के साथ रु. 300/- कोषालय में **लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिललिनियस पुलिस रिसिप्ट** के अंतर्गत सेनानी व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना रायपुर के नाम से जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी, व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना, रायपुर छ.ग. को प्रस्तुत कर दिनांक 20/11/2025 के 17:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते हैं।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 20/11/2025
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 25/11/2025 Time 1600 बजे
3. निविदा खोलने की तिथि - 21/11/2025 Time 1700 बजे

नोट :- उपरोक्तानुसार कार्य हेतु निविदा की नियम एवं शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय सेनानी व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना से प्राप्त किए जा सकते हैं।

सेनानी
व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी
माना-रायपुर (छ.ग.)

जी-252604398/2

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम घोषित

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 14 नवंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम का ऐलान किया है। तेम्बा बावुमा के कप्तान के रूप में टीम में वापसी हुई है। वह हाल ही में पाकिस्तान दौरे पर हुई टेस्ट सीरीज में चोट के चलते उपलब्ध नहीं थे और उनकी गैरमौजूदगी में एडेन मार्करम ने टीम की कमान संभाली थी। आइए टीम पर एक नजर डालते हैं। पाकिस्तान दौरे पर प्रोटियाज टीम ने केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरन मुथुसामी की स्पिन तिकड़ी की बदौलत रावलपिंडी में खेला गया दूसरा टेस्ट जीता था। इन तीनों को भारत के खिलाफ टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, लेकिन प्रेनेलन सुब्रायन 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। सुब्रायन के अलावा डेविड बेडिंघम भी भारत के खिलाफ सीरीज के लिए अपनी जगह नहीं बना सके हैं। बावुमा की वापसी से बल्लेबाजी क्रम मजबूत

हुआ है और अब इसमें एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, डेवाल्ड ब्रेविस, जुबैर हम्जा और रयान रिकेल्टन शामिल हैं। काइल वेरिन को विकेटकीपर नियुक्त किया गया है। टीम में तेज गेंदबाजी की कमान कगिसो रबाडा के हाथों में है, जबकि कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर और मार्को येंसन अन्य तेज गेंदबाजी के उपलब्ध मौजूद हैं। सीरीज का पहला टेस्ट 14 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीमः तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, रयान रिकेलटन, काइल वेरिन, डेवाल्ड ब्रेविस, जुबैर हमजा, टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर, मार्को येंसन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी, और साइमन हार्मर। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा, हमने पाकिस्तान के खिलाफ 2 मैचों की सीरीज में खेलने वाली टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। उन खिलाड़ियों ने असली जज्बा दिखाया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट नं. ---
ग्राम झलमला तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चेतन लाल साहू पिता श्री सखन लाल साहू जाति तेली विासी ग्राम दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम झलमला प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 155/2 रकबा 0.0168 हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 29/10/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 13/10/2025 को जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ई.पंजी./202510082200014
अ-6/वर्ष 2025-26

आवेदक कादिर अली पिता याकूब अली साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र.-16सी भूखण्ड क्र. 85 क्षेत्रफल 176.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में जैनब बेगम पति याकुब अली, कादिर अली, आबिद अली, साजिद अली, अकबरी, अफसरी, अहमदी, नसीमा, नजमा, सलमा, शबनम, आ. याकूब अली साकिन कवर्धा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। मूल सह धारकों द्वारा आवेदक के पक्ष में पंजीकृत हकत्यागनामा दिनांक 03.10.2025 निष्पादित किए जाने से सह धारकों का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 24/11/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 24/10/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 24/10/2025
पेशी दिनांक 24/11/2025

सील

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट नं. ---
ग्राम बालोद तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती योगेश्वरी ठाकुर पति श्री कौशल कुमार ठाकुर निवासी ग्राम आवासपारा इंदौरी कवर्धा तहसील व जिला कवर्धा (छ.ग.) द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 94/14 रकबा 0.0161 हे. कुल खसरा नं. 1 कुल रकबा 0.0161 हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 13/11/2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 24/10/2025 को जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

पेरिस मास्टर्स फ्रिट्ज ने वुकिक को हराया

पेरिस। पेरिस मास्टर्स में टेलर फ्रिट्ज ने ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर वुकिक को 7-6(4), 6-2 से शिकस्त दी। 96 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत के साथ फ्रिट्ज ने एटीपी फाइनल के दावेदारों में बढ़त बनाए रखी है। पिछले साल के यूएस ओपन फाइनलिस्ट टेलर फ्रिट्ज इस सीजन में विंबलडन सेमीफाइनल और यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे। उन्हें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के खिलाफ किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। टेलर फ्रिट्ज ने बेहतर सर्विस करने के साथ बेहतर रिटर्न किए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट नं. ---
ग्राम झलमला तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हेमंत कुमार पिता श्री सखन लाल अन्य 01 जाति तेली निवासी ग्राम दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम झलमला प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 156/2 रकबा 0.0289 हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 29/10/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 13/10/2025 को जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

RASTOGI COLLEGE OF NURSING
MODEL TOWN, NEHRU NAGAR, BHILAI, DURG (C.G.)
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Nava Raipur
Application are invited for following posts under Statue - 16

S. No.	Name of the Post	No. of Post	Qualification and Experience As per INC Norms
01	Professor cum Principal	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc. (N), Ph.D.(N) having total 15 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years after M.Sc.(N) in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable
02	Professor cum Vice - Principal	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D.(N) is desirable
03	Professor	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D.(N) is desirable
04	Associate Professor / Reader	02	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- Total 08 years experience with M.Sc.(N) including 05 years teaching experience. Ph.D.(N) is desirable
05	Assistant Professor / Lecturer	05	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) with total 03 years teaching experience. Ph.D.(N) is desirable

Other Terms & Conditions:-
1. Experience : As per Council Norms
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

Selection Criteria:- Selection will be decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publications in various national / international journals.
* Paper presentation in conferences.
* Total No. of conferences attended.

Last date of receipt of Application:- Within 15 Days from the date of publication of advertisement.

BHARAT INSTITUTE OF NURSING
NEAR DAYANAND PUBLIC SCHOOL, KOSAWADI, KORBA (C.G.)
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Nava Raipur
Application are invited for following posts under Statue - 16

S. No.	Name of the Post	No. of Post	Qualification and Experience As per INC Norms
01	Professor cum Principal	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N), Ph.D.(N) having total 15 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years after M.Sc.(N) in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable
02	Professor cum Vice - Principal	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D.(N) is desirable
03	Professor	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D.(N) is desirable
04	Associate Professor / Reader	02	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- Total 08 years experience with M.Sc.(N) including 05 years teaching experience. Ph.D.(N) is desirable
05	Assistant Professor / Lecturer	03	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) with total 03 years teaching experience. Ph.D.(N) is desirable

Other Terms & Conditions:-
1. Experience : As per Council Norms
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

Selection Criteria:- Selection will be decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate invarious field like-
* Number of paper publications in various national / international journals.
* Paper presentation in conferences.
* Total No. of conferences attended.

Last date of receipt of Application:- Within 15 Days from the date of publication of advertisement.

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल रायपुर (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 28.10.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु आनलाईन निविदा ''**डी**'' **श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 14.11.2025 तक है।

एन.आईटी. क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 35 Tender No. 178169	Special Repair Work of Various Old Bridges in Durg District Under P.W.D. Bridge Construction Sub.Division Durg.	रु. 42.37 लाख
NIT NO. 36 Tender No. 178170	Special Repair Work of Various Old Bridges in Khairagarh-Chhuikhdan-Gandai District Under P.W.D. Bridge Construction Sub-Division Rajnandgaon.	रु. 42.37 लाख
NIT NO. 37 Tender No. 178171	Special Repair Work of Various Old Bridges in Balod District Under P.W.D. Bridge Construction Sub- Division- Durg	रु. 42.37 लाख
NIT NO. 38 Tender No. 178173	Special Repair Work of Various Old Bridges in Rajnandgaon District Under P.W.D. Bridge Construction Sub. Division Rajnandgaon.	रु. 42.37 लाख
NIT NO. 39 Tender No. 178174	Special Repair Work of Various Old Bridges in Mohla-Manpur-Ambagarh-Chowki District Under P.W.D. Bridge Construction Sub-Division Rajnandgaon.	रु. 42.37 लाख
NIT NO. 40 Tender No. 178175	Special Repair Work of Various Old Bridges in Bemetara District Under P.W.D. Bridge Construction Sub-Division Kawardha.	रु. 42.37 लाख
NIT NO. 41 Tender No. 178176	Special Repair Work of Various Old Bridges in Kawardha District P.W.D. Bridge Construction Sub-Division Kawardha.	रु. 42.37 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रु. 100.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र एवं न्यूनतम राशि रु. 10.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम्प पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धतता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 के संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल,
रायपुर (छ.ग.)

जी-252604409/4

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

न्यूज गैलरी

1 से 5 नवंबर तक विवेकानंद एयरपोर्ट हाई अलर्ट पर

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की वजह से एक से पांच नवंबर तक माना एयरपोर्ट क्षेत्र हाईअलर्ट पर रहेगा। साथ ही माना एयरपोर्ट में एक से पांच नवंबर तक विजिटर्स की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। एयरपोर्ट में घरेलू यात्री उड़ानें अपने निर्धारित समय पर चलेगी। राज्योत्सव का इफेक्ट इस तरह है कि राजधानी के प्रमुख स्टार होटलों में बुकिंग लगातार बढ़ रही है, वहीं विमानों का किराया भी बढ़ चुका है। रायपुर से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता के साथ-साथ भोपाल, इंदौर, पुणे, हैदराबाद सहित अन्य शहरों के लिए हवाई उड़ानों के किराए में इजाफा देखा गया है। राज्योत्सव के पांच दिनों में प्रदेश के अलग-अलग व्यवसायिक क्षेत्र में 100 करोड़ के करीब व्यवसाय होने की उमीद है। नवा रायपुर के मे-फेयर रिसोर्ट के कई कमरों को वीवीआईपी के लिए आरक्षित रखा गया है। छत्तीसगढ़ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के संरक्षक परमजीत खनूजा के मुताबिक राज्योत्सव में होटल-रेस्टोरेंट सेक्टर में बेहतर व्यवसाय होने की उमीद है।

ग्रीष्मकाल में धान की फसल नहीं लेने का संकल्प

रायपुर/ नवप्रदेश। जिला प्रशासन और कृषि विभाग बेमेतरा द्वारा जिले के किसानों को गीष्मकालीन फसल धान न लेकर इसके स्थान पर मूंग, उड़द, चना, मक्का, सूरजमुखी, सब्जियाँ, तरबूज, खरबूजा जैसी फसलें लेने की अपील सार्थक साबित हो रही है। दरअसल बात यह है कि यहां के किसानों ने जिला प्रशासन की अपील पर ग्रीष्मकालीन धान न लेने का निर्णय लिया हैं। जिले के किसानों द्वारा कम पानी में उपजने वाली वैकल्पिक फसलें अपनाने का निर्णय जल संरक्षण और कृषि की दीर्घकालिक स्थिरता की दिशा में एक अभिनव एवं सराहनीय पहल है। बेमेतरा का यह कदम न केवल जल संरक्षण बल्कि सतत कृषि विकास की दिशा में भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बन रहा है। गौरतलब है कि ग्रीष्मकालीन धान की फसल को औसतन 100 से.मी. पानी की आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति मुख्य रूप से भूमिगत जल से की जाती है। एक किलोग्राम धान उत्पादन के लिए लगभग 2500 से 3000 लीटर पानी की जरूरत होती है। वृहद क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की खेती के कारण जिले के कई ग्रामों में पीने के पानी तक की किल्लत उत्पन्न हो जाती है। सैकड़ों हैंडपंप और ट्यूबवेल सूख गए, जिससे ग्रामीणों को जल संकट का सामना करना पड़ता है।

भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एंड रॉड मिल ने रचा एकदिवसीय उत्पादन का नया कीर्तिमान

रायपुर/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल ने उत्कृष्ट उत्पादन करते हुए 26 अक्टूबर 2025 को चुनौतीपूर्ण 10 मिलीमीटर टीएमटी बार श्रेणी में 2598 टन (1261 बिलेट्स) का रिकॉर्ड उत्पादन कर नया दिवस कीर्तिमान स्थापित किया। इस उपलब्धि के साथ ही बीआरएम ने 21 सितंबर 2024 को दर्ज 2590 टन (1259 बिलेट्स) के रिकॉर्ड को पार किया।
इस उपलब्धि पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र तथा कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने बीआरएम बिरादरी को बधाई दी और टीम को नये लक्ष्यों की ओर अग्रसर होने और आगे भी नयी उपलब्धियाँ अर्जित करने के लिए संकल्पित किया।
इस उल्लेखनीय सफलता पर विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक (बीआरएम) योगेश शास्त्री ने टीम बीआरएम को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और अपनी शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संचालन से लेकर प्रबंधन तक पूरे कार्यबल के समर्पण और मेहनत का परिणाम है।

बुलंद हौसलों के साथ आगे बढ़ने वालों को मिलती है सफलता : अरुण साव

तीन दिनों तक नृत्य, संगीत, साहित्य, थिएटर और फाइन आर्ट्स में युवा अपने हुनर का करेंगे प्रदर्शन

रायपुर/ नवप्रदेश। युवा अपने लिए दिशा निर्धारित करें, मंजिल निर्धारित कर खुद को सीमाओं में न बांधे। उड़ने के लिए सारा आकाश खुला है। अपने जीवन और करियर में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने का प्रयास करें। बुलंद हौसलों के साथ आगे बढ़ने वालों को ही सफलता मिलती है। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव का शुभारंभ करते हुए ये बातें कहीं। 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित इस तीन दिवसीय युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध कॉलेजों के 953 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। वे अगले तीन दिनों तक नृत्य, संगीत, साहित्य, थिएटर और फाइन आर्ट्स में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव के शुभारंभ समारोह में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का शिक्षा का बड़ा केंद्र रहा है। एक समय पूरा छत्तीसगढ़ इसका कार्यक्षेत्र हुआ करता था। यहां पढ़े अनेक लोग देश-विदेश में प्रतिष्ठित पदों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है और देश की उम्मीदें नवजवानों से है। इस युवा उत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं आपकी सांस्कृतिक, साहित्यिक और कलात्मक प्रतिभाओं को परिष्कृत करेंगी। युवा उत्सव का यह मंच आपकी प्रतिभा को निखारेंगी। उन्होंने महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को आह्वान करते हुए कहा कि यहां आप अपनी प्रतिभा का शत-प्रतिशत प्रदर्शन करें, परिणाम की चिंता न करें।

युवा उत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को छात्र कल्याण के अधिष्ठाता एवं आयोजन के समन्वयक प्रो. राजीव चौधरी और कुल सचिव प्रो. अम्बर व्यास ने भी संबोधित किया। कुल अनुशासक (प्रॉक्टर) प्रो. ए.के. श्रीवास्तव और सह-प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमेटी सहित विश्वविद्यालय तथा विभिन्न कॉलेजों से अपनी टीम लेकर आए प्राध्यापकगण, प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शुभारंभ कार्यक्रम में मौजूद थे।

विभिन्न कॉलेजों के 953 युवा ले रहे हिस्सा

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव में विभिन्न कॉलेजों के 953 युवा हिस्सेदारी कर रहे हैं। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में से गीत-संगीत में 177, नृत्य में 373, साहित्यिक आयोजनों में 82, फाइन आर्ट्स में 107 और थिएटर में 204 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

विवि को ए-प्लस ग्रेड मिलना पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय अपने कैंपस और संबद्ध कॉलेजों में उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साल अगस्त माह में नैक (NAAC) के मूल्यांकन में विश्वविद्यालय को ए-प्लस ग्रेड मिला है जो कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्ययन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर भी जोर दिया जा रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप वर्ष 2023-24 से विश्वविद्यालय में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में इंटर्नशिप अनिवार्य किया गया है। पिछले ढाई वर्षों में यहां 16 नए रोजगारमूलक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने राज्य शासन के सहयोग से इनोवेशन एंड इन्क्युबेशन सेंटर भी स्थापित किया गया है। विगत ढाई वर्षों में विश्वविद्यालय के 32 प्राध्यापकों को विभिन्न एजेंसीज की शोध परियोजनाएं प्राप्त हुई हैं। प्रो. शुक्ला ने बताया कि अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी एसोसिएशन ऑफइंडियन यूनिवर्सिटिज द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में हिस्सेदारी करेंगे।

बालोद जिला में आयोजित राज्योत्सव समारोह में मुख्य अतिथि होंगे शिक्षा मंत्री गजेन्द्र

▶ **बालोद में 2 से 4 नवंबर तक सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में होगा भव्य आयोजन**

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बालोद जिले में 2 से 4 नवंबर तक राज्योत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालय बालोद स्थित स्वर्गीय सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में संपन्न होगा। राज्योत्सव के इस अवसर पर प्रदेश के स्कूली शिक्षा, विधि-विधायी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके आगमन से कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि होगी। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, सामाजिक संगठन, छात्र-छात्राएँ और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहेंगे।

प्रदर्शित होगी जिले की उपलब्धियाँ और सांस्कृतिक धरोहर

राज्योत्सव समारोह के दौरान तीन दिनों तक विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक लोकनृत्य, हस्तशिल्प प्रदर्शनियाँ और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। जिले की शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक उपलब्धियों को दर्शाने वाले प्रदर्शनी स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र होंगे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति का जीवंत चित्रण करेंगी। राज्योत्सव की तैयारियाँ जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। मंच, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए विशेष दल बनाए गए हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर छत्तीसगढ़ राज्य की गौरवमयी यात्रा का उत्सव मनाएँ।

डबल इंजन की सरकार से संवर रहा छत्तीसगढ़

मोदी की गारंटी को मूर्त रूप दे रही विष्णु देव सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। विष्णु देव सरकार ने मोदी की गारंटी और भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को मुर्त रूप दिया है। इसके तहत पीएम किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना तथा आवास योजना को सफल बनाने का सपना साकार किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के तहत पीएम आवास योजना को साकार करने के लिए जमीनी स्तर पर जानकारी ली तथा कई दोषी अधिकारियों को दण्डित किया है। गत दिनों केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ का कोटा बढ़ा दिया है, जिसके तहत 26 लाख परिवार का पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। किसानों को समर्थन मूल्य पर धान की राशि दी जाती है, लेकिन बोनस के रूप में किसान सम्मान निधि के लिए 10 करोड़ रूपए दिया गया है। राज्य में डबल इंजन की सरकार आते ही विकास कार्य चौतरफा हो रहे हैं। केन्द्र में मोदी सरकार आते ही राज्य के हितों का ध्यान रखा जा रहा है।
47,000 करोड़ की लागत से रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन, जल जीवन मिशन के तहत 40 लाख से अधिक परिवारों को स्वच्छ पेयजल, पीएम आवास योजना से 26 लाख परिवारों का पक्के घर का सपना साकार, पीएम जनमन योजना से 59 हजार परिवारों को मिल रहा लाभ, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान से 6,691 ग्राम लाभान्वित हुए, 40,000 करोड़ से अधिक की लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास, महतारी वंदन योजना से 69 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में पहुँचे 12,376 करोड़ रूपए, पीएम किसान सम्मान निधि से 25.47 लाख किसानों के खातों में पहुँचे 9,765 करोड़ रूपए पहुंचाए गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास हो रहा है।

शिक्षा विभाग में अब भी 'बाबू राज' कायम!

▶ **नशे में धुत्त बाबू संभाल रहा परीक्षा कार्य**

जिला शिक्षा अधिकारी का दफ्तर भगवान भरोसे

रामानुजगंज/नवप्रदेश। जिले का शिक्षा विभाग इन दिनों 'बाबू राज' की गिरफ्त में है। जिला शिक्षा अधिकारी के दफ्तर में फाइलों से ज्यादा बाबुओं का रौब चलता है। अधिकारी बदलते रहते हैं, लेकिन यहां की व्यवस्था बाबुओं की मर्ज़ी पर ही टिकी है।

यहां के बाबू खुलेआम कहते हैं — 'मैं काम करूं या ना करूं, ये मेरी मर्जी!'

दूरदराज़ से आने वाले आम नागरिकों को फाइल आगे बढ़वाने के लिए कई-कई बार ऑफिस के चक्कर काटने पड़ते हैं, जबकि बाबू साहब अपनी सहूलियत से आते-जाते हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि परीक्षा संबंधी कार्य देखने वाला बाबू अक्सर शराब के नशे में धुत्त पाया जाता है। ऑफिस में मिल जाए तो उसके मुंह से शराब की बदबू साफ महसूस होती है, और अगर न मिले तो 'छुट्टी पर' बताकर टरका दिया जाता है।

जानकार बताते हैं कि इस सब की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भी है, मगर विभागीय अफसर कार्यप्रणाली सुधारने के बजाय अपनी कुर्सी बचाने की जुगत में लगे हुए हैं।

अब सवाल यह उठता है कि — क्या शिक्षा विभाग इस 'बाबू राज' से मुक्त हो पाएगा? क्या नशे में डूबे बाबू पर विभागीय कार्रवाई होगी? या फिर यह दफ्तर यूं ही भगवान भरोसे चलता रहेगा...

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी मनीराम यादव का वक्तव्य लेने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर कई बार संपर्क किया गया परंतु उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

अवैध नल कनेक्शन किए गए विच्छेदित

नगर पंचायत में संपत्ति कर वसूली अभियान शुरू

पांडातराई/ नवप्रदेश। नगर पंचायत पांडातराई में राजस्व वसूली लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विशेष संपत्ति कर वसूली अभियान की शुरुआत की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में नगर पंचायत का अमला दल बनाकर वार्ड क्रमांक 01 से अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान टीम द्वारा बकायादारों से संपत्ति कर की वसूली की गई तथा कई अवैध नल कनेक्शनों का विच्छेदन किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में राजस्व वसूली लक्ष्य की पूर्ति को लेकर यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। आगे आने वाले दिनों में नगर के सभी वार्डों में इसी प्रकार की कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि बकायादारों को पहले ही नोटिस जारी किए गए हैं, बावजूद इसके जिन्होंने कर जमा नहीं किया है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं आगे आकर समय पर अपना संपत्ति कर एवं अन्य राजस्व का भुगतान करें, ताकि विकास कार्यों में बाधा न आए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकायेदारों के प्रति अब सख्ती बरती जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राज्यस्तरीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता

खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर तीन गोल्ड व दो सिल्वर मैडल किए हासिल

▶ **सतेंद्र राम को मिले तीन गोल्ड मैडल, राष्ट्रीय दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का करेंगे प्रतिनिधित्व**

रायपुर/ नवप्रदेश। बिलासपुर में आयोजित 12 वीं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में जशपुर जिले के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड एवं दो सिल्वर मैडल प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में तैराक सतेंद्र राम ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया और तीन गोल्ड मैडल हासिल किए। वहीं गोस्वामी पैंकरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दो सिल्वर मैडल प्राप्त किए। सतेंद्र राम हैदराबाद में 15 नवंबर से 18 नवंबर 2025 तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भारतमाला परियोजना घोटाला : तीन पटवारी गिरफ्तारी

रायपुर/ नवप्रदेश। भारतमाला परियोजना घोटाले में संलिप्त तीन पटवारियों बसंती धृतलहरे, लेखराम देवांगन और दीपक देव को ईओडब्ल्यू-एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को ही इन तीनों पटवारियों की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी।

भारतमाला परियोजना घोटाला मामले में 43 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद ईओडब्ल्यू-एसीबी इस मामले की जांच कर रही है। इस पूरे मामले में तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत आधा दर्जन से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफप्रकरण दर्ज किया गया है। इन सभी ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।

श्री रामलला एवं काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन के लिए जांजगीर जिले से श्रद्धालुओं का दल रवाना

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में भगवान श्री रामलला तथा भगवान काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन कराने हेतु संचालित श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के अंतर्गत आज जांजगीर चांपा जिले से श्रद्धालुओं का दल रवाना हुआ। इस योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा, दर्शन, आवास, भोजन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजनांतर्गत आज खोखरा से जिले के कुल 187 श्रद्धालुओं को लेकर बस अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुईं। यह बस जिले के श्रद्धालुओं को बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक ले जाएगी, जहाँ से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया जाएगा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष जांजगीर-नैला रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत सदस्य उमा राजेन्द्र राठौर, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, नगर पालिका जांजगीर-नैला उपाध्यक्ष मोहन यादव, पार्षदगण सहित जनप्रतिधियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी जनप्रतिनिधियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की सराहना की एवं यात्रियों को तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर शुभकामनाओं सहित रवाना किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com